जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

बीकानेर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 46 संख्याः 107 प्रभात बीकानेर, शुक्रवार 8 नवम्बर, 2024 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रू.

## डैमोक्रेटिक पार्टी के चुनाव विशेषज्ञ अभी भी ढूंढ रहे हैं कमला हैरिस कैसे हारीं!

### एक बड़ा कारण यह बताया जा रहा है, कि डैमोक्रेटिक पार्टी बड़े-बड़े मुद्दों पर ही (क्लाइमेट चेंज, हेल्थ केयर, सामाजिक न्याय) बात करती रही

- सुकुमार साह -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। अमेरिका के राष्ट्रपति पद का चुनाव हो चुका है, निर्णायक जनादेश के साथ चुनाव जीतकर ट्रम्प राष्ट्रपति चुन लिए गए हैं। डैमोक्रेटिक चुनाव नीतिकार हैरान और परेशान हैं क्योंकि उन्हें ऐसे व्यक्ति से मात मिली है जो नियमों को नहीं मानता और वर्ष 2020 में पद से हटने के बाद उस पर कई आरोप लगे हैं, उसके बाद भी वह बेपरवाह है।

राजनैतिक पर्यवेक्षक और विश्लेषक अब यह जानने में लगे हैं कहां गलती हुई और आखिर वोटर्स को अपने पक्ष में करने में ट्रम्प को सफलता मिली कैसे।

एक समग्र धारणा यह है कि डैमोक्रेटिक पार्टी वर्किंग क्लास और ग्रामीण वर्ग से जुड़े आर्थिक और सामाजिक मुद्दों से पूरी तरह बेखबर रही डैमोक्रेटिक पार्टी ने सारा फोकस प्रोग्रेसिव मसलों पर रखा जैसे जलवायु परिवर्तन, चिकित्सा सुधार और सामाजिक न्याय। ये मुद्दे वोटर्स से सीधे जुड़े हुए नहीं होते हैं जबकि वोटर्स की चिंता हैं रोजगार और बढ़ती महंगाई।

- **ऐसा लगा कि वोटर को रोजमर्रा के इशू, जिनसे आम आदमी का सीधा ताल्लुक है, जैसे, रोजगार की सिक्युरिटी, बढ़ती मंहगाई, के ऊपर डैमोक्रेटिक पार्टी का ज्यादा ध्यान नहीं था।**
- **यह भी छवि बनी कि डेमोक्रैटिक पार्टी का नेतृत्व संभ्रान्त व कुलीन लोगों के हाथ में है, जैसे मीडिया वाले, वी.वी.आई.पी., जिनसे आम आदमी जुड़ नहीं पाता है।**
- **ट्रम्प के नारे, सीधे व स्पष्ट थे, जैसे ''अमेरिका फर्स्ट'', जबकि डेमोक्रैटिक पार्टी के नारे जटिल नीतिगत तर्क आधारित बहस पर आधारित और लम्बे होते थे।**
- **इसी प्रकार ट्रम्प सीधी बात कहते थे, कि ''अमेरिका में रोजगार'' वापस लायेंगे, तथा टैक्स घटायेंगे। जबकि डेमोक्रैटिक पार्टी ''इकोनॉमिक इक्वॉलिटी'' लाने की बात करती थी, पर यह नहीं समझा पायी, सीधे साफ शब्दों में कि उनकी इकोनॉमिक नीतियां यह ''इकोनॉमिक इक्वॉलिटी'' कैसे लायेंगी।**
- **इसी प्रकार ''ट्रम्प'' अपराध के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की बात करते थे (टफ ऑन क्राइम) पर डेमोक्रैटिक पार्टी क्राइम, सीमा सुरक्षा पर कन्फ्यूज़न की स्थिति में थी।**

एक बात यह भी कही जा रही है कि डैमोक्रेटिक पार्टी का नेतृत्व अभिजात्य वर्ग के पास है, जिसमें टैक्नॉलजी और मीडिया से जुड़े लोग हैं, जिसकी वजह से कुछ वोटर्स का इस पार्टी से अलगाव हो गया। ट्रम्प ने इस क्षेत्र में बहुत असरदार तरीके से कदम जमाए। उन्होंने खुद को इस व्यवस्था के खिलाफ खड़ा बाहरी व्यक्ति बताया। इस संदेश ने उन लोगों को सीधे तौर पर प्रभावित किया जो राजनैतिक और सांस्कृतिक अभिजात्य वर्ग द्वारा उपेक्षित महसूस करते हैं।

इसके अलावा ट्रम्प का बोलने का तरीका बेहद सरल और आक्रामक है, वे वोटर्स से सीधे संवाद करते हैं। यह बात उन लोगों को काफी पसंद आयी जो राजनीति से निराश हो गए हैं। उन्होंने अपने भाषण में डैमोक्रेट्स को ''एंटी अमेरिकन'' परम्परावादी साबित करने का प्रयास किया, कुछ वोटर्स इससे भी प्रभावित हुए। उनके नारे ''अमेरिका फर्स्ट'' का असर डैमोक्रेट्स की जटिल नीतिगत चर्चा से ज्यादा देखा गया और ज्यादा दूर तक गया।

ट्रम्प का अप्रोच मुख्यधारा के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'फड़नवीस को सोच समझ कर बोलना चाहिए'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। कांग्रेस महासिचव जयराम रमेश ने गुरूवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेन्द्र फड़नवीस की खिल्ली ड़ाई और कहा कि देवेन्द्र फड़नवीस हताश हो रहे हैं इसीलिए उन्होंने राहुल गांधी पर आरोप लगाया है वे शहरी नक्सलियों का समर्थन पाने के लिए लाल किताब दिखा रहे हैं।

- **जयराम रमेश ने, देवेन्द्र फड़नवीस द्वारा राहुल के हाथ में मौजूद लाल किताब को ''अरबन नक्सल'' को रिझाने की कोशिश बताने पर टिप्पणी करते हुए कहा कि लाल किताब देश का संविधान है।**

जयराम रमेश ने कहा कि फड़नवीस जिस किताब पर आपत्ति जता रहे हैं वह भारत का संविधान है जिसके मुख्य शिल्पकार डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर थे। यह भारत का वहीं संविधान है जिसका 1949 में संघ ने यह कह कर विरोध किया था कि यह मनुस्मृति पर आधारित नहीं है। यह वही संविधान है जिसे नॉन बायोलजिकल प्रधानमंत्री बदलने चाहते है।

रमेश ने कहा जहां तक लाल किताब का सवाल है तो फड़नवीस को पता होना

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राहुल गाँधी के समारोह में खाली पन्नों वाली संविधान की प्रतियां बांटी गईं?

### भाजपा ने आरोप लगाया कि ब्लैंक पेजों वाला संविधान इस बात का सबूत हैं, कि कांग्रेस संविधान में विश्वास नहीं रखती

-श्री नन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। नागपुर में राहुल गांधी के कार्यक्रम में संविधान की जो प्रतियाँ बांटी गई, क्या उनमें कुछ पन्ने खाली थे? यह प्रश्न महाराष्ट्र में भारी वाद-विवाद का विषय बन गया है, जहाँ कुछ ही समय बाद विधानसभा चुनाव होने वाले है।

- **कांग्रेस ने जवाब में कहा, समारोह में पत्रकारों व वी.वी.आई.पी. दर्शकों में राइटिंग पैड बांटे गये थे, तथा भाजपा बिना कुछ सोचे समझे, बात का बतंगड़ बना रही है, क्योंकि राहुल गांधी का नागपुर में आर.एस.एस. के गढ़ में आयोजित समारोह बहुत सफल रहा था तथा भाजपा समारोह की सफलता बर्दाश्त नहीं कर पा रही है।**

महाराष्ट्र भाजपा ने एक्स प्लैफॉर्म पर एक वीडियो अपलोड किया है, जिसमें कुछ किताबें दिखाई दे रही है और जिनके मुखपृष्ठ पर ''कॉन्स्टिट्यूशन ऑफ इण्डिया'' लिखा हुआ है और किताब के अंदर संविधान की प्रस्तावना के अलावा सभी पन्ने खाली हैं। महाराष्ट्र भाजपा ने कहा, ''कांग्रेस संविधान को मिटा देना चाहती है। वो डा. बी.आर. अंबेडकर द्वारा तैयार किए गए सभी कानून और धाराएं हटा देना चाहते हैं। इसीलिए राहुल गांधी ने हाल ही में आरक्षण समाप्त करने की बात कहीं थी।''

भाजपा ने आगे कहा, ''याद रखिये, संविधान और आदरणीय बाला साहेब अंबेडकर केवल चुनावी मुद्दे नहीं है ये भारत की तथा प्रत्येक भारतीय के जीवन की नींव हैं। इसलिए जनता संविधान विरोधी कांग्रेस को सबक सिखाएगी।''

जवाबी हमले में कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वो नागपुर में राहुल गांधी के कार्यक्रम से डर गए हैं इसलिए झूठ फैला रहे हैं। कांग्रेस नेता विजय वादेत्तिस्वर ने कहा, जो लोग ''संविधान सम्मान सम्मेलन'' में शामिल हुए उन्हें एक नोट पैड दिया गया था और ओछे आरोप लगाना, भाजपा में बुद्धिमत्ता की कमी को दर्शाता हैं।''

इस बीच, भाजपा ने भी लाल रंग की संविधान की एक प्रति, जिसे राहुल हाथ में लिए हुए थे, को लेकर भी राजनीतिक लाभ कमाने का प्रयास किया। उप मुख्यमंत्री तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता, देवेन्द्र फड़नविस ने पूछा, ''भारत के संविधान की लाल प्रति दिखाकर राहुल गांधी क्या संदेश देना चाहते हैं?''

उन्होंने आगे कहा, ''दो दिन पहले, शहरी नक्सलियों के प्रति झुकाव को लेकर राहुल गांधी पर मैंने जो आरोप लगाए थे वो सच साबित हुए हैं। उन्होंने लाल किताब दिखाई और शहरी नक्सलियों व अराजकतावादियों से राजनीतिक मदद लेने की कोशिश की।''

भाजपा पर पलटवार करते हुए, महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सुप्रीम कोर्ट ने जेट एयरवेज़ को बेचने की अनुमति दी

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा, सन् 2019 से बंद पड़ी इस एयरलाइन्स को बेच देने में सभी का हित है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। गुरूवार को सुप्रीम कोर्ट ने जैट एयरवेज़ का स्वामित्व यू.के. स्थित जालान कलरॉक कन्सोर्शियम को स्थानान्तरित करने के, नैशनल कम्पनी लॉ एपिलेट ट्रिब्युनल (एन.सी.एल.ए.टी.) आदेश को रद्द करते हुए, मृतप्राय एयरलाइन, जैट एयरवेज़ को बेचने के आदेश किए। अदालत ने कहा कि ऐसा करना ऋणदाताओं और एयरलाइन कर्मियों के हित में है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, एन.सी.एल.ए.टी. का आदेश, उच्चतम न्यायालय के जनवरी 2023 के आदेश का स्पष्ट अनादर है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि एन.सी.एल.ए.टी. ने जैट एयरवेज़ की रेजॉलूशन आवेदक जालान कलरॉक कंसोर्शियम से 350 करोड़ रुपए की इन्फ्यूज़न रिक्वायरमैंट में 150 करोड़ रुपए की परफॉरमैंस बैंक गारंटी (पी.बी.जी.) को एडजस्ट करने की अनुमति देकर, उच्चतम न्यायालय के जनवरी 2023 के आदेश की अवहेलना की है।

- **सुप्रीम कोर्ट ने नैशनल कम्पनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें एयरलाइन को ब्रिटेन के जालान कलरॉक कंसोर्शियम को दिए जाने का निर्देश दिया गया था।**
- **ट्रिब्यूनल के आदेश के खिलाफ, जैट एयरवेज़ को ऋण देने वालों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। ऋण दाताओं में सबसे प्रमुख है स्टेट बैंक ऑफ इंडिया।**
- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एयरलाइन्स के मुकदमे से भारत के इन्सॉल्वैंसी और बैंक्रप्सी कोड के सम्बंध में कई सबक निहित हैं तथा यह मुकदमा इसके लिए ''आई ओपनर'' की तरह है।**

नरेश गोयल की अध्यक्षता वाली एयरलाइन, जो किसी समय भारत की प्रमुख एयरलाइन थी, सन् 2019 से बंद पड़ी है। बाद में एन.सी.एल.ए.टी. ने जैट एयरवेज़ के मालिकाना अधिकार यू.के. के कलरॉक कैपिटल तथा संयुक्त

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पहली अमृत भारत ट्रेन राजस्थान से

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। ''वन्दे भारत'' रेलगाड़ियों के बाद, रेलवे इस वर्ष के अन्त तक ''अमृत भारत ट्रेन'' शुरू करने जा रहा है। इनकी शुरूआत राजस्थान से होगी। ये ट्रेन पहले चरण में 26 रूटों पर चलेंगी।

- **रेल्वे ने बताया कि अमृत भारत ट्रेन इस वर्ष के अंत तक शुरू हो जाएगी। पहली ट्रेन अजमेर से वाया जयपुर रांची जाएगी।**

यह ट्रेन पूरी तरह से नॉन-एयरकन्डीशन्ड होगी। इसमें स्लीपर तथा सेकंड क्लास में बैठने की व्यवस्था होगी। इन रेलगाड़ियों का पहला सैट अजमेर से रांची, वाया जयपुर तथा जोधपुर से गोरखपुर के लिए शुरू होगा।

आशा की जा रही है कि पहली अमृत भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री मोदी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सलमान रश्दी की किताब ''सटैनिक वर्सेज़'' के आयात पर लगा 36 साल पुराना प्रतिबंध हटा

### दिल्ली हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया, क्योंकि किताब को बैन करने वाली अधिसूचना गुम हो गई है

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। दिल्ली हाई कोर्ट ने सलमान रशदी की किताब सैटनिक वर्सेज़ के आयात पर लगा प्रतिबंध हटा दिया है क्योंकि प्रतिबंध की अधिसूचना खो गई है।

सन् 1988 में राजीव गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने मुस्लिम समुदाय के लोगों की शिकायत पर किताब के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था। मुस्लिम समुदाय को शिकायत थी कि पुस्तक में ईश निंदा की गई है।

हाई कोर्ट ने प्रतिबंध तब हटाया जब सैंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरैक्ट टैक्सेज ने कोर्ट से कहा किताब के आयात पर प्रतिबंध लगाने वाली 1988 की अधिसूचना नहीं मिल रही है।

चूंकि अधिकारी अधिसूचना पेश नहीं कर सके इसलिए जस्टिस रेखा पल्ली, और जस्टिस सौरभ बनर्जी की बैंच ने 5 नवम्बर को प्रतिबंध की वैधता की तह में जाने से इन्कार कर दिया।

- **कोर्ट ने यह आदेश संदीपन खान द्वारा 2019 में दायर याचिका पर दिया है। खान ने कोर्ट में कहा कि किताब पर बैन है इसलिए वो इसे मंगा नहीं सकता, पर बैन की अधिसूचना न तो अधिकारियों के पास है न ही सरकारी वैबसाइट पर उपलब्ध है।**
- **बताया जाता है कि जिस अधिकारी ने अधिसूचना बनाई थी उसने भी इसकी प्रति उपलब्ध कराने में असमर्थता व्यक्त की।**
- **ज्ञातव्य है कि, 1988 में राजीव गाँधी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने मुस्लिम समुदाय के लोगों की शिकायत पर इस किताब के आयात पर रोक लगा दी थी।**

कोर्ट ने कहा, इन हालात को देखते हुए हमारे पास यह मानने के अलावा कोई विकल्प नहीं है कि ऐसी कोई अधिसूचना है ही नहीं। इसलिए हम बैन की वैधता का परीक्षण नहीं कर सकते हैं इसलिए वैधता को चुनौती देने वाली याचिका रद्द की जाती है।

इस अधिसूचना को 2019 में संदीपन खान ने चुनौती दी थी।

उन्होंने कोर्ट से कहा था कि वे प्रतिबंध के कारण किताब नहीं मंगा पा रहे हैं, लेकिन प्रतिबंध की अधिसूचना ना तो अधिकारियों के पास है और ना ही विभाग की वेबसाइट पर है।

सूचना के अधिकार के अधिनियम के तहत खान को भेजे गए जवाब में गृह मंत्रालय ने कहा था कि किताब पर प्रतिबंध है।

कोर्ट द्वारा नोटिफिकेशन को ''अस्तित्व विहीन'' करार देने पर खान को पुस्तक मंगाने की अनुमति दे दी गई है।

बैंच ने कहा, याचिकाकर्ता अब किताब मंगवा सकता है। क्योंकि अब कानून के तहत पुस्तक उपलब्ध है।

हाई कोर्ट के निर्णय ने किताब के आयात पर लगा 36 साल पुराना प्रतिबंध खत्म कर दिया है। रोचक बात यह है कि जिस अधिकारी ने अधिसूचना तैयार की थी उसने भी इसकी प्रति प्रस्तुत करने में बेबसी जाहिर की।

केन्द्र सरकार ने भी इस केस से कदम पीछे हटा लिए। गृह मंत्रालय ने अपनी जगह कस्टम विभाग को उतार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सी.एम. का स्थाई हाजिरी माफी का प्रार्थना पत्र खारिज

जयपुर, 7 नवंबर। जिले के अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-4 ने गोपालगढ़ हिंसा प्रकरण की चल रही ट्रायल में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को स्थाई रूप से हाजिरी माफी देने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही,

- **गोपालगढ़ हिंसा प्रकरण में न्यायालय ने कहा कि अनुपस्थिति की परिस्थिति में हाजिरी माफी पेश की जा सकती है।**

अदालत ने इस संबंध में मुख्यमंत्री शर्मा की ओर से दायर प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है।

पीठासीन अधिकारी अनामिका सारण ने अपने आदेश में कहा कि अदालत ने भजनलाल शर्मा को अग्रिम जमानत देते समय यह शर्त लगाई थी कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'मैं बिज़नैस के नहीं बिज़नैस पर मोनॉपली के खिलाफ हूँ'

### राहुल गाँधी खुद पर लगा ''एन्टी बिज़नैस'' तमगा हटाने के लिए सक्रिय हुए

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष, राहूल गांधी ने पार्टी के अन्दर तथा बाहर उन पर बिजनैस विरोधी होने का लेबल लगाने वाले उनके आलोचकों के बारे में वस्तुस्थिति को स्पष्ट करने के विशिष्ट प्रयास के अन्तर्गत आज कहा कि वे बिजनैस विरोधी नहीं, बल्कि एकाधिकार-विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि वे व्यवसाय के कुछ ही हाथों में केन्द्रित होने के खिलाफ हैं।

राहुल गांधी ने स्वयं की सोच एवं स्थिति को स्पष्ट करते हुये, स्वयं को ''रोजगार-समर्थक, व्यवसाय-समर्थक, नवाचार-समर्थक (प्रो-इनोवेशन) तथा प्रतिस्पर्धा-समर्थक'' बताया।

''एक्स'' पर डाले गये एक वीडियो में, राहुल गांधी ने जोर देते हुये कहा कि भाजपा उन्हें एक बिज़नैस-विरोधी नेता के रूप में प्रोजेक्ट करना चाहती है। उन्होंने कहा कि वे ''बिज़नैस पर दो या पाँच लोगों के आधिपत्य के विरोधी'' हैं।

राहुल गांधी ने कहा, ''मैं एक चीज बिलकुल साफ कर देना चाहता हूँ, मुझे भाजपा के मेरे विरोधियों द्वारा व्यवसाय-विरोधी (नेता) के रूप में प्रोजेक्ट किया गया है। मैं बिज़नैस-विरोधी बिल्कुल भी नहीं हूँ, मैं एकाधिकार-विरोधी हूँ, मैं बिज़नैस कुछ ही हाथों में केन्द्रित रहने की स्थिति पैदा किये जाने का विरोधी हूँ, मैं बिज़नैस पर एक, दो या पाँच लोगों के दबदबे का विरोधी हूँ।''

राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने अपना प्रोफेशनल कैरियर एक मैनेजमेंट कन्सल्टैंट के रूप में शुरू किया था तथा वे सफल व्यवसाय की जरूरतों को समझते हैं।

- **राहुल गाँधी द्वारा बार-बार अडानी व अन्य बड़े औद्योगिक घरानों का विरोध करने से उनकी छवि बिज़नैस विरोधी की बन गई है जिससे कांग्रेस को नुकसान हो रहा है।**
- **राहुल गाँधी ने कहा, बिज़नैस पर दो-पांच लोगों का कब्जा नहीं होना चाहिए।**
- **राहुल ने कहा, मैंने अपना करियर मैनेजमैंट कंसल्टैंट के रूप में शुरू किया और मैं बिज़नैस की आवश्यकता समझता हूँ।**
- **राहुल ने कहा जब सभी को बिज़नैस में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा तब ही अर्थव्यवस्था फलेगी-फूलेगी।**

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''हमारी अर्थव्यवस्था तभी फलेगी-फूलेगी, जब सभी व्यवसायों के लिये स्वतंत्र तथा निष्पक्ष गुंजाइश हों।''

राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उनकी सरकार पर आरोप लगाते हुये कहते हैं कि वे किसानों के हितों पर कुछ उद्योगपतियों के एक चयनित ग्रुप को वरीयता देते हैं, उनका पक्ष लेते हैं। वे प्रायः केन्द्र सरकार को बिजनैस टाइकून गौतम अडानी से जोड़ते हैं।

राहुल गांधी की यह टिप्पणी उनके उस लेख के एक दिन बाद आई है, जो उन्होंने ''द इंडियन एक्सप्रेस'' में लिखा था। इस लेख में उन्होंने लिखा था कि मूल ईस्ट इंडिया कम्पनी तो लगभग 150 साल पहले चली गई, लेकिन जो अनुचित एवं अन्यायपूर्ण डर उसने पैदा किया था, वह एकाधिकारवादियों की नई नस्ल के रूप में वापस आ गया है।

उन्होंने कहा, ''उसने हमारी बैंकिंग, अफसरशाही तथा सूचना-नैटवर्क पर नियंत्रण कर लिया था। हमारी स्वतंत्रता किसी अन्य राष्ट्र ने नहीं छीनी थी, हमारी स्वतंत्रता एक एकाधिकारवादी कॉर्पोरेशन ने छीनी थी, जो बलप्रयोग एवं जोर-जबरदस्ती के तंत्र का संचालन करता था।''

राहुल गांधी ने लिखा कि उसका (ईस्ट इंडिया कम्पनी) स्थान एकाधिकारवादियों की एक नई नस्ल ने ले लिया है तथा इसने अपार धन इकट्ठा कर लिया है तथा भारत, इनके अलावा शेष सभी व्यक्तियों के लिये और ज्यादा गैरबराबरी वाला तथा पक्षपातपूर्ण देश बन गया है।

राहुल गांधी की यह प्रतिक्रिया उनके खिलाफ लगाये गये इन आरोपों और उन पर किये गये व्यंग्यों के बाद आई है कि राहुल व्यवसाय विरोधी हैं। राहुल के विरूद्ध ये आरोप और कटाक्ष, सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं तथा जन-मानस तथा धारणा को प्रभावित करने वाली हस्तियों, मीडियाकर्मियों, भाजपा नेताओं के एक वर्ग के साथ ही, उनकी अपनी पार्टी के कुछ नेताओं के बीच अनौपचारिक बातचीत का विषय बने रहते है जैसा कि काफी पहले, तब होता था, जब उन्हें ''पप्पू'' के रूप में प्रोजेक्ट किया गया था।

## राजस्थान की 23 हजार खानों पर सुनवाई आज

जयपुर, 7 नवंबर। सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश के 23 हजार खान लाइसेंसों के नियमित संचालन व इनमें काम करने वाले 15 लाख लोगों की नौकरियां बचाने वाली राज्य सरकार की सिविल अपील पर सुनवाई शुक्रवार को तय कर की है। मामले की तात्कालिक सुनवाई के लिए गुरुवार को ए.एस.जी. ऐश्वर्या भाटी व ए.ए.जी. शिवमंगल शर्मा ने सी.जे.आई. के समक्ष आग्रह किया था। जिस पर उन्होंने मामले की सुनवाई शुक्रवार को तय की।

- **सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार के तत्कालिक सुनवाई के आग्रह को मान शुक्रवार 8 नवम्बर की तिथि तय की।**

दरअसल, अपील में एन.जी.टी. के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसमें

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

CMYK

## विचार बिन्दु

असत्य फूस के ढेर की तरह है। सत्य की एक चिनगारी भी उसे भस्म कर देती है।

–हरिभाऊ उपाध्याय

# संविधान की उद्देशिका में जोड़े गये दो शब्द "समाजवादी" व "धर्मनिरपेक्ष" को हटाना आवश्यक नहीं है, उनके अर्थ को स्पष्ट करना पर्याप्त है

संविधान सभा का विधिवत कार्य दिनांक 9 दिसम्बर, 1946 से प्रारम्भ हुआ। कुछ दिन सत्र चलने के बाद नेहरूजी ने 13 दिसम्बर 1946 को ऐतिहासिक उद्देश्य प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव के प्रारूप में भारत के भावी प्रभुता सम्पन्न लोकतांत्रिक गणराज्य की रूपरेखा दी गई थी। इसमें एक संघीय राज्य व्यवस्था की परिकल्पना की गई थी। इसके अनुसार प्रभुता जनता के हाथों में दी थी। इस प्रस्ताव को दिनांक 22 जनवरी, 1947 को संविधान सभा ने स्वीकार किया। इस प्रकार भारत की जनता ने भारत के प्रभुत्व सम्पन्न लोकतांत्रिक गणराज्य का संविधान स्वीकार किया और अपने आपको अर्पित किया। दिनांक 26 जनवरी, 1950 से संविधान लागू हुआ। चूंकि हमारा संविधान एक लिखित दस्तावेज है तथा इसमें प्रत्येक अंग की शक्तियों तथा उसके कार्यों की परिभाषा है तथा सीमा निर्धारित है इसलिये संसद तथा उच्चतम न्यायालय दोनों अपने अपने कार्य क्षेत्रों में सर्वोच्च हैं। उच्चतम न्यायालय संसद द्वारा पारित किसी कानून को संविधान का उल्लंघन करने वाला करार देकर अवैध व अमान्य घोषित कर सकता है और संसद भी कतिपय प्रतिबंधों के साथ संविधान में संशोधन कर सकती है।

संविधान की उद्देशिका में समाविष्ट विभिन्न संकल्पनाओं तथा शब्दों से यह कहा जा सकता है कि संविधान की उद्देशिका में प्रयुक्त गरिमामय शब्द भारत के संविधान के सारांश, दर्शन, आदर्शों और उसकी आत्मा का निरूपण करते हैं। इसमें वर्णित कुछ ऐसी बुनियादी विशेषतायें हैं, उनके बाबत सुप्रीम कोर्ट ने यह पाया है कि जिन्हें अनुच्छेद 368 के अधीन संविधान के किसी संशोधन द्वारा भी बदला नहीं जा सकता। संवैधानिक संशोधन से उद्देशिका में कुछ शब्द, जैसे 'समजावादी' व 'धर्मनिरपेक्ष' जोडे गये हैं। इनके बाद विवाद सुप्रीम कोर्ट में जेरकार है कि क्या ऐसा संशोधन वैध है? संवैधानिक कानून के विद्वान सुभाष कश्यप का मानना है कि ये शब्द बहुत ही अस्पष्ट हैं और संविधान में इनकी सही सही परिभाषा न होने से हमारी राज्य व्यवस्था को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा है। इसलिये उचित यही है कि एक संविधान संशोधन के द्वारा इनकी परिभाषा कर दी जावे। (इसके विश्लेषण विवेचन के लिये देखिये कश्यपजी की पुस्तक "दि फ्रेमिंग ऑफ इण्डियाज कान्स्टीट्यूशन"।

माननीय सुप्रीम कोर्ट की खण्डपीठ जिसके न्यायाधीश संजीव खन्ना व न्यायाधीश संजय कुमार हैं, के समक्ष तीन याचिकायें पेन्डिंग हैं, जिन्हें पिटीशनर बलराम सिंह, डाक्टर सुब्रामण्यम स्वामी व अश्वनी कुमार एडवोकेट द्वारा दायर किया गया। इनके द्वारा पिटीशनर्स ने प्रियम्बल में किये गये संशोधन को चुनौती दी है। संशोधन द्वारा प्रियम्बल (उद्देशिका) में दो नये शब्द Socialist व Secular को जोड़ा गया था। तीनों पिटीशन्स के विवरण निम्न प्रकार हैं:–

1) बलराम सिंह बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया WP(C) NO. 643 OF 2020
2) डा. सुब्रामण्यम स्वामी बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया WP(C) NO. 1467 OF 2020
3) अश्वनी उपाध्याय बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया MA 835 OF 2024A

माननीय खण्डपीठ के समक्ष बलराम सिंह पिटीशनर के एडवोकेट विष्णुशंकर जैन की बहस थी कि डाक्टर अम्बेडकर का मत था कि शब्द Socialistic के जोड़े जाने से व्यक्ति की व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर विपरीत असर पडेग़ा। एडवोकेट अश्वनी उपाध्याय ने बहस में कहा कि भारत तो सदां से ही Secular रहा है। डाक्टर स्वामी ने अपनी बहस में कहा कि जो शब्द जोडे गये हैं Jes Arbitrary (विवेक शून्य) हैं। प्रियम्बल से यही निष्कर्ष निकलता है कि 26.11.1949 को ही भारत Socialistic Seculiar था।

विष्णुशंकर जैन एडवोकेट, अश्वनी उपाध्याय एडवोकेट और सुब्रामण्यम स्वामी की प्रारम्भिक बहस के समय जस्टिस खन्ना का Response (प्रतिक्रिया) थी कि उक्त संशोधन 1976 का है और जो शब्द जोडे गये हैं उन्हें Brackets के घेरे में दर्शाया है। जस्टिस खन्ना ने यह भी स्पष्ट किया कि "Unity" व "Integrity" शब्दों को भी वाद में संशोधन से जोडा गया था इस पर एडवोकेट ने अश्वनी कुमार से अपनी प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि इससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि Democratic शब्द जो प्रियम्बल में है उसे कभी भी हटाया जा सकता है इसका विपरीत असर होगा।

**संविधान निर्माता नहीं चाहते थे कि संविधान किसी विचार धारा या वाद विशेष से जुडा हो। इसलिये वे अन्य बातों के साथ साथ समाजवाद के किसी उल्लेख को सम्मिलित करने के लिये सहमत नहीं हुये। उन्होंने 'समाजवाद' शब्द की परिभाषा भी संविधान में नहीं की। संविधान विशेषज्ञ सुभाष कश्यप ने सही कहा है कि 'संविधान (45वें संशोधन) विधेयक में 'समाजवादी' की परिभाषा देने का प्रयास किया था, किन्तु ऐसा नहीं हुआ।**

उपरोक्त छोटे से प्रसंग से यह स्पष्ट है कि केस आसान नहीं है और समस्या के हल के लिये पूरी बहस की आवश्यकता है। केस में अब 18.11.2024 की तारीख नियत है। केस में कई संवैधानिक प्रश्न उठाये गये हैं। केस के पक्षकारों की प्लीडिंग्स के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर ढूँढा जायेगा :–

1) क्या उद्देशिका (Preamble) संविधान का एक भाग है?

2) क्या संविधान की उद्देशिका (Preamble) का संशोधन (Amendment) हो सकता है?

3) क्या उद्देशिका में दो शब्द Socialistic व Secular संशोधन द्वारा जोडे गये हैं, उनकी आवश्यकता थी?

4) क्या Secularism संविधान के बुनियादी विशेषता (Basic Structure) का भाग है?

5) क्या उद्देशिका में प्रयोग में लाये गये 'समाजवादी' व 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द स्वयं में अस्पष्ट हैं अत: संविधान संशोधन के द्वारा उनकी परिभाषा करने से समस्या का निदान हो सकता है?

प्रश्न बहुत हैं उलझे हुये भी हैं और संविधान के Interpretation से संबंध रखते हैं। भारत का संविधान अनेक दृष्टियों से अनूठा है। यह अनम्य तथा नम्य परिसंघीय तथा एकात्मक और अध्यक्षीय तथा संसदीय रूपों का समिश्रण है। बेरूवाडी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यह माना है कि उद्देशिका संविधान निर्माताओं के मन की कुंजी है। उद्देशिका संविधान की विशेषताओं का निचोड़ है। परन्तु न्यायमूर्ति गजेन्द्र गडकर ने कहा कि उद्देशिका संविधान का अंग नहीं है। गोलकनाथ के केस में जस्टिस हिदायतुल्लाह ने विचार व्यक्त किया कि वह संविधान की मूल आत्मा है, शाश्वत है, अपरिवर्तनीय है।

केशवानंद भारतीय के केस में बहुमत के न्यायाधीशों का मानना था कि उद्देशिका संविधान का अंग है। जस्टिस सीकरी ने माना कि उद्देशिका एक अंग ही नहीं है वह अत्यधिक महत्वपूर्ण भी है। उनका अभिमत था कि उद्देशिका में ऐसा संशोधन नहीं किया जा सकता जिससे उसके बुनियादी स्वरूप में परिवर्तन हो।

यह भी एक महत्वपूर्ण घटना ही है कि 42वें संविधान संशोधन अधिनियम से आपात स्थिति के समय 'समाजवाद' व 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द जोडे गये थे। साथ ही राष्ट्र की एकता शब्दों के स्थान पर राष्ट्र की एकता तथा अखण्डता कर दिये गये। इसका कारण यह था कि कानून निर्माताओं के अनुसार समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता (पंथ निरपेक्षता) और राष्ट्रीय एकता उद्देशिका में तथा मूल स्वरूप में निर्मित संविधान के शेष भागों में पहले ही से अन्तर्निहित थे। बोम्मई के केस में जस्टिस रामास्वामी ने कहा, उद्देशिका संविधान का अंग है। लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था, संघात्मक ढांचा, राष्ट्र की एकता और अखण्डता, धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद, सामाजिक न्याय तथा न्यायिक पुनरार्विलोकन संविधान के बुनियादी तत्वों में हैं।

उपरोक्त तीनों केसों की अपूर्ण बहस सुनने के समय माननीय खण्डपीठ सुप्रीम कोर्ट का मत (View) सम्भवत: उपरोक्त कथन के आधार पर रहा होगा। उनके विचारों में प्रतिबद्धता निम्नलिखित उद्दात्त मूल्यों के हेतु है, जिन्हें उद्देशिका में पढ़ा जा सकता है, समझाया जा सकता है:–

सम्प्रभुता, समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र, गणराज्यीय स्वरूप, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता तथा अखण्डता।

यहाँ विवाद दो शब्दों के उद्देशिका में जोडे जाने का है, वे हैं 'समाजवाद' व 'धर्मनिरपेक्षता'।

**समाजवाद:–** संविधान के निर्माताओं में कुछ जाने माने विलक्षण बुद्धि वाले व्यक्ति महान न्यायविद्, देशभक्त और स्वतंत्रता सेनानी थे। उद्देशिका में कहा गया है 'हम भारत के लोग भारत को एक प्रभुत्व सम्पन्न लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने के लिये तथा उसके समस्त नागरिकों को न्याय, स्वतंत्रता और समानता दिलाने और उन सब में बंधुता बढ़ाने के लिये दृढ़ संकल्प करते हैं। न्याय की परिभाषा सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के रूप में की गई है। स्वतंत्रता में विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता सम्मिलित हैं, और समानता का अर्थ है प्रतिष्ठा तथा अवसर की समानता"।

संविधान निर्माता नहीं चाहते थे कि संविधान किसी विचार धारा या वाद विशेष से जुडा हो। इसलिये वे अन्य बातों के साथ साथ समाजवाद के किसी उल्लेख को सम्मिलित करने के लिये सहमत नहीं हुये। उन्होंने 'समाजवाद' शब्द की परिभाषा भी संविधान में नहीं की। संविधान विशेषज्ञ सुभाष कश्यप ने सही कहा है कि 'संविधान (45वें संशोधन) विधेयक में 'समाजवादी' की परिभाषा देने का प्रयास किया था, किन्तु ऐसा नहीं हुआ।

**धर्मनिरपेक्षता:–** समाजवादी शब्द की तरह धर्मनिरपेक्षता शब्द भी उद्देशिका में नहीं था। इस शब्द को सर्व धर्म समभाव के अर्थ के रूप में समझने का प्रयास किया गया है। जस्टिस गजेन्द्र गड़कर ने धर्म निरपेक्षता की परिभाषा करते हुये यह माना है कि सभी नागरिकों को नागरिक के रूप में समान अधिकार प्राप्त हों। इस मामले में उनका पंथ या मजहब पूर्णतया अप्रासंगिक है वह सभी पंथों को समान स्वतंत्रता प्रदान करता है। वस्तुत: धर्मनिपरेक्ष राज्य के अधीन सभी नागरिकों के साथ एकसा व्यवहार होना चाहिये अर्थात् उनके धर्म के कारण उनके साथ भेदभाव न हो। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट ने कई केसेज में यह माना है कि सेक्यूलर शब्द बुनियादी विशेषता के रूप में पहले ही से विद्यमान है। अधिकांश न्यायाधीशों का मत है कि धर्मनिरपेक्ष शब्द को हटाने के स्थान पर, इस शब्द की परिभाषा संविधान संशोधन द्वारा कर दी जावे और व्यवस्था हो कि कोई भी दल राजनीतिक प्रयोजन हेतु धर्म का दुरूपयोग न कर पाये।

माननीय खण्डपीठ ने न्यायाधीशों ने केस की सुनवाई के समय जो Observation (प्रतिक्रिया) दी थी, जिसका उल्लेख ऊपर किया है उसी को अपने निर्णय का आधार माने, माननीय खण्डपीठ स्वयं ही दोनों शब्दों की परिभाषा कर दे अथवा यूनियन ऑफ इण्डिया को निर्देशन दिया जावे कि उचित संविधान संशोधन के द्वारा उनकी परिभाषा की जाने की प्रक्रिया अपनाई जावे। इस प्रकार न तो उपरोक्त प्रश्नों के निर्णय की और न पांच जजों की संविधान पीठ के गठन की आवश्यकता ही होगी।

भारत के लोगों की जय हो!

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# पुराने जमाने के जोकर, विलन बनाम आज के जनप्रतिनिधि



महावीर सिंह

छोटे कस्बे का एक आदमी बड़े शहर के एक व्यस्त चौराहे पर, पॉपुलर चाय की दुकान पर पहुंच गया। वहां 8,10 लोग, चाय की चुस्कियों के साथ, नए-पुराने हास्य अभिनेताओं के डायलॉग्स बोल कर ठहाके लगा रहे थे। जॉनी वाकर, महमूद, परेश रावल, असरानी, जसपाल भट्टी को खूब याद किया जा रहा था––"सुन बच्चे सुन, इस चम्मच में बड़े-बड़े गन से लेकर असरानी के"आधे इधर, आधे उधर, बाकी बचे वो मेरे पीछे––"पर लोग हंस-हंस कर लोटपोट हुए जा रहे थे। जसपाल भट्टि की जनप्रतिनिधि/एमएलए खरीदने-बेचने की दुकान की भी खूब चर्चा हुई। तभी एक बीच में बोल पड़ा, यह भी कोई हास्य कलाकार थे––यह सब तो हमारे आज के छोटे, बड़े से बड़े नेताओं के पासंग में भी नही आते।

अब देखो एक शहर की सरकार में विपक्ष नें पक्ष को चित कर दिया। जो पक्ष में थे उनको विपक्ष में लिया सो लिया पर गंगाजल से उन पर छिड़काव कर, उनका 100 प्रतिशत शुद्धिकरण करने के बाद ही लिया। यों ले लेते तो उनके सम्पर्क में आकर उनके वाले गंगाजल जैसे पवित्र प्रतिनिधि भी महिषासुर जैसे दुष्ट-पापी -कलुषित नहीं हो जाते। अब आगे आप किसी भी अपवित्र वस्तु, आदमी को गंगाजल की चार बूदों से पवित्र कर सकते हो।

एक मसखरा बीच में बोल पड़ा–देखो, गंगाजल तो हरिद्वार, गढ़गणेश या दूसरे धर्मस्थलों से लोग लाते है। हर जगह, हर समय प्रचुर मात्रा में नहीं मिलता। इसका विकल्प है गौमूत्र। लोकल लेवल पर ही खूब मिल जाएगा और दो बूंदे छिड़कने के बजाय ऐसे अपवित्र-भ्रष्ट जनप्रतिनिधियों को पूरा स्नान ही कराओ।

कुछ हंस लिए, 2,5 की भौवे भी तनी किन्तु तनातनी नहीं हुई। उनमें से एक कि व्यथा थी कि गौमूत्र से शुद्धिकरण पर कुछ नासमझ, अधर्मी, ग़ैरसनातनी लोग बड़ी भद्दी भद्दी, नाकाबिले बर्दास्त टिका टिप्पणीयां करते है। मेरा तो सुझाव है कि गोमूत्र की, जिस लैबोरेटरी ने तिरुपति बालाजी मंदिर में अशुद्ध-अपवित्र प्रसाद की जांच रिपोर्ट बनाई, वहां से केमिकल अनलेसिस रिपोर्ट मंगवाओ और जारी करो। उन्हें बताओ उसमें कौन-कौन से अमृत जैसे रसायन है। यह रिपोर्ट गैर सनातनियों के मुंह पर दे मारो, रोज रोज के झगड़े-टण्टे-तानाकसी सदा के लिए बंद हो। एक सज्जन बोल पड़ा कि उसने कोई 5-4 साल पहले सोशल मिडिया में पढा था कि गौमूत्र में स्वर्ण भी होता है।

बात गाय पर कुछ लंबी चली तो अब तक चुप एक धीर-गम्भीर गोलमटोल तोंद वाले सज्जन बोल पड़े– गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिलवाने के लिए यहां भी कुछ आन्दोलन सान्दोलन होना ही चाहिए। कुछ प्रदेशों की अत्यंत प्रगतिशील सनातनी सरकारों नें तो ऐसा कर भी दिया और अब दूसरों को भी देर-सवेर करना ही पड़ेगा। ओर देखो, जब ऊंट को राज्य पशु का दर्ज है तो गाय का तो उस से पहले हक बनता है ही––कहाँ ऊंट, कहाँ गाय जिस में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास है। एक सज्जन जरा जोर लगा कर बोला–देखे हैं क्या तुमने? दूसरा भी उतने ही जोर से बोला हाँ, कुछ दिन पहले ही एक जोतगी गाय लिए घूम रहा था, उस पर हजारों की संख्या में छापे हुए थे। बात चलते-चलते गायों की बॉर्डर पर तस्करी और कत्ल की भी चल पड़ी।

किसी नें समाधान भी सुझा दिया––बॉर्डर पर सेना-पुलिस सरकार की तैनात, बंदरगाह सरकार के तो फिर सरकार चाहे तो तस्करी फटाफट रोक सकती है। और गौकस्सी रोकना तो बांए हाथ का खेल है, सारे गौकत्लखाने बंद करो, तस्करों को सरसरी कोर्ट सुनवाई की फ़ोर्मलटी पूरी करो और दे दो उम्रकैद की सजा। और ऐसे कानून फटाफट बनाना तो आजकल सभी सरकारों के बांए हाथ का खेल है ही। बताओ इससे सस्ता-शीघ्र समाधान क्या होगा? एक भाई नें थोड़ा विषयांतर किया ओर कहने लगा कि अभी कुछ राज्यों में विधान सभा के लिए व यूपी आदि में कुछ सीटों के लिए उप चुनाव हो रहे है। जिस प्रकार के जुमले-नारे घड़े और बोले जा रहे है उनके आगे को पुरानी फिल्मों के, हास्य कलाकार तो छोड़ो विलन भी कुछ नहीं।

जैसे–––(वो (कौन?) वोट जिहाद कर रहे हैं, तुम (कौन?) नही करोगे तो रोओगे। बंटोगे तो कटोगे––– कौन बंटेगा, कौन कटेगा, कौन काटेगा, समझदार को इशारा बहुत, इसलिए जोकर/विलन बने नेता, इसके आगे मुंह के ताला लगा लेते हैं)।

ओर सुनो बानगी दोनों ओर की (बंटे थे तब कटे थे बनाम बांटने वाले भी तुम, काटने वाले भी तुम––कब बंटे, कब कटे?) (अब न बंटेंगे, न काटेंगे, अब बांटने वालों को पीटेंगे)(न बंटेंगे, न कटेंगे, बांटने वालों के मुंह पर ताला जड़ेंगे–––कुछ ज्यादा शूरवीर टाइप थोड़ा यों कह देंगे––बांटने वालों का मुंह तोड़ेंगे)। (कोई एक थप्पड़ मारे–उसके सो थप्पड़ मारो, टोपी-पजामें से उनको पहचानों, अपनी गाय-भैसों-बहु-बेटियों, मंगल सूत्रों की उनसे रक्षा करो–––ओर पता नही क्या क्या उलूल-जुलूल बकते है??) (वो देश की एकता तोड़ रहे है -वो सँविधान खत्म कर रहे है है। वो सँविधान की आड़ में समाज एकता तोड़ रहे है, बांट रहे है-वो जातीय आंकड़े छुपा कर जातियों का हक मारना चाहते––)

कौन किस पद पर सँविधान की क्या शपथ लेकर कुर्सियां तोड़ रहे है, इसकी तिनके बराबर भी परवाह किए बिना जिसकी विशाल बुद्धि में जो अनुपम, प्रात: उच्चारणीय ब्रह्मवाक्य आ रहे है सो उगल रहे है––

एक प्रात: स्मरणीय मठाधीस नें बोला-विरोधी देश को भाषा, क्षेत्र, जाती के आधार पर बांट जा रहै है––ऐसा दुर्योधन, रावण का वाले कर रहे हैं, उन्होंने त्रेता में भी ऐसा किया था। एक मसखरा बोल पड़ा––और कुछ हो या न हो, यह तो तय है कि रावण व दुर्योधन का डीएनए सुरक्षित है और आज की परिस्थितियों में अत्यंत बहुमूल्य तो है ही?? अगर कोई इस कोमोडिटी के व्यापार का एकाधिकार ले सके तो उसके तो, भाई, उसके तो वारे न्यारे होजाएँ।

एक शांत गम्भीर सज्जन भी यों बोले–टीवी पर इन जोकरों की डिबेट सुनो–––

10 साल से तुमने यह किया? वो किया––20 साल पहले तुम नें भी यह किया––आज की समस्याओं की जड़ तुम्हारे एक स्वर्गवासी मन्द बुद्धि नेता और उसके खानदान की बुद्धिविहीन वंशजों की देन है––तुम्हारे नेताओं का भी इतिहास पढोगे तो महाभ्रष्टचार, दुराचारों, व्यभिचारों की व अंग्रेजों की मुखबिरी की कहानियों से ही भरा पड़ा है––

अभी समर शेष है, हमारे ऐसे कर्णधारों, शसकों से बड़ा कोई जोकर, विलन ध्यान में आये तो बताना, खोज जारी है।

दिमाग पर ज्यादा लोड मत डालना, अहमदे को मेंहमदा मिलता आया है, समय पर इन सब को भी मिलेगा–– चलते चलते हंस लो

एक आदमी नकली नोट छापता था और पंद्रह रूपये का नोट छाप दिया। चालक बंदा था, उसने सोचा, गांव में जाकर चलाते है सो वहां जाकर एक गड़रियों को भुलाणे लगा–गड़रिया बोला यह नोट ले तो लूँगा पर पैसे कुछ कम है। शहर वाला होशियार बंदा बोला कोई बात नही, चलेगा। गड़रिये ने पॉकेट से सात-सात के दो नोट देकर 15 वाला ले लिया। वैसे आम आदमी समाधान खोज ही लेता है, सुनिए आँखन देखी––


एक बिल्ली रास्ता काट गयी। चलता आदमी ठिठका। सामने एक पत्थर था। उसने लात मारी, चूक गया, फिर थोड़ी जोर से मारी, पत्थर नही हटा, तीसरे प्रयास में ठोकर से पत्थर उस लाइन के पर चला गया, जहां से बिल्ली निकली थी। आदमी खुश, खराब सूण खत्म हुआ और वह भी चला गया।

अब, भगवती चरण जी कितनी ही 'बिल्ली मारने पर प्रायश्चित' जैसी कहानियां लिखें––आम आदमी के अपने समाधान। 15 का नकली नोट 7,7 के नकली नोट देकर खरीदे या फिर बिल्ली के रास्ता काटने पर उपर वाला नुस्खा अपना कर।

**–महावीर सिंह, पूर्व आईएएस**

# अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले की कल से झंडारोहण के साथ शुरुआत होगी

- **मेला मैदान में विभिन्न प्रतियोगिताएं व रंगारंग कार्यक्रम का शुभारंभ हो जाएगा**
- **देशी-विदेशी सैलानियों के साथ मैच, खेलकूद व अन्य प्रतियोगितायें आयोजित होंगी**



मेले के दौरान सजे पुष्कर के बाजार।

**पुष्कर,** (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले की कल से झंडारोहण के साथ शुरुआत होगी। अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले में प्रसिद्ध सूफी गायक कैलाश खेर, गजल सम्राट अनूप जलोटा नृत्यांगना गुलाबो सफेरा अपना जलवा बिखेरेंगे। इसके साथ ही अनिरुद्ध वर्मा का फ्यूजन म्यूजिक अनवर खान का डेजर्ट सेंफनी, गौतम काले का क्लासिकल म्यूजिक, मधु भट्ट का दुप्रद गायन मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा।

12 नवंबर को अनूप जलोटा मेला मैदान में शमा बांधेंगे तो 13 नवंबर को गुलाबो सपेरा अपनी नृत्य कला का जलवा बिखेरेंगी, वही 14 नवंबर सूफी गायक कैलाश खेर भजनों की सरिता बहाएंगे। इसके साथ ही रविवार को अनिरुद्ध वर्मा का फ्यूजन म्यूजिक सोमवार को अनवर खान का डेजर्ट सेंफनी मंगलवार को गौतम काले का क्लासिकल भजन व बुधवार को मधु भट्ट का द्रुपद गायन लोगों को भक्ति रसपान कराएंगे। इसके अलावा शनिवार से मेला मैदान में विभिन्न प्रतियोगिताएं व रंगारंग कार्यक्रम का शुभारंभ हो जाएगा, जिसमे देशी विदेशी सैलानियों के साथ मैच खेलकूद व अन्य प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

**मेला का कार्यक्रम जारी:**–9 नवंबर 9 बजे पूजा, ध्वजारोहण अजय रावत पुष्कर द्वारा, सांस्कृतिक ऊंट मार्च, नगाड़ा वादन, रेत कला प्रदर्शन, 9:30 बजे मांडणा प्रतियोगिता, नृत्य प्रस्तुति स्कूली छात्राओं द्वारा, 10 बजे चक दे राजस्थान फुटबाल मैच स्थानीय बनाम विदेशी, शाम 6 बजे दीपदान, रंगोली, आरती व पुष्कर अभिषेक तथा 7 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

**फ्यूजन म्यूजिक 10 को:**–10 नवम्बर को 10 बजे लंगड़ी टांग प्रतियोगिता, सतोलिया, गिल्ली डंडा स्थानीय बनाम विदेशी, 11:30 ऊंट शृंगार प्रतियोगिता, 12 बजे ऊंट नृत्य प्रतियोगिता, 7 बजे शाम फ्यूजन म्यूजिक अनिरूद्ध वर्मा मुम्बई द्वारा, इसी प्रकार 11 नवम्बर 10 बजे कबड्डी मैच स्थानीय बनाम विदेशी, 11:30 बजे अश्व नृत्य प्रतियोगिता, एक बजे अन्तर पंचायत समिति ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता, 7 डेजर्ट सिम्फनी पदमश्री अनवर खां द्वारा।

**आध्यात्मिक पदयात्रा 12 को:**- 12 नवम्बर 9 बजे आध्यात्मिक पदयात्रा, 10 बजे अश्व वंश मादा प्रतियोगिता, 4 बजे शिल्पग्राम हैडी क्राफ्ट बाजार 5 बजे गीर प्रदर्शनी, 5:30 बजे विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन, 5:30 बजे भजन व क्लासिकल म्यूजिक गौतम काले इन्दौर द्वारा, 7 बजे भजन संध्या पदमश्री अनूप जलोटा द्वारा। 13 नवम्बर 6 बजे प्रथम दुहारी, 9 बजे अश्व वंश नर प्रतियोगिता, 9 बजे लगान क्रिकेट मैच, 9 बजे संकर गौवंश नस्ल प्रतियोगिता, 11 शान ए मूंछ प्रतियोगिता, 11:30 साफा व तिलक प्रतियोगिता विदेशी युगल, एक गीर गौवंश नस्ल प्रतियोगिता व अंतर पंचायत समिति ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता फाइनल, 3 भैंस वंश नस्ल प्रतियोगिता, 5:30 द्रूपद गायन मधु भट्ट तैलगं द्वारा, शाम 6 द्वितीय दुहारी, 7 सांस्कृतिक कार्यक्रम बेस्ट ऑफ राजस्थान पद्मश्री गुलाबो सपेरा द्वारा तथा 14 नवंबर 6 तृतीय दुआरी, 9 ऊंट व सर्वश्रेष्ठ मेला पशु प्रतियोगिता, 10:30 मटका दौड़ प्रतियोगिता, 11:30 संगीतमय कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता, 4 बजे रेत कला प्रतियोगिता अजय रावत पुष्कर द्वारा, 4 बजे तीव्र दुहारी प्रतियोगिता, 6 बजे महाआरती, 7 बजे मेगा नाईट कैलाश खेर की। 15 नवम्बर 9 बजे पुरस्कार वितरण समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रम, पशु परेड, लोक कलाकार एवं ऊँट परेड, चम्मच दौड़, रस्साकशी, मटका दौड़ आदि शाम 6 आरती होगी।

# प्राध्यापक-विद्यालय (संस्कृत शिक्षा विभाग) परीक्षा 17 से

अजमेर, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा प्राध्यापक-विद्यालय (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 का आयोजन आगामी 17 से 21 नवंबर तक किया जाएगा। परीक्षा में ओएमआर उत्तर पत्रक के पांचवे विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग की संयुक्त सचिव ऋषिबाला श्रीमाली ने बताया कि संस्कृत शिक्षा विभाग में 8 विषयों के लिए प्राध्यापक-विद्यालय के कुल 52 पदों पर भर्ती का विज्ञापन 25 जनवरी 2024 को जारी किया गया था। इस परीक्षा के तहत जनरल अवेयरनेस एंड जनरल स्टडीज विषय की परीक्षा का आयोजन 17 नवंबर 2024 को सुबह 10 से 11.30 बजे तक किया जाएगा।

ऐच्छिक विषयों की परीक्षाओं का आयोजन में हिन्दी 18 नवंबर 2024 सुबह 9 से 12 बजे तक, इतिहास 18 नवंबर दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक, राजनीति विज्ञान 19 नवंबर सुबह 9 से 12 बजे तक, इंग्लिश 19 नवंबर दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक, यजुर्वेद 20 नवंबर सुबह 9 से 12 बजे तक, जनरल ग्रामर 20 नवंबर दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक, ग्रामर 21 नवंबर सुबह 9 से 12 बजे तक, लिटरेचर 21 नवंबर दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक। अभ्यर्थी उक्त परीक्षा के लिए आवंटित परीक्षा जिले की जानकारी 10 नवंबर 2024 से एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर प्राप्त कर सकेंगे। परीक्षा के प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर 14 नवंबर 2024 को जारी किए जाएंगे। इस अनुसार अभ्यर्थी यथाशीघ्र प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर लेवें। प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ठ कर डाउनलोड किए जा सकेंगे।

## राशिफल शुक्रवार 8 नवम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष, सप्तमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र दिन 12:03 तक, शूल योग प्रात: 8:27 तक, गर करण दिन 12:16 तक, चन्द्रमा आज मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-मकर, मंगल-कर्क, बुध-वृश्चिक, गुरू-वृष, शुक्र-धनु, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज रवियोग दिन 12:03 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 12:03 से आरम्भ होगा। भद्रा रात्रि 11:57 से आरम्भ होगी। आज कल्पादि, डाला छठ पर्व पर उदयगामी सूर्य को अर्ध्य और अष्टानिका महापर्व आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 8:07 तक, लाभ-अमृत 8:07 से 10:49 तक, शुभ 12:10 से 1:32 तक, चर 4:14 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:45, सूर्यास्त 5:36




### मेष

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।




### वृष

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




### मिथुन

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।



### कर्क

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।




### सिंह

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। दिनचर्या में सुधार होगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




### कन्या

घर-परिवार में शुभ-धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।




### तुला

घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे।




### वृश्चिक

व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।




### धनु

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।




### मकर

व्यावसायिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा।



### कुंभ

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। व्यावसायिक मामलों में संयम रखना ठीक रहेगा।



### मीन

आर्थिक/वित्तिय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। परिवार में शुभ-धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

# गंगानगर इन्वेस्टर मीट में निवेशकों ने किए 3410.50 करोड़ के 252 एम.ओ.यू.

■ निवेशकों ने उत्साह से 3410.50 करोड़ रूपए के 252 एमओयू किये, जिससे हज़ारों लोगों को रोजगार मिलेगा

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जयपुर में 9 से 11 दिसम्बर तक प्रस्तावित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 की कड़ी में गुरूवार को जिला स्तरीय राइजिंग श्रीगंगानगर इन्वेस्टर मीट का समारोहपूर्वक आयोजन सूरतगढ़ रोड़ स्थित फोर्ट रजवाड़ा में हुआ। इस दौरान जिला और प्रदेश के औद्योगिक विकास की संकल्पना साकार हुई। कार्यक्रम में निवेशकों ने उत्साह से 3410.50 करोड़ रूपए के 252 एमओयू किये, जिससे हज़ारों लोगों को रोजगार मिलेगा।

अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। देश-प्रदेश के औद्योगिक परिवेश और श्रीगंगानगर के उद्योग एवं व्यापार पर आधारित डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। इसके बाद अतिथियों ने राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट के ब्रोशर का विमोचन किया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने अपने उद्बोधन में निवेशकों, उद्यमियों और उपस्थितजनों का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए बताया कि जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट के लिए 252 एमओयू के प्रस्ताव प्राप्त हुए है। इनसे 3410.50 करोड़ रूपए से अधिक का निवेश आयेगा।

लगभग 7203 से अधिक के प्रत्यक्ष एवं 12148 के अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा अनुसार यह मीट युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार प्रदान करने और जिले में निवेश बढ़ाने के लिए उपयोगी साबित होगी।

कार्यक्रम को श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक, बीकानेर संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी, पूर्व मंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी, गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी, जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव सहित अन्य ने भी संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप उद्यमियों और निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिये इन्वेस्टर मीट का आयोजन किया गया है।

इसके माध्यम से जहां एक ओर जिले के साथ-साथ प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा, दूसरी ओर रोजगार का भी सृजन होगा। वक्ताओं ने राइजिंग गंगानगर इन्वेस्टर मीट आयोजन के लिये सरकार और इसमें निवेश करने वाले उद्यमियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उद्योग एवं व्यापार को बढ़ावा देने के लिये सरकार संकल्पबद्ध है।

निवेश के माध्यम से रोजगार और विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में निवेश बढ़े, बजट घोषणाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग के साथ उनका क्रियान्वयन हो और राज्य का आधारभूत ढांचा मजबूत हो, इसके लिये राज्य सरकार प्रयासरत है। मंच संचालन भरत सिडाना और अमृतलाल ने किया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक हरीश मित्तल ने धन्यवाद दिया। जबकि राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम में एडीएम प्रशासन श्रीमती रीना, जिला परिषद सीईओ श्री सुभाष कुमार, अंडर ट्रेनी आईएएस रजत यादव, अनूपगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष प्रियंका बैलान, शरणपाल सिंह मान, रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक एमसी मीणा, धीरज चावला, मुकेश शाह, मोहित टांटिया, औद्योगिक संघों के पदाधिकारी, स्थानीय निवेशक, प्रवासी निवेशक, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी सहित उद्योग से जुड़े गणमान्यजन उपस्थित थे।

## 14 मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित

**बीकानेर,**(कासं)। जांच के दौरान विभिन्न अनियमितताएं पाये जाने पर 14 मेडिकल स्टोर्स के अनुज्ञापत्र निलम्बित किये गए हैं।

अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक देवेंद्र कुमार केदावत ने बताया कि मुरलीधर व्यास कॉलोनी स्थित भाग्योदय मेडिकोज, गाढवाला स्थित अमित मेडिकल एंड जनरल स्टोर के अनुज्ञापत्र 18 से 22 नवम्बर 5 दिनों के लिए, पूगल रोड स्थित सब्जी मंडी के सामने स्थित भव्या मेडिकोज का अनुज्ञापत्र 18 से 24 नवम्बर को 7 दिनों के लिए, कक्कू स्थित गहलोत मेडिकल स्टोर, जयसिंहदेसर मगरा स्थित गुरु कृपा मेडिकल स्टोर, बम्बलू स्थित बालाजी मेडिकल एंड जनरल स्टोर, नापासर स्थित गोपाल मेडिकल एंड जनरल स्टोर, पांचू स्थित बालाजी हेल्थ केयर सेंटर, खोडाला स्थित डूडी मेडिकल एंड जनरल स्टोर, खाजूवाला स्थित गौड़ मेडिकल स्टोर, घेघड़ा स्थित अयान मेडिकल एंड जनरल स्टोर के अनुज्ञापत्र 8 से 17 नवम्बर तक, खाजूवाला स्थित बाबर मेडिकल एजेंसी का लाइसेंस निलंबित किया।

## शराब की अवैध ब्रांच बंद करवाने की मांग

■ शराब की अवैध ब्रांच नहीं खोलने की मांग को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी

**अनूपगढ़,** (कासं)। जिले के वार्ड नंबर 4 में शराब के अवैध ब्रांच खोलना प्रस्तावित है। शराब की अवैध ब्रांच को नहीं खुलने देने की मांग को लेकर गुरुवार को वार्ड नंबर 4 के वार्ड वासी जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला कलेक्टर अवधेश मीना को ज्ञापन सौंपा।

वार्ड वासियों ने कलेक्टर को बताया कि वार्ड में दो मंदिर भी बने हुए हैं और इस वार्ड में एससी एसटी वर्ग के काफी लोग रहते हैं। वार्ड वासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर शराब के अवैध ब्रांच नहीं खुलने देने की मांग की है और चेतावनी है कि अगर शराब की अवैध ब्रांच वार्ड में खुलती है तो वार्ड वासी आंदोलन करेंगे।

वार्ड वासियों ने कलक्टर को बताया कि वार्ड नंबर 4 प्रेम नगर एससी/एसटी बाहुल्य क्षेत्र की श्रेणी में आता है तथा वार्ड में बाबा रामदेव और हनुमान मंदिर भी स्थापित है। जिस कारण अगर यह शराब के अवैध ब्रांच वार्ड में संचालित होती है तो वार्ड वासियों की धार्मिक भावना आहत होगी। उन्होंने बताया कि मोहल्ले में कालड़ा वाइंस ग्रुप द्वारा शराब ठेके की अवैध ब्रांच खोली जा रही है।

अगर यह अवैध ब्रांच खुलती है तो महिलाओं और बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इस अवैध ब्रांच को न खुलने दिया जाए। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी भी दी है कि अगर वार्ड में शराब की अवैध ब्रांच खोली जाती है तो मोहल्ले वासियों द्वारा धरना प्रदर्शन व आंदोलन किया जायेगा।

उन्होंने कालड़ा वाइंस ग्रुप को पाबंद करने की मांग की है ताकि वार्ड में शराब की दुकान न खुल सके। वार्ड वासियों ने बताया कि पूर्व में 14 जुलाई 2024 को भी इस समस्या से जिला प्रशासन को अवगत करवाया गया था। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष नीतू राठौड़, राजविंद्र सिंह, लीलाराम, कालूराम, अजय, धन्नो देवी, प्रिंस, पाल सिंह आदि मौजूद थे।

## आर.जे.एस में चयनित अक्षिता का स्वागत

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर मूल की पाली प्रवासी आर.जे.एस. में चयनित अक्षिता सुराणा का गुरूवार को बीकानेर पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया। अक्षिता ने कुलदेवी मोरखाणी की सुसवाणी माता के मंदिर में स्तुति-वंदना कर आशीर्वाद लिया।

बीकानेर रेलवे स्टेशन पर श्री सुसवाणी माता मोरखाणा मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष महादेव सुराणा, भाजपा के जिला मंत्री मोहन सुराणा, समस्त ओसवाल सुराणा पंचायती ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक सुराणा, मंत्री अनिल सुराणा, कोषाध्यक्ष अजय सुराणा, सहमंत्री रमेश सुराणा, गजेन्द्र , प्रदीप, पुखराज व प्रोफेसर नितेश आसानी, श्री चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के सदस्य मोहित धारीवाल सहित अनेक जैन समाज सुराणा समाज के प्रतिष्ठित श्रावक-श्राविकाओं ने बीकानेर व मोरखाणा में अक्षिता के चयन की अनुमोदना सुसवाणी माता के जयकारे से की। समर्पण सेवा संस्थान फलौदी की समाज सेविका मीनाक्षी गुलेच्छा ने भी अक्षिता का स्वागत किया। अक्षिता के साथ उनके माता पिता थे।

## गोलूवाला सी.एच.सी. का निरीक्षण

**हनुमानगढ़,**(कासं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने आज गोलूवाला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) का आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने सीएचसी परिसर का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सीएचसी पर कार्यरत स्टाफ, उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं परिसर में संचालित सभी स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि आज उन्होंने सीएचसी गोलूवाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। सीएचसी इंचार्ज डॉ. चिराग मोदी ने बताया कि सीएचसी में सात नर्सिंग ऑफिसर के पद हैं, जो सभी भरे हुए हैं। सीएचसी में आज भी 26 कर्मचारियों का स्टॉफ उपस्थित था। स्वास्थ्यकर्मियों ने सीएचसी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सीएचसी में रोजाना 400 से अधिक ओपीडी रहती है।

## छात्रा वर्ग में जयपुर की टीम रही विजेता

**अनूपगढ़,** (कासं)। जिला खो-खो संघ के द्वारा अनूपगढ़ के डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम स्टेडियम में 43वीं राज्य स्तरीय जूनियर खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता में छात्र और छात्रा वर्ग की राजस्थान की कुल 36 टीमों ने भाग लिया।

छात्र वर्ग में अजमेर और श्रीगंगानगर की टीम में फाइनल मैच हुआ। जिसमें अजमेर की टीम विजेता रही। वहीं छात्रा वर्ग में जयपुर और सीकर के बीच फाइनल मैच खेला गया, जिसमें जयपुर की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता के दोनों फाइनल मैच काफी रोमांचक रहे। इस प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में श्रीगंगानगर के सोनू और छात्रा वर्ग में जयपुर की मुस्कान को बेस्ट प्लेयर चुना गया।

प्रतियोगिता के समापन के दौरान भारतीय खो- खो महासंघ रैफरी बोर्ड के अध्यक्ष डॉ.सैयद असगर अली व प्रतियोगिता के संयोजक साहब राम कूकना ने विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

श्रीगंगानगर खो-खो संघ के सचिव राजाराम ढाका, उपाध्यक्ष हरमन्द्र सिंह, ओमप्रकाश, रामप्रताप गोदारा ने बताया कि राज्य स्तरीय जूनियर खो-खो प्रतियोगिता में छात्र वर्ग की कुल 20 टीमों ने भाग लिया था। फाइनल मैच अजमेर और श्रीगंगानगर के बीच खेला गया।

अजमेर ने 16 पाइंट और श्रीगंगानगर ने 15 पाइंट हासिल किए। दोनों टीमों के बीच फाइनल मैच काफी रोमांचक रहा और एक पांइट से अजमेर ने इस प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया। श्रीगंगानगर की टीम उपविजेता रही।

उन्होंने बताया कि छात्रा वर्ग में कुल 16 टीमों ने भाग लिया था। फाइनल मैच जयपुर और सीकर के बीच खेला गया। जयपुर की टीम ने 19 पाइंट और सीकर की टीम ने 18 पाइंट प्राप्त किए। छात्रा वर्ग में जयपुर की टीम विजेता और सीकर की टीम उपविजेता रही।

## नर्सिंग ऑफिसर की बाइक चोरी

**हनुमानगढ़,** (कासं)। यहां के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत कर्मचारी को आवंटित बाइक सेनेटरी की दुकान के बाहर से चोरी हो गई। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में दो युवक बाइक चोरी करते नजर आए। इस संबंध में नर्सिंग ऑफिसर की रिपोर्ट के आधार पर नोहर पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार सुरजीत सिंह कस्वां पुत्र मेहरचन्द निवासी गुडिया पीएस फेफाना ने बताया कि वह चिकित्सा विभाग में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर नोहर के उप जिला अस्पताल में कार्यरत है। उसे एसटीएस (टीबी) के रिक्त पद पर कार्य व्यवस्था के लिए नियुक्त किया है। उसे टूर के लिए बाइक नम्बर आरजे 31 एसके 9653 आवंटित की हुई है। बाइक सदस्य सचिव प्रोग्राम कमेटी (टीबी) हनुमानगढ़ के नाम है। वह 28 अक्टूबर को ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय से नोहर के उप जिला अस्पताल जा रहा था। रास्ते में सामान लेने रूका तो बाइक चोरी हो गई।

## प्रबोधकों के सेवाकाल में न्यूनतम तीन पदोन्नति की मांग

■ प्रारम्भिक शिक्षा के शिक्षकों का समायोजन करवाने, गैर शैक्षणिक कार्यों पर रोक लगाने बीएलओ से शिक्षकों को मुक्त करने की मांग

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय बीकानेर की जिला कार्यकारिणी एवं उप शाखा अध्यक्ष मत्रियों, प्रदेश पदाधिकारियों की सामूहिक बैठक गुरूवार को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश विश्नोई के आतिथ्य में जिलाध्यक्ष मोहनलाल भादू की अध्यक्षता में शुभम गार्डन बीकानेर में सम्पन्न हुई।

बैठक में पदाधिकारियों ने तृतीय श्रेणी से वरिष्ठ अध्यापक तथा वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता पद की गत 4 सत्र की बकाया पदोन्नति करवाने, प्राचार्य उपप्राचार्य डीपीसी हेतु न्यायालय में गंभीरता से विभागीय पक्ष रखते हुए निर्णय हेतु प्रयास करने, सम्पूर्ण सेवाकाल में न्यूनतम 03 पदोन्नति देने, एसीपी हेतु एसीआर बार बार मांगने की प्रवृति पर रोक लगाने, बकाया अवकाश / एसीपी / एमएसीपी / विभागीय जांच प्रकरण की स्वीकृति हेतु समय सीमा निर्धारित करने, तृतीय श्रेणी सहित समस्त सवंर्ग के स्थानान्तरण करवाने, नवक्रमोन्नत विद्यालयों में पदों की वित्तीय स्वीकृति जारी करवाने, 31 दिसम्बर के बाद नियुक्त को ग्रीष्मावकाश का बकाया वेतन भुगतान हेतु एक सामान्य आदेश जारी करवाने, परीक्षा परिणाम न्यून रहने की स्थिति में आगे पीछे के परीक्षा परिणाम को देखकर एवं ड्राप आउट के विभागीय जांच के प्रकरणों में शिथिलन प्रदान करते हुए प्रकरणों का निस्तारण करवाने, शारीरिक शिक्षकों हेतु नामाकंन 105 की शर्त विलोपित करने, उच्च माध्यमिक विद्यालयों में द्वितीय श्रेणी व प्रथम श्रेणी के शारीरिक शिक्षक पद देने, कुक कम हैल्पर का बकाया भुगतान करवाने, पोषाहार का बकाया भुगतान करते हुए अग्रिम राशि देने, सामाजिक ज्ञान, वाणिज्य, गृहविज्ञान, चित्रकला, उद्योग शिक्षकों की पदोन्नति हेतु हैड टीचर पद देने अथवा उप्रावि में प्रधानाध्यापक का सामान्य पद करने, क्रमोन्नति उपरान्त प्रारम्भिक शिक्षा के शिक्षकों का समायोजन करवाने, गैर शैक्षणिक कार्यों पर रोक लगाने बीएल ओ से शिक्षकों को मुक्त करने पीईईओ प्रभार वाले विद्यालयों में उपप्रधानाचार्य पद स्वीकृत करने, शिक्षा अधिकारियों व शिक्षकों के रिक्त पद भरने, बकाया स्थायीकरण की स्वीकृति जारी करने, प्रबोधकों शारीरिक शिक्षकों, प्रयोगशाला सहायक एवं पुस्तकालयध्यक्ष को सम्पूर्ण सेवाकाल में न्यूनतम तीन पदोन्नति करते हुए मांग का निस्तारण करवाने की मांग की गई।

## लालगढ़ स्टेशन के प्रथम चरण का काम पूरा

**बीकानेर,** (कासं)। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उत्तर-पश्चिम रेलवे, बीकानेर मंडल के लालगढ़ स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य तीव्र गति से चल रहा है और प्रथम चरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

स्टेशन भवन के समरूप में बड़े स्तर पर सुधार कार्य, स्टेशन की ओर आने-जाने वाले मार्ग में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग प्रावधान का कार्य, बाउंड्री वॉल, सर्कुलेटिंग एरिया में सौंदर्य करण, दोपहिया, चौपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग सुविधा, बुकिंग ऑफिस रिटायरिंग रूम आदि में सुधार, नए टॉयलेट ब्लॉक्स का कार्य अंतिम चरण में है और लगभग 86 प्रतिशत से अधिक कार्य हो चुका है। लगभग 18.86 करोड़ की लागत से होने वाले पुनर्विकास कार्यों में उपरोक्त कार्यों के अलावा सौन्दर्य वर्धन के लिए एलइडी लाइटिंग तथा दीवारों पर आर्टवर्क भी किया जायेगा। स्टेशन का मुख्य प्रवेश द्वार अत्यंत आकर्षक है।

## अम्बेडकर डी.बी.टी. वाउचर योजना के लिए आवेदन 30 तक

**बीकानेर,** (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता द्वारा विभाग द्वारा संचालित अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना के शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए 30 नवम्बर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल. डी. पंवार ने बताया कि राजकीय महाविद्यालयों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर में अध्ययनरत छात्र जो घर से दूर रहकर अन्य स्थान पर कमरा किराये पर लेकर अथवा पेइंग गैस्ट के रूप में रहते हुए अध्ययन कर रहे हैं, वे इस योजना के लिए पात्र हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत उन छात्रों को आवास, भोजन एवं बिजली-पानी आदि सुविधाओं के पुनर्भरण राशि 2 हजार रुपए प्रतिमाह (अधिकतम 10 माह हेतु) दिये जाने का प्रावधान है। राजकीय महाविद्यालय की स्नातक अथवा स्नातकोत्तर कक्षाओं में नियमित रूप से अध्ययनरत एससी, एसटी, ओबीसी, एमबीसी, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों को देय होगा।

डीबीटी वाउचर योजना में लाभांवित होने वाले एससी, एसटी, एमबीसी विद्यार्थियों के माता-पिता की अधिकतम आय 2.50 लाख रूपये, ओबीसी के लिए 1.50 लाख रूपये एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 1 लाख रूपये निर्धारित की गई है।

पंवार ने बताया कि आवेदक ई-मित्र अथवा स्वयं की एसएसओ आई.डी. के माध्यम से पोर्टल पर जनआधार कार्ड के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। सामान्य दिशा-निर्देश का विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। योजना अंतर्गत लाभ लेने के लिए आवेदन के साथ मूल निवास प्रमाण-पत्र, जिला मुख्यालय स्थित राजकीय महाविद्यालय में नियमित अध्ययनरत होने का प्रमाण-पत्र, स्व-प्रमाणित किराये के मकान का प्रमाण पत्र अथवा किराये के रसीद की प्रति, गत वर्ष उत्तीर्ण कक्षा की अंक तालिका की प्रति, अभ्यर्थी का आधार संख्या, अभ्यर्थी की जाति, परिवार की आय, अभ्यर्थी स्वयं का बैंक खाता संख्या की प्रति अपलोड करने होंगे।

इस अवसर पर शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य ने शिक्षक पदाधिकारियों से टीम भावना के साथ आगे बढ़ते हुए कार्य करने का आव्हान किया। अति. जिलामंत्री मोहम्मद फैसल ने बताया कि बैठक में संगठनात्मक विषयों के साथ विभिन्न कार्यक्रमों महिला समूह बैठक, सभागीय अभ्यास वर्ग आयोजित करने, कर्तव्य बोध दिवस सहित अनेक विषयों पर चर्चा की गयी।प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाष विश्नोई ने कहा कि संगठनात्मक कार्यक्रमों में सामान्य सदस्यों की भी सक्रिय भागीदारी रहे।

## जन आधार को कराना होगा अपडेट

**अनूपगढ़,** (कासं)। अनूपगढ़ में 1 मार्च 2024 से दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र भारत सरकार के स्वावलंबन पोर्टल से जारी किए जा रहे हैं। स्वावलंबन पोर्टल से प्राप्त दिव्यांगता प्रमाण पत्रों को जनाधार पोर्टल पर अपडेट की प्रक्रिया अब शुरू कर दी गई है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जिलाधिकारी रोशन लाल ने बताया कि अनूपगढ़ के ऐसे दिव्यांगजन जिनको 1 मार्च 2024 से भारत सरकार के स्वावलंबन पोर्टल से दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी किए गए हैं। उनको अब जनाधार में जल्द से जल्द अपडेट करवाए जाने की कार्रवाई पूर्ण करनी होगी। जिससे दिव्यांगजनों को राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि अगर दिव्यांगजन अपने दिव्यांगता प्रमाण पत्र को जनाधार पोर्टल पर अपडेट करते है, तो उन्हें योजनाओं का लाभ मिलेगा।






## वार्ड सभा में होगा वोटर लिस्ट का सत्यापन

**बीकानेर,** (कासं)। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 9 एवं 10 तथा 23 एवं 24 नवम्बर को विशेष वार्ड सभाओं का आयोजन किया जायेगा।

वार्ड सभाओं में मतदाता सूचियों से संबंधित भाग पठन एवं सत्यापन करवाया जायेगा। नगर निगम उपायुक्त यशपाल आहूजा ने बीकानेर पश्चिम क्षेत्र में आयोजित होने वाली विशेष वार्ड सभाओं के लिए कार्मिकों की ड्यूटी लगाई है। उन्होंने सभी कार्मिकों को अपने निर्धारित स्थान पर समय पूर्व उपस्थित होने के निर्देश दिएहैं।

## जहरीले पानी के विरोध में गजसिंहपुर बंद 9 को

**गजसिंहपुर,** (कासं)। पंजाब से आ रहे ज़हरीले व कैमिकल युक्त पानी की रोकथाम करने व जिले में तेजी से बढ़ मेडिकल नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर विरोध स्वरूप 9 नवम्बर को प्रस्तावित श्रीगंगानगर जिला बंद को सफल बनाने के लिए सिंहसभा गुरूद्वारा में स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों, व्यापारियों, किसानो व मजदूरों की संयुक्त बैठक संपन्न हुई व 9 नवम्बर को गजसिंहपुर बाजार दोपहर 2 बजे तक बंद रखने का निर्णय लिया।

इस मौके पर आंदोलन के नेता रविंद्र तरखान, राकेश शर्मा, किसान नेता गुरचरण सिंह मोड़, सांवरमल शर्मा, मेघराज खत्री, चमकौर सिंह रामगढिया आदि ने संबोधित किया बैठक में आपातकाल सेवाएं पेट्रोल पंप, मेडिकल स्टोर, हॉस्पिटल व क्लीनिक आदि खुले रखने का निर्णय लिया गया।

गुरचरण सिंह मोड़ ने कहा जहरीले पानी की समस्या को लेकर सरकार गंभीर नहीं, जनता के प्रति अपने दायित्व से सरकारें हमेशा नदारद रही है। राकेश शर्मा ने कहा कि बुड्ढा नाला को बंद करके ही आंदोलन को विराम दिया अन्यथा जनता का मजबूत आंदोलन खड़ा करने के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

ज़हर से मुक्ति आंदोलन के नेता रविन्द्र तरखान ने गजसिंहपुर के प्रबुद्ध नागरिकों को जिला बंद में सहयोग व समर्थन करने का आव्हान किया। नशा मुक्त समाज व ज़हर मुक्त पेयजल के प्रबंध के लिए संघर्ष को मजबूत करने की बात कही। इस मौके पर माकपा सचिव नक्षत्र सिंह बुट्टर किसान सभा से हंसराज गोदारा इत्यादि ने संबोधित किया।


**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक :- नियमन/ 2024/ दिनांक : //2024

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती लखविन्द्र कौर पत्नी श्री सुखदेव सिंह निवासी 50 फ्रेण्डस विहार, गली नं. 2, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 20/21 किला नं. 13 में माप 30 इन्टू 70 फीट, भूखण्ड संख्या एसपीएल-01, शिव नगर, श्रीगंगानगर | नियमन पट्टा संख्या 272 दिनांक 22.07.2012 को श्री हंसराज पुत्र श्री हजारी लाल के नाम से जारी किया हुआ है। | श्रीमती लखविन्द्र कौर द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 20.11.2023 द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्रीमती लखविन्द्र कौर पत्नी श्री सुखदेव सिंह निवासी 50 फ्रेण्डस विहार, गली नं. 2, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/ हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या:- SGNR/FY24-25/MUT/917 - सचिव, नगर विकास न्यास , श्रीगंगानगर


## शिक्षक संघ ने मांगों को लेकर को ज्ञापन सौंपा


**बीकानेर,** (कासं)। शिक्षक संघ एलिमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद के नेतृत्व में संघ के जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन में राज्य में कार्यरत लाखों शिक्षकों की जायज मांगों का प्रस्ताव तैयार किया गया है। जिसमें शामिल मांगों का जल्द निस्तारण करवाने की मांग को लेकर प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय के अतिरिक्त निदेशक राजकुमार शर्मा को मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

# बोलेरो की बकाया राशि को लेकर कार बाजार संचालक की हत्या, दो गिरफ्तार

## पीह के युवक की हत्या के बाद शव को जेठाना के खंडरनुमा मकान में पटका

**परबतसर/अजमेर, (निसं)।** क्षेत्र के पीह गांव के युवक की हत्या ग्राम कालेसरा में कर उसके शव को जेठाना में एक खंडहरनुमा मकान में आरोपियों ने पटक दिया। बोलेरो कार के बकाया राशि को लेकर 2 आरोपियों ने कार बाजार संचालक की हत्या कर दी। रकम देने के बहाने आरोपियों ने नागौर से अजमेर बुलाया और लाठियों और सरियों से पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या के आरोपियो को पकड़ लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर शव को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने आरोपी कालेश्वर निवासी सोनू पुत्र पप्पू गुर्जर और जेठाना निवासी मुकेश पुत्र उगमाराम गुर्जर को गिरफ्तार कर पूछताछ आरंभ कर दी है। पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार नागौर जिले के रघुनाथपुर ग्राम पंचायत क्षेत्र दावड़ा की ढाणी निवासी सुरेश पुत्र हरिराम गुर्जर उम्र लगभग 28 वर्ष जो एक कार बाजार संचालक है। सुरेश ने अपना एक वाहन कालेसरा निवासी सोनू पुत्र



मृतक कार संचालक के शव को कब्जे में लेती पुलिस व इनसेट में मृतक का फाइल फोटो।

पप्पू गुर्जर को बेचान किया था। बुधवार को सुरेश अपने चाचा भेरूलाल के साथ वाहन के पैसे लेने के लिए कालेसरा पहुंचा। आरोपियों ने वाहन की लिखापढ़ी करने के बाद सुरेश के चाचा भेरूलाल को दूसरी जगह बैठाकर सुरेश को अपने साथ लेकर चले गए। काफी समय तक सुरेश और

■ **आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने शव बरामद किया, परिजनों की शिकायत पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया**

उसको ले जाने वाले वापस नहीं पहुंचे तो भेरूलाल ने सुरेश के मामले में जानकारी चाही तो सुरेश के बारे में बताया गया कि वह तो पेमेंट लेकर चला गया है। सुरेश का मोबाइल बंद आ रहा था चाचा भेरूलाल परेशान हो गया और उसने गांव फोन कर पता किया तो वहां भी सुरेश नहीं पहुंचा। इस पर भेरूलाल को कुछ शंका होने लगी और उन्होंने अपने गांव फोन कर मामले की जानकारी दी और बताया कि सुरेश की कहीं जानकारी नहीं मिल रही है। इस पर गांव से कुछ रिश्तेदार पीसांगन पहुंचे और थाना अधिकारी से पूरे मामले की जानकारी देने के बाद गुमशुदगी दर्ज की गई। पुलिस ने कालेसरा निवासी सोनू पुत्र पप्पू गुर्जर से पूछताछ किए जाने पर पुलिस को गुमराह करता रहा। पूछताछ किए जाने पर सोनू ने सुरेश की हत्या किए जाने की जानकारी दिए जाने पर पुलिस सहित मृतक के सभी रिश्तेदार चौंक गए। हत्या में जेठाना निवासी मुकेश पुत्र उगमा राम गुर्जर का नाम सामने आने पर उसे भी पुलिस ने डिटेन कर लिया। दोनों आरोपी पुलिस को हत्या कर शव को ठिकाने लगाने को लेकर भी गुमराह करते रहे। पुलिस को आरोपियों ने बताया कि बांदनवाड़ा क्षेत्र में मृतक की बॉडी छुपाई गई है। पुलिस आरोपियों के बताए अनुसार जेठाना बायपास दौलत खेड़ा चौराहे के पास पुराने घोषियों के खंडारनुमा मकान में पहुंची। आरोपियों की निशानदेही पर शव को खंडनुमा मकान से पुलिस ने अपने कब्जे में लिया। जेठाना सरपंच पदमचंद छाजेड़ को भी पुलिस द्वारा सूचित कर घटनास्थल बुला लिया गया। आरोपियों ने हत्या निर्दयता से करने के बाद शव को प्लास्टिक के कट्टों में बंद कर एक रजाई और कंबल से गठरी बांध रखा था।

# कॉन्स्टेबल ने सुसाइड किया

**नोखा, (निसं)।** नोखा थाने के कॉन्स्टेबल विकास मीणा ने सुसाइड का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने तुरंत उसे अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नोखा थाना के कॉन्स्टेबल विकास मीणा रात करीब 10 बजे ड्यूटी समाप्त कर घर पहुंचे। घर पहुंचते ही उन्होंने बिजली के तार से फंदा बनाकर कमरे में फंदा लगा लिया। जब काफी समय तक विकास

■ **कॉन्स्टेबल किास मीणा ने इलाज के दौरान दम तोड़ा**

मीणा ने दरवाजा नहीं खोला, तो उनकी पत्नी ने शोर मचाया। आसपास के लोगों ने तुरंत नोखा पुलिस को सूचना दी। नोखा पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर विकास मीणा को फंदे से उतारा। प्राथमिक उपचार के लिए उन्हें नोखा के जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें बीकानेर के पीबीएम अस्पताल रेफर कर दिया। बीकानेर में इलाज के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर नोखा सीओ हिमांशु शर्मा और एसआई बुधराम बिश्नोई ने मौके का मुआयना किया और घटना के कारणों की जांच शुरू की। कॉन्स्टेबल विकास मीणा नोखा थाने में तैनात थे और मोहनपुरा क्षेत्र में अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रह रहे थे।

## तबीयत बिगड़ने से एक की मौत

**सादुलपुर, (निसं)।** तहसील के निकटवर्ती गांव लुटाना पूर्ण में हरी सब्जियों की क्यारी में रासायनिक द्रव्यों का छिड़काव करते समय तबीयत बिगड़ने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

गुरूवार शाम पांच बजे मिली जानकारी में इस संबंध में थाना अधिकारी पुष्पेंद्र झाझडिया ने बताया कि मान सिंह जाट निवासी लुटाना पूर्ण ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि सात नवंबर सुबह उसका चेचेरा भाई दिलीप जाट घर के पास स्थित खेड़े में सब्जी की क्यारी में रासायनिक द्रव्यों का छिड़काव कर रहा था। तभी छिड़काव करने के कारण वह बेहोश हो गया तथा सूचना मिलने पर राजकीय उप जिला अस्पताल राजगढ में लेकर आ रहे थे, तो बीच रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। राजगढ़ थाना पुलिस ने घटनास्थल का मौका निरीक्षण किया तथा मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन.स्वा.अभि. विभाग, नगर खण्ड, तृतीय (दक्षिण), मालवीय नगर जयपुर**
E-mail: eecityd3.jai.phed@rajasthan.gov.in दूरभाष सं. 0141-2940746

क्रमांक-अ अ/न ख ।।। (द.)/2024-25/2606-15 दिनांक-29.10.2024

**निविदा सूचना**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पंजीकृत संवेदकों जो राजस्थान सरकार के नियमानुसार अधिकृत हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाइन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संवेदक ई-निविदा में भाग लेने हेतु अपने डिजिटल हस्ताक्षर (डीएससी) http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। निविदा संबंधित विवरण निम्नलिखित वैबसाईट पर देख सकते है।

1. http://www.eproc.rajasthan.gov.in (Online) 2. http://sppp.rajasthan.gov.in

| S.No. | NIT Number | UBN Code |
|---|---|---|
| 1. | 15/2024-25 | PHE2425WSRC05944 |

DIPR/C/10921/2024

(निशा शर्मा) अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वा.अभि.विभाग नगर खण्ड-तृतीय (दक्षिण), जयपुर।



**राजस्थान सरकार**
**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, प्रथम तल, स्वास्थ्य भवन, भीनमाल रोड, जालोर**

क्रमांक-अ.अ./चि.एवं स्वा./2024-25/2702-10 दिनांक-04.11.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 15/2023-24**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस खण्ड के अन्तग्रत विभिन्न चिकित्सालयों पर रू. 93.20 लाख का 1 सिविल कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्माण कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डिरिंग प्रक्रिया ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबधित विवरण डीआईपीआर की वैबसाईट WWW.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वैबसाईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB NO. NRH2425A0365

| | |
|---|---|
| 1 | NRH2425WSOB01424 |

DIPR/C/10944/2024

(रणवीरसिंह कछवाहा)
अधिशाषी अभियंता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, जालोर


# उप चुनाव में प्रदेश की सातों सीटों पर बीजेपी जीतेगी : डिप्टी सीएम बैरवा

## उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा का मुकुंदगढ़ में स्वागत किया

**मुकुंदगढ़, (निसं)।** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार ने जो वादे किए हैं, उन्हें पूरा किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने गुरुवार को मंडी बाईपास पर स्थित नृसिंह दास बालाजी मंदिर में पहुंचकर बालाजी महाराज के दर्शन कर प्रदेश में खुशी की कामना की। इसके बाद कार्यकर्ताओं द्वारा उनको लड्डूओं से तोलकर समाजसेवी रामकुमार सैनी के नेतृत्व में माल्यार्पण कर व साफा ओढाकर स्वागत किया व कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा भीमराव अम्बेडकर का प्रतीक चिह्न दिया।

कार्यक्रम में डिप्टी सीएम ने कहा कि उप चुनाव में प्रदेश की सातों सीटों पर बीजेपी जीतेगी। प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि सीएम भी प्रदेश को विकसित राजस्थान बनाने में लगे हुए हैं।प्रदेश में बेरोजगारी की बड़ी समस्या है। युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा रोडवेज व प्राइवेट बसें बाईपास जातीं हैं। उन बसों को शहर के अंदर से जाने के लिए ज्ञापन दिया। वहीं मुकुंदगढ़ रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज एवं जम्मू कटरा चलने वाली ट्रेनों का ठहराव कराने का ज्ञापन भी सौंपा। जिस पर दोनों समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर युवा पार्षद अजय सैनी, रामावतार नारनौलिया, पूर्व भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण रुंथला, ओमप्रकाश ढाका, प्रेमपाल दूलड़, चंद्रपाल दूलड़, सीताराम शर्मा, भास्कर दूलड़, गोविंद शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, योगेश सैनी, सुरेश सैनी, दिनेश यादव, आचार्य कपिल शर्मा, राकेश गुर्जर, अमर सिंह धीरज, विनोद बिरख, सुभाष खीचड़, बनवारीलाल सानेल, दोलाराम बागड़ी, हरीश गोदारा, संजय जाखड़, सुशील जगनाणी, श्यामसुंदर सैनी, चंद्रशेखर शर्मा, संजना सैनी सहित कार्यकर्ताओं ने पुष्प मालाओं से प्रेमचंद बैरवा का अभिनंदन किया।

झुंझुनू में उप चुनाव को लेकर अब प्रचार ने जोर पकड़ा :-झुंझुनू विधानसभा सीट पर होने वाले विधानसभा उप चुनाव को लेकर अब प्रचार ने जोर पकड़ लिया है। गुरूवार को डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा झुंझुनूं दौरे पर रहे। भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू के समर्थन में चुनाव कार्यालय में आयोजित अनुसूचित जाति मोर्चा के सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि में हमारे प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में हर जगह गया हूं। आमजन की भावना हमारी पार्टी व प्रत्याशी के साथ है। पिछले 10 महीने में भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश में बहुत से जन हितैषी विकास कार्य हुए हैं। भाजपा का दूसरा नाम ही विकास है। भजनलाल के काम की सब सराहना कर रहे है। प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा राजस्थान की जनता के हित में किए गए कार्यों का फायदा झुंझुनू विधानसभा के इस उप चुनाव में मिलेगा। यहां से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू जीतने में जरूर सफल होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति हमेशा से भाजपा के साथ रही है। इस बार झुंझुनू की सीट पर बीजेपी की पक्की जीत होने जा रही है। इससे झुंझुनूं पहुंचने पर डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा का भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम के मंच पर पूर्व सांसद सीकर स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, विधायक विश्वनाथ, गोवर्धन वर्मा, जेपी चंदेलिया, भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया, सीताराम लूंगरिया, कैलाश मेघवाल, पवन मेघवाल, डॉ. सुरेंद्र बरवड़, शिवकुमार जेवरिया, सुरेंद्र भाटिया, हरिश गोयल, पूर्व विधायक रणवीर गुढ़ा व चूरू विधायक हरलाल सहारण उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में भाजपा के 11 कार्यकर्ता घायल

## पांच गंभीर घायल रेफर, दरियाटी से भाजपा युवा मोर्चा सम्मेलन में भाग लेकर लौट रहे थे

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले कुआं थाना क्षेत्र के मालाखोलड़ा गांव में एक पिकअप और इको कार की टक्कर में भाजपा 11 कार्यकर्ता घायल हो गए। गुरूवार को कुआं थाना क्षेत्र के मालाखोलड़ा गांव में एक पिकअप और इको कार की टक्कर हो गई। हादसे में इको कार सवार भाजपा के 11 कार्यकर्ता घायल हो गए। सभी लोग दरियाटी से भाजपा युवा मोर्चा सम्मेलन में भाग लेकर लौट रहे थे। घायलों को सीमलवाडा अस्पतालमें भर्ती करवाया गया है। वहीं 5 गंभीर घायलों को रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार दरियाटी गांव में आयोजित भाजपा युवा मोर्चा सम्मेलन मेंभागलेकर गैलन गांव निवासी भाजपा के 11 कार्यकर्ता लौट रहे थे। इस दौरान मालाखोलड़ा गांव के पास उनकी कार को पिकअप ने टक्कर

■ **कुआं थाना पुलिस सीमलवाडा अस्पताल पहुंची**

मार दी। हादसे में इको सवार 11 लोग घायल हो गए। सूचना पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को सीमलवाडा अस्पताल लाया गया। जहां पर डॉक्टर्स ने घायलों का उपचार शुरू किया। वहीं, 5 गंभीर घायलों को रेफर किया गया है। सूचना पर कुआं थाना पुलिस भी सीमलवाडा अस्पताल पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना पर प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराडी, भाजपा प्रत्याशी कारीलाल ननोमा भी सीमलवाडा अस्पताल पहुंचे और घायलों की कुशलक्षेम पूछी।


**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2024-25/156 - 158 Date : 05/11/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या : 43/2024-25**

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | |
|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | : रूपये 1315.68 लाख (02 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | : 07.11.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 28.11.2024 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : 07.11.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 28.11.2024 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : 29.11.2024 को प्रातः 11.00 बजे (तकनिकी बिड) |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No. : ITU2425WLOB00347, ITU2425WLOB00348

राज.संवाद/सी/24/7418

अधिशाषी अभियन्ता - तृतीय
उदयपुर विकास प्राधिकरण



**कार्यालय नगरपालिका टोडारायसिंह जिला केकडी (राज)**
E-Mail – nptodaraisingh@gmail.com Ph. – 01433-294303

क्रमांक : नपाटो/ विकास/ई निविदा/2024–25/2567 दिनांक :– 06.11.2024

**ई–निविदा सूचना संख्या (06/2024–25)**

एतद्द्वारा यह है कि राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध हैं एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर देखी जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| NIB NO | DLB2425A3724 | |
| UBIN NO | DLB2425SLOB11577 | DLB2425SSOB11578 |
| निविदा के कुल कार्य | 02 (दो) | |
| निविदा की अनुमानित लागत | राशि रू. 24.95 (लाखों में) | |
| निविदा जारी करने की दिनांक | 06.11.2024 | |
| निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने की शुरूआती दिनांक व समय | 08.11.2024 9:00 AM | |
| निविदा दस्तावेजों को अपलोड करने हेतु अन्तिम दिनांक व समय | 18.11.2024 12:00 PM | |
| निविदा शुल्क के डी.डी./दस्तावेज जमा करवाने हेतु दिनांक व समय | 19.11.2024 11:00 AM | |
| तकनिकी बिड खोलने की दिनांक व समय | 19.11.2024 2:00 PM | |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | Will be Intimated Latter to the technically Qualified Bidders | |
| बिड की वैधता समयावधि | 180 दिन | |

राज.संवाद/सी/24/7431

अध्यक्ष नगरपालिका टोडारायसिंह
अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका टोडारायसिंह




पशुपालन और गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले की तैयारी का जायजा लेने पुष्कर पहुंचे। मेले में उन्होंने मेला स्थल पर विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने के निर्देश दिए। कुमावत ने इस अवसर पर वहां उपस्थित पशुपालकों से बात कर उनकी समस्याओं को ध्यान से सुना और उसका निराकरण करने का आश्वासन दिया।

## सीएम भजनलाल शर्मा कल झुंझुनूं आयेंगे

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं सीट पर हो रहे उप चुनाव को लेकर बीजेपी ने पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा के बड़े नेता धुंआधार दौरा कर रहे हैं। सीएम भजनलाल शर्मा दूसरी बार झुंझुनूं आएंगे। मुख्यमंत्री नौ नवंबर को सुलताना कस्बे में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। सीएम भजनलाल शर्मा के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने सभा स्थल और हेलिपैड का जायजा लिया। प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया कि सीएम भजनलाल शर्मा नौ नवंबर को भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू के समर्थन में सुलताना कस्बे में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले सीएम ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में झुंझुनूं में नामांकन सभा को संबोधित किया था। इधर कांग्रेस पार्टी की ओर से अभी तक किसी बड़े नेता की एंट्री नहीं हुई है।

# दो हजार नशीले कैप्सूल के साथ दो युवकों को पकड़ा

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** शहर की जवाहर नगर थाना पुलिस ने बारहमासी नहर की पटरी पर 2 युवकों को 2 हजार नशीले कैप्सूल के साथ पकड़ा। आरोपियों ने ये कैप्सूल 200 स्ट्रिप्स में रखे हुए थे। वे इसे श्रीगंगागनर की तरफ लेकर आ रहे थे। शहर के नजदीक गांव साधुवाली में बारहमासी नहर की पटरी पर पुलिस ने इन्हें धर दबोचा।

जानकारी के अनुसार पुलिस को इस इलाके में युवकों के नशीले कैप्सूल लेकर आने की सूचना मिली थी। इस पर बारहमासी नहर पर हेड कॉन्स्टेबल जिंद्रपाल पहुंचे। वहां दो युवक नजर आए। उन्हें रोककर तलाशी ली तो उसके पास 200 स्ट्रिप्स में दो हजार नशीले कैप्सूल मिले। आरोपी गांव छापांवाली के सुरेंद्र सिंह पुत्र जगसीर सिंह और पन्नीवाली के श्योप्रकाश पुत्र रजीराम को पुलिस थाने ले आई। दोनों से पूछताछ शुरू की गई है। दोनों के कैप्सूल इस इलाके में लाने के पीछे उनके इरादे के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं इन कैप्सूल के मुख्य सप्लायर के बारे में भी पता किया जा रहा है।

**12500 नशीली टैबलेट के साथ तस्कर गिरफ्तार :-** सूरतगढ़ के सिटी थाना पुलिस और एसओजी की टीम ने संयुक्त कार्रवाई में सूरतगढ़-बीकानेर हाईवे पर टिड्डी मंडल कार्यालय के पास एक तस्कर को 12500 ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड साल्ट की नशीली टैबलेट्स के साथ गिरफ्तार किया है। यह सिटी पुलिस की लगातार पांचवीं बड़ी कार्रवाई है जिसमें नशा तस्कर को पकड़ा गया है।

सिटी सीआई दिनेश सारण ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक शहर में नशीली गोलियों की खेप सप्लाई करने वाला है। सूचना पर थाना के सब-इंस्पेक्टर सम्पत राम धायल, हेड कॉन्स्टेबल दुर्गादत, कॉन्स्टेबल वेदप्रकाश, सुरेश कुमार, सुरेन्द्र कुमार और संजीव कुमार की टीम ने सूरतगढ़-बीकानेर नेशनल हाईवे पर टिड्डी मंडल कार्यालय के पास नाकाबंदी की। इसी दौरान एक युवक बीकानेर की ओर से बाइक पर आता दिखा। पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर युवक के पास से ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड साल्ट की प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामद हुई।


**कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड जिला उदयपुर (राज.)**

क्रमांक :– न.पा.फ.स./स्टोर/ 2024–25/1673 दिनांक :– 05.11.2024

**–:: ई निविदा सूचना ::–**

नगरपालिका फतहनगर सनवाड द्वारा वार्षिक अनुबन्ध 2024–25 हेतु निम्नांकित कार्यो के लिए पंजीकृत ठेकेदारो एवं अन्य विभागो के निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत नियमानुसार योग्य संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में मुहरबंद ई निविदाये आंमत्रित की जाती है। उक्त निविदा से संबधित विस्तृत विवरण पोर्टल sppp.rajasthan.gov.in एवं http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

| | |
|---|---|
| कुल कार्य | 3 |
| कार्यो कि कुल लागत | 45.00 लाख |
| ऑनलाईन फार्म मिलने/डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 08.11.2024 प्रातः 09.00 बजे से दिनांक 18.11.2024 साय 06.00 बजे तक |
| ऑनलाईन फार्म जमा कराने की दिनांक | दिनांक 08.11.2024 प्रातः 09.00 बजे से दिनांक 18.11.2024 साय 06.00 बजे तक |
| ऑफलाईन निविदा शुल्क, धरोहर, दस्तावेज जमा कराने की अंतिम दिनांक | दिनांक 19.11.2024 प्रातः 11.00 बजे तक। |
| ऑनलाईन तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 19.11.2024 दोपहर 02.00 बजे से। |
| ऑनलाईन वित्तिय निविदा खोलने की दिनांक | तकनीकी अर्हता रखने वाले की वित्तिय निविदा खोली जावेगी। |
| युबीएन कोड | DLB2425SLOB11616 |

निविदा से संबधित विवरण वेबसाईट http://www.sppp.rajasthan.gov.in व http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदको को अपने डिजीटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत होना आवश्यक है।

राज.संवाद/सी/24/7466

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, फतहनगर सनवाड़


# लाल डायरी को लेकर फतेहपुर विधायक हाकम अली ने बड़ा बयान दिया

## ‘मैंने और विधायक रफीक खान ने ही गुढ़ा से विधानसभा में लाल डायरी छीनी थी’

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं के उप चुनाव में लाल डायरी एक बार फिर सुर्खियों में है। जानकारी के अनुसार लाल डायरी के बाद चर्चाओं में आए पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा झुंझुनूं विधानसभा में निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे है। उनके निशाने पर कांग्रेस प्रत्याशी अमित ओला और उनके पिता सांसद बृजेंद्र ओला है। तो कांग्रेस भी भाजपा से ज्यादा राजेंद्र सिंह गुढ़ा की हकीकत आम जनता को बता रही है। इन बयानबाजी के बीच ही अब फतेहपुर

■ **‘राजेंद्र सिंह गुढ़ा विश्वास करने के लायक नहीं है, यह सिर्फ धोखा है’**

से विधायक हाकम अली ने लाल डायरी को लेकर बड़ा बयान दिया है।

झुंझुनूं शहर के वार्ड नंबर 26 ईमाम नगर दरगाह के पास आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए हाकम अली ने कहा कि राजेंद्र सिंह गुढ़ा विश्वास करने के लायक नहीं है। यह सिर्फ धोखा है। कभी अशोक गहलोत का खास लोगों में राजेंद्र सिंह गुढ़ा का नाम आता था। लेकिन जब मौका आया तो अशोक गहलोत को भी राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने किनारे कर दिया।

यही नहीं हाकम अली ने पहली बार लाल डायरी को लेकर विधानसभा में हुए हंगामे पर भी बोले। उन्होंने कहा कि मैंने और विधायक रफीक खान ने ही गुढ़ा से विधानसभा में लाल डायरी छीनी थी। इसके बाद उसने गाली निकाली तो हमें उसके साथ मारपीट करनी पड़ी और फिर लात मारकर विधानसभा के बाहर निकाला। गुढ़ा कोई गुंडा नहीं है। विधानसभा के बाहर जाकर रोया था। गुढ़ा ने उन्हें धमकी दी थी कि बाहर निकलना। लेकिन हम उसकी धमकी के बाद भी बाहर निकले और हमारा कुछ नहीं बिगड़ा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ धोखा है। जिसने बसपा, कांग्रेस और शिव सेना के साथ धोखा किया। अब उप चुनाव में मुसलमानों के साथ धोखा कर गायब हो जाएगा। विधायक हाकम अली के इस बयान के बाद एक बार फिर लाल डायरी चर्चा में आ गई है।

## फरार आरोपी गिरफ्तार

**मनोहरपुर, (निसं)।** थाना पुलिस ने धोखाधड़ी स्वयं की गाड़ी में 3530 रूपये का डीजल भरवाकर फरार आरोपी प्रवीन खां को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी राजेंद्र यादव ने बताया कि परिवादी जितेन्द्र यादव पुत्र महादेव प्रसाद यादव ने रिपोर्ट पेश की कि मैं सरपंच फिलिंग स्टेशन नवलपुरा में सैल्समैन का काम करता हूँ। 14. अगस्त को रात्रि में एक वर्ना सफेद कलर की गाड़ी में चार व्यक्ति जयपुर की तरफ से सवार होकर आये और पेट्रोल पम्प पर गाड़ी में डीजल भरवाने के लिए रोके और गाड़ी में डीजल की टंकी फुल करवायी जिसमें 3530.29 रूपये का डीजल भरने के बाद उक्त व्यक्ति बारकोड को स्केन कर लिये और बिना भुगतान किये ही मुझे जान से मारने की ऐलानिया धमकी देकर गाड़ी को लेकर मोके से फरार हो गये। पुलिस टीम ने अभियुक्त प्रवीन खां पुत्र सकुर खान को गिरफ्तार किया।


**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति ‘‘अ श्रेणी’’ भवानीमण्डी जिला झालावाड़**

क्रमांक :– 1087–97 दिनांक :– 05.11.2024

**बिड आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मण्डी समिति ''अ'' श्रेणी भवानीमण्डी द्वारा निम्नलिखित कार्य/कार्यो हेतु पंजीकृत संवेदको/व्यक्तियों/सहकारी संस्थाओं/स्वयंसेवी संस्थाओं/भूतपूर्व सैनिक सहकारी संस्थाओ से वार्षिक दर अनुबन्ध के आधार पर शर्तरहित ऑनलाईन (ई–प्राक्यूरमेंट) बोली आमंत्रित की जाती है।

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों मे) | बिड प्रपत्र शुल्क | बिड प्रोसेसिंग शुल्क | बोली प्रतिभूति (रू. में) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य मण्डी एवं 03 (तीन) गौण मण्डियो में सुरक्षा व्यवस्था का कार्य UBN No. DAM2425WSOB01008 | 70.00 | 1000 | 1000 | 140000 | दो वर्ष |
| 2 | मुख्य मण्डी एवं 03 (तीन) गौण मण्डियो में सफाई व्यवस्था का कार्य UBN No. DAM2425WSOB01009 | 20.00 | 500 | 500 | 40000 | दो वर्ष |
| 3 | कम्प्यूटर मैन विद् मशीन आपूर्ति कार्य UBN No. DAM2425WSOB01010 | 27.00 | 500 | 500 | 54000 | दो वर्ष |

**बोली आमंत्रण हेतु महत्वपूर्ण दिनांक एवं समय**

| क्र.सं. | विवरण | चौकिदारी व्यवस्था दिनांक | सफाई व्यवस्था तथा कम्प्यूटर व्यवस्था दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बोली आमंत्रण सूचना प्रकाशन एवं अपलोड दिनांक एवं समय | 06.11.2024 | 06.11.2024 | 04: 00 PM |
| 2 | बोली प्रपत्र डाउनलोड/बोली आरम्भ होने की दिनांक एवं समय | 06.11.2024 | 06.11.2024 | 05: 00 PM |
| 3 | बोली प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | 21.11.2024 | 18.11.2024 | 05: 00 PM |
| 4 | बोली प्रपत्र अपलोड/प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय | 21.11.2024 | 18.11.2024 | 06: 00 PM |
| 5 | बोली प्रपत्र शुल्क ई–प्रोक्यूरमेंट शुल्क, बोली प्रतिभूति के पृथक–पृथक 3 डी.डी. /बैंकर्स चैक मण्डी समिति में भौतिक रूप से जमा कराने की अंतिम तिथि एवं समय | 22.11.2024 | 19.11.2024 | 04: 00 PM |
| 6 | तकनीकी बोली खोलने की दिनांक एवं समय | 25.11.2024 | 20.11.2024 | 01: 00 PM |

बोली से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति भवानीमण्डी से प्राप्त की जा सकती है बिड प्रपत्र राजस्थान लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in या http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है एवं डाउनलोड किये जा सकते है एवं बोली http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन प्रस्तुत की जानी है।

राज.संवाद/सी/24/7455 सचिव प्रशासक

# राहुल ने अखंड भारत के निर्माण में राजघरानों के योगदान का मजाक उड़ाया : गजेंद्र सिंह शेखावत

- **देश के गौरव, मान-सम्मान के प्रतिक राजा-महाराजाओं का ये अपमान, नहीं सहेगा राजस्थान : डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल**
- **पूर्व राजपरिवारों पर राहुल गांधी की टिप्पणी निंदनीय : दिया कुमारी**

**जयपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखात ने कहा कि राहुल गांधी का भारत की समृद्ध विरासत के विषय में अज्ञान और औपनिवेशिक मानसिकता ने सभी सीमाओं को पार कर दिया है। उनके विचारों से भारत के स्वाधीनता संघर्ष और अखंड भारत के निर्माण में राजघरानों के योगदान का बेशर्मी के साथ मजाक उड़ाया गया है, जो अत्यंत निंदनीय है। शेखावत ने कहा कि हजारों साल में सनातन पर जितने भी हमले हुए, उन्हें राजस्थान के राजा–महाराजाओं ने पीढ़ियां कुर्बान करके बचाया। सनातन संस्कृति के मानबिंदुओं की रक्षा के लिए इन्होंने हमेशा बलिदान दिया। आज अगर इस देश में सनातन और हिंदुत्व जिंदा है तो उसका केवल और केवल कारण भारत के इन राजपरिवारों का बलिदान है।

राहुल गांधी के लिखे एक आलेख की निंदा करते हुए शेखावत ने कहा कि कांग्रेस के युवराज की भारतीय इतिहास की समझ कितनी भ्रष्ट और सलेक्टिव है, यह उनके आलेख से जाहिर होता है। यह हैरानी भरा है कि जो नेता भारत जोड़ो यात्रा के जरिए अपने को भारतीय जन–गण और मन के साथ ईमानदारी से खड़ा होने का दावा करता रहा है, वह अपने देश के स्वाधीनता संघर्ष और अखंड भारत के निर्माण के ऐतिहासिक तथ्यों के बारे में किस तरह कूपमंडूकता का शिकार है।


शेखावत ने कहा कि राहुल और उनकी पार्टी के विचार आज भी गुलामी और औपनिवेशिकता की ग्रंथि से ग्रस्त हैं, जो उस भ्रष्ट इतिहास बोध को दिखाती है, जिसके तहत वे आजादी के बाद मुगलों और मुस्लिम आक्रांताओं के इतिहास को ही देश का इतिहास बताते रहे हैं। राहुल का आलोख उस मानसिकता को दिखाता है, जो भारतीय गौरव और स्वाधीन चेतना के महाराणा प्रताप व वीर शिवाजी जैसे अमर नायकों को इतिहास की किताबों के साथ, लोगों की स्मृति से भी दूर करने कोशिश में जुटी रही है।

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने राहुल गांधी के बयान को घटिया, अपमान जनक और मूर्खतापूर्ण बताते हुए कहा कि राहुल गांधी को देश के संपूर्ण क्षत्रिय समाज से माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी ने इस तरह का बयान देकर देश के मान–सम्मान और गौरव के प्रतीक राजा–महाराजाओं का अपमान किया है। राजस्थान की सभ्यता, राजस्थान की अस्मिता और राजस्थान की संस्कृति के लिए किसी राष्ट्रीय नेता द्वारा इतना अपमानजनक आचरण और अपमान जनक टिप्पणी कतई स्वीकार्य नहीं होगी। क्षत्रिय समाज का ये अपमान, नहीं सहेगा राजस्थान। अग्रवाल ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा जारी आलेख में कहा कि देश के राजपूत समाज, राजा–महाराजाओं ने अंग्रेजों की दलाली की, गुलामी की, यह पूर्णतया मूर्खतापूर्ण बयान है। जिस भारत की संस्कृति और सभ्यता की बात आज हम कर रहे है, उसको बनाए रखने में, उसका सरंक्षण और संवर्धन करने में इन्हीं राजपूत राजा–महाराजाओं की बहुत बड़ी भूमिका रही है। हमने बचपन से पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप जैसे महान यौद्धाओं को पढ़ा, वे हमारे आदर्श हैं। ऐसे समाज का अपमान करने वाले राहुल गांधी को मेरी स्पष्ट सलाह है कि अपनी मुर्खतापूर्ण बयान को वापस लें और सार्वजनिक रूप से माफी मांगे, अन्यथा आने वाले दिनों में इनका प्रचंड विरोध किया जाएगा।

वहीं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उस लेख की निंदा की है जिसमें उन्होने पूर्व राजपरिवारों के विरुद्ध अनर्गल टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अंग्रेज़ी औऱ हिन्दी अखबारों में अपने लेख के माध्यम से पूर्व राजपरिवारों पर सारहीन आरोप लगाया है कि महाराजाओं को रिश्वत दे कर अंग्रेजों ने भारत पर शासन किया। राहुल गांधी द्वारा लिखे गये लेख में पूर्व राजपरिवारों की छवि धूमिल करने के प्रयास की मैं कड़े शब्दों में निंदा करती हूँ। दिया कुमारी ने कहा कि एकीकृत भारत का सपना पूरा करने के लिए सभी राजपरिवारों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। राहुल गांधी को इतिहास की जानकारी नही है। उनके द्वारा इतिहास के तथ्यों को जाने बिना इस तरह के लेख लिखना नितान्त अनावश्यक और निंदनीय है। वे अपनी राजनीतिक छवि को चमकाने के लिए दूसरों के परिवारों पर कीचड़ उछालना बंद करे और अपने संवैधानिक पद की मर्यादा को बनाये रखे।

# राजस्थान विधानसभा सर्वश्रेष्ठ बनने की ओर अग्रसर : देवनानी

- **राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ का 67वां सम्मेलन**
- **देवनानी की सिंध विधानसभा अध्यक्ष कादिर शाह से मुलाकात**





विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी

**जयपुर।** विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि राजस्थान विधान सभा में जन–दर्शन, सर्वदलीय बैठक, भारतीय वर्ष के अनुसार दैनन्दिनी और वार्षिक कैलेण्डर का प्रकाशन कर ऐतिहासिक नवाचार किये गये हैं। उन्होंने कहा कि नई गति, नई दिशा और नवाचारों के साथ राजस्थान विधान सभा सर्वश्रेष्ठ विधान सभा बनने की ओर अग्रसर है। देवनानी ने गुरुवार को सिडनी (आस्ट्रेलिया) में आयोजित राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के 67 वें सम्मेलन के दौरान आयोजित साधारण सभा में राजस्थान विधान सभा में किये जा रहे नवाचारों की जानकारी दी।

देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधान सभा के द्वार आमजन के लिये खोल दिये गये हैं। विधान सभा में राजनैतिक आख्यान संग्रहालय का आमजन, विद्यार्थी और शोधार्थी अवलोकन कर रहे हैं। दिन–प्रतिदिन आमजन की संख्या संग्रहालय को देखने के लिये बढती जा रही है। राजस्थान की समृद्ध संस्कृति और राजनैतिक इतिहास की देश और विदेशों में पहचान बन रही है। जन– दर्शन से राजस्थान विधान सभा की अनूठी इमारत को पर्यटकों को निकटता से निहारने का मौका मिल रहा है। राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ की साधारण सभा में भारत के विभिन्न राज्यों की विधान सभाओं के अध्यक्षों ने भारत के गौरव राष्ट्रीय ध्वज के साथ सामूहिक रूप से प्रवेश किया। विदेशी धरती पर भारत के गौरव तिरंगे को लहराकर भारत के विभिन्न राज्यों की विधान सभाओं के अध्यक्षों ने गौरव की अनुभूति की।

देवनानी और कादिर शाह की मुलाकात राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सम्मेलन में विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से सिंध विधान सभा अध्यक्ष ओवैस कादिर शाह की मुलाकात हुई। देवनानी ने बताया कि इस मुलाकात में सिंघ के कला, संस्कृति और इतिहास के बारे में जानकारी साझा की गई। दोनों के बीच सिंधी भाषा में संवाद हुआ। कादिर शाह ने देवनानी को पाकिस्तान आने का निमंत्रण भी दिया।

# डूबते सूर्य भगवान को दिया अर्घ्य



**छठ सूर्य उपासना महापर्व के तीसरे दिन गुरुवार को 36 घंटे का व्रत रखे हुए श्रद्धालुओं ने शाम को सूर्यास्त के समय कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया।**

**जयपुर।** उत्तर भारतीयों के चार दिवसीय छठ सूर्य उपासना महापर्व के तीसरे दिन गुरुवार को 36 घंटे का व्रत रखे हुए श्रद्धालुओं ने शाम को सूर्यास्त के समय कमर तक पानी में खड़ी होकर सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया। गलताजी, आमेर के सागर, मावठे में शाम होने से पहले ही बड़ी संख्या में व्रती बांस की टोकरी में मौसमी फल, ठेकुआ, कसर, गन्ना और पूजा का सामान लेकर पहुंच गए। सूर्य के अस्ताचल की ओर बढ़ते ही सभी श्रद्धालु कमर तक पानी में खड़े होकर लोक गीत गाते हुए सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया।

मान्यताओं के अनुसार शाम के समय सूर्य अपनी पत्नी प्रत्युषा के साथ समय बिताते हैं। इसलिए छठ पूजा में शाम को डूबते सूर्य को अघ्र्य देने से उनकी पत्नी प्रत्युषा की भी उपासना हो जाती है। इस वजह से व्रती की मनोकामनाएं जल्द पूर्ण होती हैं। मुख्य रूप से गलताजी तीर्थ, शास्त्री नगर स्थित स्वर्ण जयंती गार्डन के पीछे किशनबाग में, हसनपुरा में दुर्गा विस्तार कॉलोनी, दिल्ली रोड, प्रताप नगर, मालवीय नगर, रॉयल सिटी माचवा, मुरलीपुरा, आदर्श नगर, विश्वकर्मा, जवाहर नगर, निवारू रोड, झोटवाड़ा में लक्ष्मी नगर, कानोता, आमेर रोड, सोडाला, अजमेर रोड, हीरापुरा पावर हाउस, सिविल लाइंस, गुर्जर की थड़ी, आकेड़ा डूंगर सहित अन्य क्षेत्रों में शाम का अर्घ्य दिया गया। कॉलोनियों में कृत्रिम जलाशयों का निर्माण कर अघ्र्य दिया गया।

गलताजी सहित अन्य जल स्त्रोतों पर रात भर जागरण हुआ। उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, बिहार के लोक गायकों ने छठ मैया का गुणगान किया। गलताजी में एस के सिन्हा, डॉ. ए के ओझा, चंदन रावत, राम आशीष प्रजापत, संजीव मिश्रा, रंजीत पटेल, नरेश मिश्रा, शशि शंकर झा, सत्यनारायण यादव, देवेंद्र मंडल, राहुल कुमार, चंदन सिंह, प्रहलाद मंडल, रूप किशोर, नोखेलाल महतो एवं अन्य ने स्वयंसेवक के रूप में गलताजी तीर्थ पर सेवाएं दीं। बिहार समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन शर्मा, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुरेश पंडित, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुभाष बिहारी ने अलग–अलग स्थानों पर व्यवस्थाएं संभाली।

आठ नवंबर को संतान की लंबी आयु की कामना के साथ उगते सूर्य भगवान को छठ मैय्या मानते हुए अर्घ्य दिया जाएगा। व्रती छठ मैया से सुख–समृद्धि की कामना करेंगे। अघ्र्य के बाद व्रती घर आकर पारणा करेंगे। जिनके घर में किसी कार्य सिद्धी के लिए कामना की गई थी उसके पूरा होने पर मांगी कोसी भरा जाएगा। भोर में कोसी के साथ गन्ना, ठेकुआ आदि प्रसाद को एक साथ बांध दिया जाता है। सूर्य देव को लालिमा से पहले कोसी का विसर्जन किया जाएगा। कोसी में मिट्टी के हाथी पर दो कलश, गन्ने के साथ खड़ा किया जाता है।

## एस.आई.टी. गठित करे राज्य सरकार : आयोग

**जयपुर।** राज्य मानवाधिकार आयोग ने कहा है कि आयोग के समक्ष पुलिसकर्मियों की ओर से मारपीट और दुर्व्यवहार करने सहित अन्य शिकायतें आती हैं। आरोपी के ऐसे आरोप लगाना और पुलिसकर्मी के ऐसे आक्षेपों को नकारना, एक सामान्य बात है। इसके बावजूद किसी भी नागरिक के कानूनी अधिकारों की अवहेलना करना एक गंभीर मुद्दा है।

आयोग ने कहा कि कानून ऐसी स्वतंत्रता नहीं देता कि किसी नागरिक के साथ विधि विरुद्ध आचरण किया जाए। इसलिए जरूरी है कि पुलिसकर्मी के खिलाफ आई शिकायत की जांच एक स्वतंत्र कमेटी की ओर से की जाए। इसके साथ ही आयोग ने डीजीपी और गृह सचिव को कहा है कि वे ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच के लिए एक विशेष दल का गठन करें। वहीं इसमें संबंधित जिले के एक सरकारी चिकित्सक और उपखंड अधिकारी सहित घटना से भिन्न क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक को शामिल किया जाए। आयोग ने कहा कि पूर्व में दिए गए निर्देशों के क्रम में जयपुर पुलिस कमिश्नर ने ऐसे मामलों की जांच के लिए एसआईटी गठित कर प्रशंसनीय कदम उठाया है।

# एम.बी.सी. वर्ग ने दी फिर आंदोलन की चेतावनी

## लंबित मांगें पूरी नहीं किए जाने पर उपचुनावों में भाजपा का किया जाएगा विरोध?

- **पीलूपुरा में एक बार फिर से रेल रोकने की चेतावनी दी**
- **गुर्जर समाज की ओर से प्रहलाद खटाना एवं राहुल प्रधान ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी**

**जयपुर।** एमबीसी वर्ग की लंबित मांगो को पूरा नहीं किए जाने पर गुर्जर आरक्षण एमबीसी वर्ग ने एक बार फिर आंदोलन की चेतावनी दी है। इसके लिए गुरूवार को गुर्जर समाज की ओर से प्रहलाद खटाना एवं राहुल प्रधान ने प्रेसवार्ता कर बताया कि राज्य सरकार और गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के बीच हुए समझौते की कई मांगें अभी भी लंबित हैं। इसके साथ ही सरकारी भर्तियों में 2013 में एक फीसदी आरक्षण के साथ ही नियुक्तियां दी गई थी, ऐसे में शेष 4 फीसदी पदों को भी भरा जाए।

प्रहलाद खटाना ने चेतावनी दी कि अगर राज्य सरकार ने जल्द ही उनकी मांगों का समाधान नहीं किया तो सरकार के विरोध में एक बार फिर पीलूपुरा में आंदोलन की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि अब तक के आंदोलन में समझौते के बाद ही आंदोलन समाप्त कर दिया गया लेकिन अब अगर आंदोलन शुरू हुआ तो मांगे पूरी होने तक समाप्त नहीं किया जाएगा।

खटाना ने कहा कि प्रदेश में बड़ा जनसंख्या वर्ग होने के बाद भी एमबीसी के जवाहर सिंह बेडम को गृह राज्य मंत्री ही बनाया गया है, उन्हें जल्द केबिनेट मंत्री बनाया जाए। साथ ही देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष की घोषणा हो गई लेकिन उन्हें कोई सुविधा नहीं दी गई है। ऐसे में उन्हें कार्यालय, बंगला और स्टाफ उपलब्ध करवाया जाए। साथ ही गुर्जर आंदोलन के दौरान शहीद रूपनारायण गुर्जर के परिजनों को अब तक सरकारी नौकरी नहीं दी गई है, इसकी फाइल भी सीएमओ पहुंच गई है लेकिन उस पर लंबे समय से कोई निर्णय नहीं किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जनसंख्या के हिसाब से एमबीसी वर्ग का आरक्षण कोटा भी बढाया जाए। साथ ही एमबीसी के लिए भी अलग से प्रमाण पत्र जारी करने की व्यवस्था की जाए।

साथ ही उन्होंने देवनारायण बोर्ड का बजट बढ़ाकर एक हजार करोड़ करने और छात्रवृति स्कूटी और अन्य सहायता का दायरा बढ़ाकर समय पर वितरण की व्यवस्था करवाने की मांग की।

## 'पॉक्सो से जुड़े मामले समझौते के आधार पर रद्द नहीं हो सकते'

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान की नाबालिग स्कूल छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न से जुड़े मामले में कहा है कि बच्चों के साथ हुए गंभीर अपराधों को पक्षकारों के बीच हुए समझौते के आधार पर रद्द नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट के 4 फरवरी, 2022 के उस आदेश को भी गलत मानकर निरस्त कर दिया, जिसमें नाबालिग छात्रा के परिवार और आरोपी शिक्षक के बीच हुए आपसी समझौते के आधार पर मामले में दर्ज एफआईआर को रद्द किया गया था। जस्टिस सी.टी. रविकुमार और जस्टिस संजय कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश पीड़िता के गांव के एक निवासी की याचिका पर दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि फटी हुई जैकेट को जैकेट को जल्द ठीक किया जा सकता है, लेकिन एक बच्चे का घायल दिल फिर से जीवित नहीं हो सकता।

# सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने के बाद तुरंत प्लानिंग करें : आनंदी

## शहर में भूखंड़ों की नीलामी करके और लीज डीड के बकायेदारों से वसूली करके राजस्व कोष मजबूत करेगा जे.डी.ए. प्रशासन




**जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने गुरूवार को सभी प्रकोष्ठ के अधिकारियों की बैठक ली।**

- **कमिश्नर ने अफसरों से नियमन शिविर और आवासीय-व्यावसायिक योजनाएं जल्द धरातल पर उतारने के लिए कहा**
- **जयपुर शहर में अवैध तरीके से संचालित विवाह स्थलों पर भी कार्रवाई के लिए निर्देश दिए**

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर ।** जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने गुरूवार को जेडीए के तमाम विभागों के अफसरों की बैठक ली। उन्होंने आगामी दिनों में लगाये जाने वाले नियमन शिविरों, सरकारी जमीनों से हटाए गए अतिक्रमणों और पॉश एरिया की जमीनों की प्लानिंग के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही कमर्शियल जमीनों की नीलामी करने, लीज डीड के बकायेदारों को नोटिस जारी कर राजस्व वसूलने तथा अवैध रूप से संचालित विवाह स्थलों पर कार्रवाई के लिए अफसरों को निर्देश दिए।

जेडीए कमिश्नर आनंदी ने कहा कि जिन सरकारी भूमियों से अवैध अतिक्रमण और कब्जा हटाया जाए, वहां तुरंत प्लानिंग करे, ताकि दुबारा अतिक्रमण की स्थिति नहीं बनें। अगर इसके बाद भी सरकारी जमीन पर पुन: अतिक्रमण होता है तो संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाकर कानूनी कार्रवाई की जाये। जेडीए की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए जोन–1 से जोन–7 तक की 2–2 संपत्तियों तथा जोन–8 से 14 तक की सेक्टर कॉमर्शियल और अन्य प्रकार की 25–25 संपत्तियों को चिन्हित करके नीलामी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने उपायुक्तो से पूछा कि जेडीए प्रशासन द्वारा एग्रो वेयर हाउस, वेयर हाउस, फार्म हाउस, व्यावसायिक, आवासीय एवं अन्य योजनाएं लांच की जो प्लानिंग की जा रही है, उसका काम कहां तक पहुंचा। जल्द से जल्द जेडीए द्वारा स्कीम लॉन्च करने का काम किया जाये। जेडीए का राजस्व कोष मजबूत करने के लिए जिन बड़े भूखंडधारियों पर लीज डीड राशि बकाया है, उन्हें नोटिस थमाकर वसूली करें। इसके साथ ही अदालतों में चल रहे लंबित केसों में भी प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करवायी जाये। जेडीए क्षेत्राधिकार में अवैध रूप से संचालित विवाह स्थलों को नोटिस जारी करें। साथ ही नगर निगम ग्रेटर–हैरिटेज क्षेत्राधिकार में अवैध रूप से संचालित विवाह स्थलों की एनओसी निरस्त कर नियमानुसार कार्यवाही की जाये।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आज से धुआंधार चुनावी दौरे

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश की जिम्मेदारी के साथ ही उप चुनाव पर लगातार निगाहें बनाए हुए हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा धुआंधार चुनावी दौरों की शुरूआत करते हुए शुक्रवार को देवली–उनियारा विधानसभा क्षेत्र में तथा शनिवार को झुंझुनूं व खींवसर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

इसी तरह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा लगातार पार्टी के कार्यकर्ताओं से संवाद कर फीडबैक ले रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा है कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के उपचुनावों में सारी सीटें जीत रही हैं। इसी बौखलाहट में कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के नेता अनर्गल एवं असंसदीय भाषाओं का प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता कांग्रेस से सतर्क रहे, क्योंकि कांग्रेस हमेशा की तरह और झूठ और अफवाह के सहारे सभी हथकंडे अपनाने पर उतारू है।

शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आ ान करते हुए कहा कि कांग्रेस के भ्रामक प्रचार का हमारी सरकार के विकास कार्यों से मुंहतोड़ जवाब दें। उन्होंने कहा कि पिछले 10 महीने के कार्यकाल में हमारी सरकार द्वारा किए गए विकास के कार्यों को घर–घर तक पहुंचाए। हमने सबका साथ–सबका विकास की भावना के साथ बिना किसी भेदभाव के प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में विकास के काम करवाये हैं। इन विकास कार्यों के पत्रको को घर–घर तक पहुंचाए।

## 'मेरिट के आधार पर कर सकते हैं सीट आवंटित'

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नीट यूजी स्ट्रे राउंड काउंसलिंग से जुडे मामले में दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया है। हालांकि अदालत ने कहा है कि यदि फीस आदि जमा नहीं कराने के कारण यदि सीटें खाली रहती हैं तो उसे मेरिट के आधार पर याचिकाकर्ताओं से भरा जा सकता है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश संजय चौधरी व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं को खारिज करते हुए दिए।

याचिकाओं में कहा गया कि नीट यूजी की काउंसलिंग में हर बार पहले एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए अभ्यर्थी को मेडिकल कॉलेज आवंटित किया जाता था और उसके बाद उसके दस्तावेज सत्यापन किए जाते थे।



**राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से गुरुवार को राजभवन में भारतीय पुलिस सेवा के 76 आर.आर.( 2023 बैच ) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुलाकात की। राज्यपाल ने अधिकारियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध होकर समर्पित भाव से कार्य करने का आव्हान किया। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने का आव्हान किया। उन्होंने पुलिस सेवा में कानून व्यवस्था की सभी स्तरों पर पालना करवाने के साथ अपराध नियंत्रण के लिए सदा सजग रहते हुए कार्य करने पर भी जोर दिया।**

# "राइजिंग राजस्थान" जिला स्तरीय इन्वेस्टमेंट समिट में आज होंगे 45 हजार करोड़ रु. के एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर

**जयपुर** (कासं)। जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिलों की जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन 8 नवंबर 2024 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में 45 हजार करोड़ के 205 निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर होंगे, जिससे 2 लाख 6 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

जिला कलक्टर ने गुरुवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों का जायजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। इस दौरान उन्होंने बताया कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिले अपनी अहम भागीदारी निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। जिला कलक्टर ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के तहत जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिले में जेम्स एंड ज्वैलरी, मेडिकल, स्पोर्ट्स, गारमेंट, वेयरहाउस, ई–वेस्ट, केबल, रीयल एस्टेट, ऑयल रिफायनरी एवं टेक्सटाइल सहित अन्य प्रमुख क्षेत्रों के निवेशकों ने नए उद्योगों की स्थापना एवं औद्योगिक विस्तार में अपनी रुचि दिखाई है। जिले में मुख्य रूप से जैम्स बूर्स ने 11 हजार करोड, गो अभ्यारण हेतु 3 हजार करोड़, ऑयल रिफाइनरी हेतु 1 हजार 500 करोड़, एवीए इडिबल ऑयल द्वारा 1 हजार 200 करोड़, क्रेडाई ने 1 हजार करोड़, मंगलम समूह ने औद्योगिक पार्क हेतु 1 हजार करोड के एमओयू पर सहमति जाहिर की है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन, अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने एवं ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित के लिए उद्यमियों, निवेशकों एवं 34 औद्योगिक संगठनों के साथ बैठक निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने का हर संभव प्रयास किया गया है।कलक्टर ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के तहत जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिले में निवेश प्रोत्साहन, औद्योगिक विकास एवं रोजगार सृजन के लिए जिला प्रशासन लगातार निवेशकों, उद्यमियों एवं औद्योगिक समूहों से लगातार संपर्क किया है।

## प्रिंसिपल को हटाने की मांग

**अनूपगढ़,** (कासं)। जिले के गांव बांडा कॉलोनी में 27 सितम्बर को ग्रामीणों ने सरकारी स्कूल के बाहर प्रिंसिपल विमला परिहार पर अनुचित और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए स्कूल के बाहर धरना लगा दिया था। हालांकि डीईओ जितेन्द्र कुमार बठला की मध्यस्थता के बाद ग्रामीणों ने आंदोलन खत्म कर दिया था।

27 अक्टूबर को प्रिंसिपल विमला परिहार ने कुछ ग्रामीणों पर महिला अत्याचार, उत्पीड़न, एससी-एसटी व मारपीट का आरोप लगाते हुए अनूपगढ़ पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया था। जिसका विरोध सभी ग्रामीण कर रहे थे। आज ग्रामीणों ने अनूपगढ़ कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला कलेक्टर अवधेश मीना को ज्ञापन सौंप कर प्रिंसिपल विमला परिहार के द्वारा दर्ज करवाये गए मामले को रद्द करने और प्रिंसिपल को गांव के सरकारी स्कूल से हटाने की मांग की है। ग्राम पंचायत 1 एलएसएम के ग्रामीणों ने महिला प्रधानाचार्य को हटाने और ग्रामीणों पर झूठे मुकदमे को रद्द करने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानाचार्य ने 27 अक्टूबर को उनके खिलाफ महिला अत्याचार, उत्पीड़न, छेड़छाड़, एससी-एसटी कानून के तहत झूठा मुकदमा दर्ज करवाया हैं। ज्ञापन में ग्रामीणों ने लिखा कि 27 सितम्बर को प्रधानाचार्य के कथित अनुचित व्यवहार और अभद्र भाषा के विरोध में ग्रामीणों ने स्कूल के बाहर धरना प्रदर्शन किया था। धरने से नाराज होकर प्रधानाचार्य ने ग्रामीणों पर झूठे आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानाचार्य ने 2020 में भी स्कूल के एक अध्यापक शैलेंद्र मान के खिलाफ झूठा मामला दर्ज करवाया था।

# 'जनता की आवाज बनने वाला ही निकाय चुनावों में दावेदार होगा'

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बीकानेर शहर जिला कांग्रेस की त्रैमासिक संगठनात्मक बैठक आज जिला कांग्रेस कार्यालय में सम्पन्न हुई।

बैठक में बीकानेर शहर कांग्रेस प्रभारी, प्रदेश महासचिव अनूपगढ़ से विधायक शिमला नायक ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी से प्राप्त दिशा निर्देशों से अवगत करवाते हुए कहा कि संगठन

- **अनूपगढ़ से विधायक शिमला नायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वो आम जनता की आवाज बनें**



बीकानेर शहर जिला कांग्रेस की त्रैमासिक संगठनात्मक बैठक को अनूपगढ़ विधायक शिमला नायक ने संबोधित किया।

की भूमिका वर्तमान सरकार के समय में अति महत्वपूर्ण हो गई है। आज प्रदेश में पिछले एक साल में जितने अपराध बढ़े है, जितनी चोरियां बढ़ी है, महिलाएं सुरक्षित नहीं है। बालिकाएं सुरक्षित नहीं है। युवा, किसान व छात्र सभी परेशान है और राज्य की भाजपा सरकार दिल्ली के रिमोट से चल रही है।

राज्य की जनता भगवान के भरोसे हैं। ऐसे में कांग्रेस पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वो आम जनता के दैनिक जरूरतों के कार्य के लिए आगे आएं। जो सबसे ज्यादा सक्रिय होगा व आम जनता की आवाज बनेगा वही आगामी निकाय चुनावों में प्रमुख दावेदार होगा। पार्टी के उम्मीदवार के रूप में और जो उम्मीदवार ना बने उनको संगठन में अहम भूमिका दी जायेगी। नायक ने कहा कि आप सभी एक माला के मोती बनकर कार्य करें। प्रदेश कांग्रेस कमेटी और मेरे प्रभारी रहते पार्टी के प्रति सच्ची सद्भावना से कार्य करने वालों को मौका मिलेगा। जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि अब समय ये नहीं है कि शुरूआत कौन करें। समय है कि आप खुद से अपने इलाकों की समस्या को लेकर आओ में आपके साथ उक्त कार्य के लिए चलूंगा। जिला कांग्रेस कमेटी अब हर वार्ड हर व्यक्ति के जायज कार्य के लिए पूरी तत्परता से कार्य करेगी। इसके साथ ही बीकानेर के हर क्षेत्र में पनप रही समस्याओं को लेकर हर हफ्ते एक विभाग का घेराव कर विभागाधिकारी से कार्य ना होने या जनता की परेशानी को लेकर जवाबदारी तय की जायेगी।

जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने कहा कि पूर्व और पश्चिम दोनों विधायक आम जनता की जरूरतों के लिए नहीं अपने स्वार्थ के लिए कार्य कर रहे हैं जो कि आम जनता के साथ धोखा है। लेकिन कांग्रेस जनहित के लिए हर माकूल संघर्ष के लिए तैयार है। प्रदेश महासचिव जिया उर रहमान आरिफ ने कहा कि संगठन पार्टी की मजबूती का आधार होता है और कार्यकर्ता को चाहिए कि वो अपने मोहल्ला, वार्ड और गली में हर जरूरत के कार्य को करवाए नहीं होने की स्थिति में जिला कांग्रेस से संपर्क करें लेकिन जनता को तकलीफ कम से कम हो। प्रदेश सचिव साजिद सुलेमानी ने कहा कि जिस तरह से राज्य की भाजपा सरकार ने पूर्ववर्ती सरकार द्वारा जारी की गई जनहित की सुविधाओं को बंद किया है। उसको लेकर जनता में भारी रोष है कांग्रेस को इन सबके लिए आमजनता के साथ संघर्ष को तैयार रहना चाहिए उपाध्यक्ष श्रीलाल व्यास ने आगामी दिनों में मतदाता सूची के होने वाले शिविरों में सक्रियता से अपने लोगों के नए नाम जुड़वाने की बात कही ब्लॉक अध्यक्ष सुमित कोचर और शहजाद भुट्टा ने कहा कि जल्द ही ब्लॉक स्तर पर हम वार्ड वार कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

## लापता युवक को भाई से मिलवाया

**नोखा,** (कासं)। बिछड़े हुए अपनों से मिलन के क्रम में एक और भाई से भाई का मिलन कराया।


आश्रम की अध्यक्ष किरण झंवर ने बताया कि लगभग 6 महीने पहले संगरिया में मानसिक रूप से अस्थिर और लावारिस हालत में घूम रहे अरविंद सलूंडिया गांव के आसपास मिले थे। गांव वालों ने पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने नोखा के अपना घर आश्रम को सूचित किया। आश्रम की टीम ने अरविंद को रेस्क्यू कर अपना घर आश्रम नोखा में भर्ती किया जहां उनकी चिकित्सा और देखभाल की गई। उपचार के बाद उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हुआ और वे आश्रम में छोटे-मोटे कार्यों में भी सहयोग देने लगे।

आश्रम में काउंसलिंग के दौरान गोपाल पंचारिया ने अरविंद प्रभुजी से उनके घर का पता पूछा, जिस पर उन्होंने बताया कि वे मैनपुरी, उत्तरप्रदेश के रहने वाले हैं और संगरिया में ईंट भट्टे पर काम करते थे। जानकारी मिलते ही गोपाल पंचारिया ने अपने संपर्कों से बात की और अपना घर आश्रम का पता दिया। कुछ ही समय बाद उनके भाई देवी सिंह का फोन आया। भाई ने बताया कि वे अगले दिन अपने भाई को लेने के लिए नोखा आयेंगे।

आज अरविंद प्रभुजी के भाई देवी सिंह ने बताया कि उन्होंने अरविंद को मैनपुरी, मधुपुरी और आस-पास के क्षेत्रों में बहुत ढूंढा, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। नोखा से फोन आने पर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। आश्रम की देखभाल और कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद अरविंद को मैनपुरी उत्तप्रदेश के लिए ट्रेन से रवाना किया गया। उनके भाई ने अपना घर आश्रम का आभार व्यक्त किया।

## सार-समाचार

### स्काउट स्टीकर फ्लैग का विमोचन




बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि और पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सागर ने स्काउट गाइड स्टीकर फ्लैग का विमोचन किया।

**बीकानेर,** (कासं)। भारत स्काउट गाइड के 75 वें स्थापना दिवस पर जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि एवं पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सागर ने गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय में स्काउट गाइड के स्टीकर फ्लैग का विमोचन किया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि भारत स्काउट गाइड के सदस्य सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहते हैं। संगठन का सक्रिय 75 वें वर्ष में प्रवेश होना इसके मूलभूत मजबूत आधार को दर्शाता है। इस दौरान जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को स्टीकर फ्लैग लगाया गया। इस अवसर पर सहायक राज्य संगठन (स्काउट) रामजस लिखाला, सीओ स्काउट जसवंतसिंह राजपुरोहित सहित स्काउट गाइड के अन्य अधिकारी तथा रोवर रेंजर उपस्थित थे। इसी श्रृंखला में स्काउट यूनिट लीडर मुकेश कुमार पांडे एवं स्काउट सहायक महेश कुमार के नेतृत्व में रोवर रेंजर ने कलेक्टर परिसर की विभिन्न शाखाओं के कर्मचारियों को स्काउट गाइड स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। साथ ही स्टीकर प्रदान कर प्रति व्यक्ति से 10 रूपये की आर्थिक सहयोग राशि प्राप्त की गई। इसके अलावा शिक्षा निदेशालय के सयुंक्त निदेशक (कार्मिक) रमेश कुमार हर्ष, उपनिदेशक (खेलकूद) अरविंद व्यास, उपनिदेशक सोनिया शर्मा आदि को स्टीकर फ्लैग लगाए गए। सहायक राज्य संगठन आयुक्त रामजस लिखाला ने बताया कि भारत स्काउट गाइड द्वारा 7 से 14 नवम्बर तक आमजन को स्टीकर फ्लैग बिक्री कर सहयोग राशि प्राप्त की जायेगी। यह राशि भारत स्काउट गाइड के राष्ट्रीय आरक्षित कोष में जमा करवा कर विभिन्न सामाजिक सेवा कार्यों में उपयोग ली जायेगी।

### सारस्वत लाइब्रेरी का लोकार्पण



सारस्वत छात्रावास लाइब्रेरी के लोकार्पण समारोह को शिवबाडी के मंहत स्वामी विमर्शानंद महाराज ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। गंगाशहर मार्ग स्थित सारस्वत छात्रावास एवं अतिथि गृह प्रन्यास बीकानेर द्वारा सारस्वत समाज के भामाशाहों के सहयोग से निर्मित सरस लाइब्रेरी का लोकार्पण किया गया। सारस्वत छात्रावास एवं अतिथि गृह प्रन्यास बीकानेर के अध्यक्ष गोपीकिशन ओझा रामसर ने बताया कि समाज के भामाशाहों के सहयोग से सारस्वत छात्रावास एवं अतिथि गृह प्रन्यास द्वारा निर्मित की गई आधुनिक लाइब्रेरी का लोकार्पण शिवबाड़ी मठ के महंत संवित विमर्शानंद गिरी महाराज, मुख्य अतिथि चाननमल सारस्वत चूरू, विशिष्ट अतिथि भामाशाह कुंदनलाल गुरावा, श्री छः न्याति ब्राह्मण महासंघ अध्यक्ष पाराशर नारायण शर्मा, विप्र फाउंडेशन प्रदेशाध्यक्ष धनसुख तावनियां द्वारा किया गया। लायब्रेरी में चालीस विद्यार्थी एक पारी में बैठकर अध्ययन कर सकते हैं। प्रतिदिन पांच पारी में 200 विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा। प्रन्यास सचिव राममनोहर सारस्वत बामनवाली ने बताया कि लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए शिवबाड़ी महंत संवित विमर्शानंद गिरी महाराज ने कहा कि सरस्वती पुत्रों के छात्रावास में आधुनिक सरस लायब्रेरी का संचालन होना समय के साथ कदमताल है। तीव्र गति से परिवर्तनशील नये आधुनिक समय में नये यंत्रों और नई व्यवस्था का सदुपयोग करना भी आवश्यक हो गया है। लायब्रेरी का शुभारंभ हुआ है तो विद्यार्थी इसमें अध्ययन कर चाणक्य बनेंगे और आत्मलाभ लेंगे तभी इसकी सार्थकता है।

### 20 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले की टाउन थाना पुलिस ने डीएसटी की सूचना पर कार्रवाई करते हुए बाइक सवार दो युवकों को स्मैक (हेरोइन) की तस्करी करते गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में एक हार्डकोर व हिस्ट्रीशीटर है। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। टाउन पुलिस थाना प्रभारी रामचन्द्र कस्वां ने बताया कि एसआई रणवीर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान टीम ने जिला विशेष टीम हनुमानगढ़ की सूचना पर हनुमानगढ़ से रावतसर मेगा हाईवे सड़क पर रोही चक 14 केएसपी में शेरगढ़ तिराहा के पास बाइक पर जा रहे दो व्यक्तियों को रूकवाकर तलाशी ली तो इनके पास 20 ग्राम हेरोइन (स्मैक) मिली। हेरोइन बरामद कर बाइक सवार इरफान खां (32) पुत्र काले खां निवासी ढाणी चक 11 आरपी रोही लखूवाली और रहमत अली (38) पुत्र बाबू खान निवासी ढाणी चक 12 एचएमएच रोही कोहला को गिरफ्तार किया। बाइक जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एसआई रणवीर सिंह, कांस्टेबल रमेश कुमार, रामनारायण, बाला देवी, मनीष कुमार व सुभाष चन्द्र शामिल थे। इस कार्रवाई में डीएसटी हनुमानगढ़ की विशेष भूमिका रही। थाना प्रभारी कस्वां के अनुसार हेरोइन सहित गिरफ्तार इरफान खां टाउन पुलिस थाना का हार्डकोर व हिस्ट्रीशीटर अपराधी है।

# झोलाछाप बिना डिग्री के मरीजों का इलाज करते मिला

**हनुमानगढ़,**(कासं)। जिला कलेक्टर कानाराम के निर्देशन में आयोजित मानस अभियान के तहत जिले में अवैध रूप से आमजन से इलाज करने वाले झोलाछाप के विरूद्ध निरीक्षण अभियान के तहत आज सुरेशिया के खुंजा क्षेत्र में एक दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वहां एक व्यक्ति द्वारा बिना डिग्री के लोगों का उपचार किया जा रहा था।

जांच में उसके पास डॉक्टरी पेशे से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिले एवं वहां पर अनेक कमियां पाई गई। निरीक्षण के दौरान मिली कमियों के आधार पर वहां ताला लगा दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा के साथ इस कार्रवाई में एसीएमएचओ डॉ. सुनील विद्यार्थी, डीईओ जसविन्द्र बराड़, युनूस अली एवं दिनेश कुमार मौजूद थे।

- **जांच में उसके पास डॉक्टरी पेशे से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिले, दुकान पर ताला लगाया**

सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि विभाग को मिली एक सूचना के आधार पर हनुमानगढ़ जंक्शन के खुंजा क्षेत्र में एक दुकान का औचक निरीक्षण किया, तो पता लगा कि रतनसिंह नाम के व्यक्ति द्वारा नजदीकी क्षेत्र के लोगों की बीमारियों का उपचार किया जाता है। रतनसिंह से डॉक्टरी प्रैक्टिस के दस्तावेज मांगे गए तो उसने बताया कि उसके पास मेडिकल संबंधी कोई डिग्री-डिप्लोमा नहीं है। उस समय वहां पर नजदीकी क्षेत्र के 5-6 मरीज इलाज करवाने के लिए आये हुए थे। परिसर की जांच करने पर वहां से बीपी उपकरण, स्थेटोस्कोप एवं काफी मात्रा में निडल-सीरिंज मिले।

रतनसिंह ने बताया कि यह मेडिकल का सामान वह हनुमानगढ़ के तीन मेडिकल स्टोर से लेता है। निरीक्षण में मिली निडल एवं सीरिंज के इस्तेमाल के संबंध में रतनसिंह कोई जवाब नहीं दे पाया। रतनसिंह ने लिखित में दिया कि उसके द्वारा पूर्व में लोगों को दी गई निडल एवं सीरिंज से अगर कोई घटना घटित होती है, तो उसकी जिम्मेदारी होगी। डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि इन तीनों मेडिकल स्टोर के खिलाफ ड्रग विभाग को सूचना देकर कार्रवाई की जायेगी। कमियों को देखते हुए झोलाछाप रतनसिंह के संस्थान पर तुरंत ही ताला लगा दिया गया। रतनसिंह को बिना वैध दस्तावेज के डॉक्टरी प्रैक्टिस करने पर उसका स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## होम्योपैथिक सेवा केन्द्र का शुभारंभ

**नोखा,** (कासं)। तेरापंथ युवक परिषद नोखा की ओर से मानव सेवा उपक्रम निरंतर जारी है। इसी क्रम में आज आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक एंड डेंटल केयर के साथ होम्योपैथिक सेवा केन्द्र का शुभारंभ जैन संस्कार विधि से किया गया। इंद्रचंद बैद व गोपाल लूणावत ने जैन मंत्रोच्चार के साथ होम्योपैथिक सेवा केन्द्र की शुरूआत की।

तेयुप अध्यक्ष निर्मल चौपड़ा ने बताया कि इस सेवा केन्द्र में रोगी को सस्ती व सुलभ उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। जल्द ही अन्य सेवा के उपक्रम भी चलाए जायेंगे। मंत्री सुरेश बोथरा ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल भूरा, डॉ किशन बाहेती, डॉ बलदेव शेखावत, तेरापंथ सभा उपाध्यक्ष लाभचंद छाजेड़, डॉ चंद्रशेखर कुम्भट, संयोजक रुपचंद बैद, हंसराज भूरा, महिला मंडल मंत्री प्रीति मरोठी, जयश्री भूरा, कन्या मंडल संयोजिका मुस्कान रांका, अभिषेक भूरा आदि मौजूद थे।

# धान मंडी के पास झाड़ियों में मिला युवक का शव

**अनूपगढ़,** (कासं)। नई धान मंडी के पास रात करीब 8 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव झाडियों में मिला। नई धान मंडी के मजदूरों ने झाडियों में पड़ा शव देखा और इसकी सूचना तुरंत अनूपगढ़ पुलिस थाने को दी।

सूचना मिलने पर हैड कांस्टेबल पदम सिंह और महावीर मौके पर पहुंचे और शव को मजदूरों की मदद से अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टर ने शव का परीक्षण करने के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

नई धान मंडी के मजदूरों ने बताया कि शाम को झाडियों के पास कुत्तों के भौंकने की आवाज आ रही थी। जब उन्होंने झाड़ियों की तरफ जाकर देखा तो वहां एक युवक का शव पड़ा हुआ था। शव की तलाश करने पर उसकी जेब

- **जेब में मिले आधार कार्ड से मृतक की पहचान प्रवीण कुमार पुत्र मुंसीराम, निवासी चक 15 ए, तहसील अनूपगढ़ के रूप में हुई**

से कुछ पैसे और आधार कार्ड मिला।

आधार कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान प्रवीण कुमार पुत्र मुंसीराम, निवासी चक 15 ए, तहसील अनूपगढ़ के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया और मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है। फिलहाल युवक की मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पारा लुढ़कने से सुबह-शाम हल्की ठंड

**बीकानेर,** (कासं)। यहां तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी है। खासकर न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट से सर्दी का अहसास बढ़ गया है। सुबह नौ बजे तक हल्की ठंडी हवाओं से सर्दी की आहट हो रही है। दोपहर में तापमान में अभी खास कमी नहीं आई है। इस कारण दोपहर में पंखे अब भी चालू हैं।

बीकानेर में गुरूवार को अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि न्यूनतम तापमान घटकर 20.2 डिग्री सेल्सियस हो गया है। न्यूनतम तापमान पिछले दिनों में दो से तीन डिग्री सेल्सियस कम हो गया है। सूर्यास्त के बाद तापमान में गिरावट आ रही है। शाम सात बजे से सुबह नौ बजे तक

- **सुबह नौ बजे तक हल्की ठंडी हवाओं से सर्दी की आहट हो रही है**

सर्दी का अहसास रहता है। सुबह नौ बजे के बाद से पारा बढ़ना शुरू होता है जो दोपहर में परवान पर पहुंच जाता है। आने वाले दिनों में सर्द हवाओं का समय बढ़ने वाला है। नवम्बर के अंतिम सप्ताह तक तापमान में काफी गिरावट होने की उम्मीद की जा रही है। खासतौर पर अधिकतम तापमान में गिरावट हो सकती है। उम्मीद की जा रही है अधिकतम पारा भी 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास या इससे भी कम हो सकता है।

## साइक्लिंग प्रतियोगिता 9 को

**बीकानेर,** (कासं)। 21 वीं राजस्थान स्टेट माउण्टेन बाइक साइक्लिंग प्रतियोगिता 9 नवम्बर को बीकानेर में आयोजित होगी। राजस्थान साइक्लिंग एसोसिएशन के चेयरमैन रवि मेघवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में 16 जिलों के 150 साइक्लिस्ट भागीदारी निभायेंगे। सचिव ओ. पी. विश्वकर्मा व आयोजन सचिव मोहित बैद ने बताया कि लड़के व लड़कियों के लिये अंडर-14, अंडर-16, अंडर-18 व सीनियर वर्ग में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में खिलाड़ी नाल रेलवे ओवरब्रिज के नीचे अपना दमखम दिखायेंगे। प्रतियोगिता में भागीदारी निभाने वाले खिलाड़ी शुक्रवार को बीकानेर पहुंचेंगे। उनके रहने की व्यवस्था मोहता धर्मशाला में की गई है। विजेता खिलाड़ियों के लिये पुरस्कार रखे गये है।

# ट्रैक्टर चलाकर गेहूं की फसल को पलटकर किया खुर्द-बुर्द

**हनुमानगढ़,** (कासं)। खेत में बिजाई की गई गेहूं की फसल ट्रैक्टर व कराहा चलाकर पलटने के आरोप में टिब्बी पुलिस थाना में चार व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार सफात अली (43) पुत्र मोहम्मद निवासी वार्ड तीन, गांव गुडिया ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि उसके नाना अकबर शाह पुत्र मिर्जा निवासी गुडिया ने चक 1 एमकेएसबी स्थित अपनी पैतृक भूमि में से किला संख्या छह उसकी माता बशीरां बीबी पत्नी शाह मोहम्मद को बतौर दान दिया था। उक्त किला संख्या छह लगभग 50 वर्षों से उसके माता-पिता के कब्जा काश्त में चला आ रहा था। उसके माता-पिता की मौत के बाद

- **कोर्ट से भी स्थगन आदेश व पाबंद थे फिर भी फसल को पलटा**

चक संख्या 1 एमकेएसबी का किला संख्या छह उसके कब्जा काश्त में चला आ रहा है। उसने न्यायालय सहायक कलेक्टर टिब्बी में अली शेर पुत्र खुशी मोहम्मद, फलक शेर पुत्र खुशी मोहम्मद, फौजा पुत्र फलक शेर व नबी शेर पुत्र अली शेर निवासी गुडिया के खिलाफ स्थगन आदेश जारी करवाया हुआ है। न्यायालय की ओर से इन लोगों को मौका व रिकॉर्ड की यथास्थिति बनाए रखे जाने के लिए पाबंद किया हुआ है। चार नवम्बर को वह अपनी कब्जाकाश्त की भूमि चक 1 एमकेएसबी के किला संख्या छह में गेहूं की फसल बिजाई कर आया था। रात करीब 10-11 बजे अली शेर, फलक शेर, फौजा व नबी शेर ने उसकी कब्जाकाश्त भूमि में कब्जा करने के आशय से किला संख्या छह में अपने ट्रैक्टर मय कराहा से गेहूं की बिजाई की हुई फसल को पलट कर खुर्द-बुर्द कर नुकसान पहुंचाया। इन लोगों को गेहूं की फसल पलटते हुए खेत पड़ौसी सखी मोहम्मद पुत्र सदीक निवासी गुडिया ने देखा तो उसे कॉल कर सूचना दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच बशीर पुलिस चौकी प्रभारी सुखपाल सिंह को सौंपी है।

# कलेक्टर ने ग्रामीणों से खेती की स्थिति, सड़क कार्यों में गुणवत्ता पर की चर्चा

**हनुमानगढ़,**(कासं)। जिला कलेक्टर कानाराम ने राज्य सरकार के जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत पंचायत समिति रावतसर की ग्राम पंचायत चाईया में जनसुनवाई की।

उन्होंने आमजन के विभिन्न परिवेदनाओं को सुना और विभागीय अधिकारियों को त्वरित राहत प्रदान कराने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का प्रभावी समाधान हो सके।

जिला कलेक्टर ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त बिजली, पानी, सड़क, आवास, स्वच्छता, पानी लाइन लीकेज, अतिक्रमण, योजनाओं के तहत पात्रता व उससे संबंधित लाभ के प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करते हुए परिवादियों



हनुमानगढ़ कलेक्टर कानाराम ने रावतसर के चाईया में जनसुनवाई कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

को राहत प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के समस्त प्रकरणों को राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज किया जाए। समाधान के लिए आमजन के सुझाव लेकर नियमानुसार कार्य कर प्रकरणों का निस्तारण करें।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों से खेती की वर्तमान स्थिति, विकास कार्यों की प्रगति, सड़क कार्यों

- **रास्तों में लगे पुराने और क्षतिग्रस्त विद्युत पोल को हटाने के निर्देश दिए**

में गुणवत्ता सहित विभिन्न बिन्दुओं को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और सुचारू कराने में विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की भी बड़ी जिम्मेदारी हैं। रास्तों में लगे पुराने और क्षतिग्रस्त विद्युत पोल को हटाने, पुलिया और सड़कों की मरम्मत के निर्देश दिए। कानाराम ने रावतसर को नशा मुक्त बनाने के लिए ग्रामीणों को आगे आने के लिए कहा। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी संजय कुमार, विकास अधिकारी बलवंत बेरड़, तहसीलदार पायल अग्रवाल मौजूद थी।

# मंत्रोच्चारण व भक्ति गीतों के साथ चन्द्र प्रभु लक्ष्मी महापूजन

**बीकानेर,** (कासं)। जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज की निश्रा में गुरूवार को ढड्ढा चौक के प्रवचन पंडाल में बीकानेर में पहली बार बड़े स्तर पर सामूहिक चन्द्रप्रभु लक्ष्मी महापूजन किया।

पूजन में जैनाचार्य व विधिकारक बाबूलाल मनोज कुमार हरण व उनकी टीम ने नवकार सहित विभिन्न मंत्रों के साथ भक्ति गीतों से श्रावक-श्राविकाओं को करीब 4 घंटे तक भक्ति में रमाए रखा। चन्द्रप्रभु लक्ष्मी महापूजन में स्थान शुद्धि के बाद विभिन्न देवताओं को आमंत्रित किया गया। उसके बाद नवकार महामंत्र, भगवान पार्श्वनाथ, देवी पद्मावती, भगवान शांति नाथ सहित विभिन्न तीर्थंकरों के मंत्रोच्चारण से पूजन करवाया गया।

श्री सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट व श्री जिनेश्वर युवक परिषद की ओर से श्रावक-श्राविकाओं को चन्द्रप्रभु लक्ष्मी महापूजन यंत्र प्रदान



ढड्ढा चौक के प्रवचन पंडाल में सामूहिक मंत्रोच्चारण व भक्ति गीतों के साथ चन्द्र प्रभु लक्ष्मी महापूजन करते श्रद्धालु।

किया गया। यंत्र को वासक्षेप आदि से पूजन किया गया। गणेश बोथरा, श्री जिनेश्वर युवक परिषद के संरक्षक पवन पारख, महावीर नाहटा, संतोक मुसरफ आदि ने मुख्य मंडप में पूजन करवाया। पूजा स्थल पर रंगोली आदि से पूजा मंडप बनाया गया जिसमें नैवेद्य, फल, अक्षत आदि सामग्री चढ़ाई गई। जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज ने वंदामि छः रिपालित यात्री संघ के मंगलमय मुहूर्त की उद्घोषणा की।



सबसे शांत लोगों में से एक थे लेकिन जब मैं थ्रो करता था तो आपके शब्द मेरे कानों में सबसे ज्यादा गूंजते थे। मुझे आपके मजाक और हंसी की कमी खलेगी। लेकिन सबसे ज्यादा मैं एक टीम के रूप में हमें याद करूंगा। – नीरज चोपड़ा

भारत के ओलंपिक मेडलिस्ट, कोच के रिटायरमेंट पर भावुक हुए

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — रॉबिन उथप्पा



भारत के पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा रचिन रविंद्र को सीएसके एकैडमी में प्रैक्टिस करने की अनुमति देने के लिए आलोचना की है। भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले रचिन ने आईपीएल फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स अकादमी में अभ्यास किया था। रविंद्र ग्रेटर नोएडा में अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच से पहले सीएसके अकादमी गए थे और भारतीय परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने के लिए वहां ट्रेनिंग की थी। रचिन रविंद्र के लिए सीएसके अकादमी में प्रैक्टिस करने का फैसला काफी सही साबित हुआ।

**क्या आप जानते हैं ?...** ज्योफ बायकॉट ने दक्षिण अफ्रीका के विरूद्ध 47 रन देकर 3 विकेट लिए जो उनके टैस्ट कैरियर का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी विश्लेषण था।

राज्य स्तरीय अंडर 14 यूथ कप

## जयपुरिया एकेडमी व नारायणा एकेडमी जीती

जयपुर, 7 नवंबर। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अंडर – 14 यूथ कप प्रतियोगिता में आज खेले गए मैचों में



जयपुरिया एकेडमी ने जी आर एकेडमी 3 विकेट से हराया तथा दूसरे मैच में नारायणा एकेडमी ने एन बी एकेडमी को 8 विकेट से हराया। जी आर ग्राउंड पर जी आर एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आयुष सारस्वत के 27 रन, ऋषि चौहान के 32 रन व मोहम्मद इनाम के 32 रनों से 43.1 ओवर में 153 रन बनाए। जयपुरिया एकेडमी के लिए साहिल चौधरी ने 17 पर, अर्शीत गुप्ता ने 17 पर 2, आदिश जैन, रचित गुप्ता व राघव ने एक एक विकेट लिया। जवाबी पारी में जयपुरिया एकेडमी की टीम ने रायन के 64 रन, अलान्स के 25 रन व विशेष झालानी के 15 रनों से 38.4 ओवर में 7 विकेट पर 154 रन बनाकर मैच जीत लिया। जी आर एकेडमी के लिए भीष्म चेलानी ने 15 पर 3, अगम ने 20 पर 2 विकेट लिए। दूसरे मैच में नारायणा ग्राउंड पर खेले गए मैच में एन बी एकेडमी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विहान जैन के 23 रन, मोनिका धवन के 38 रनों से 37.3 ओवर में 122 रन बनाए। नारायणा एकेडमी के लिए आदित्य यादव ने 18 पर 4, जयदीप यादव ने 18 पर 2 विकेट लिए। जवाबी पारी में नारायणा एकेडमी ने सचिन के 36 रन, आदित्य शर्मा के 34 रन, नलिन दुलार के 40 रन नाबाद से 17.3 ओवर में 2 विकेट पर 123 रन बना कर मैच जीत किया । एन बी एकेडमी के रौनक सिंह ने 22 पर 2 विकेट लिए।

## जिला क्रिकेट संघ दौसा, क्रिकेट अंडर -14 की ट्रायल 9 नवम्बर को

जयपुर, 7 नवंबर। राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर –14 राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला क्रिकेट संघ दौसा की टीम का चयन 9 नवंबर शनिवार को सुबह 9 बजे से राजेश पायलट स्टेडियम दौसा पर आयोजित की जाएगी। ज़िला क्रिकेट संघ के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने बताया कि चयन ट्रायल में वो ही खिलाड़ी शामिल हो सकते है जो कम से कम गत तीन वर्ष से ज़िले में स्थायी निवास कर रहे हो एवं ट्रायल में शामिल होने के लिए खिलाड़ियों को निम्न डॉक्यूमेंट्स साथ लाना अनिवार्य है। कंप्यूटर जेनरेटेड जन्म प्रमाण पत्र, अंतिम 3 वर्ष की मार्क शीट, खिलाड़ी का और माता पिता का आधार कार्ड, माता पिता का वोटर आईडी/ ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट ( इनमें से कोई एक) सभी डॉक्यूमेंट्स ओरिजिनल लाने अनिवार्य है। इस प्रतियोगिता में वही खिलाड़ी हिस्सा ले सकते है जिनका जन्म 1.9.2010 से 31.8.2012 के बीच हुआ है । डीसीए के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने बताया कि टीम में खिलाड़ियों के निष्पक्ष चयन के लिए ट्रायल में संभावित खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा उसके बाद संभावित खिलाड़ियों का आपस में दो टीम बनाकर मैच करायेंगे उस मैच की परफ़ॉर्मेंस के आधार पर टीम का चयन किया जायेगा ।

## 17 साल बाद डरबन के किंग्समीड मैदान पर उतरेगा भारत

नई दिल्ली, 07 नवंबर। दक्षिण अफ्रीका दौरे पर शुक्रवार से शुरु हो रही चार टी–20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम जीत के लक्ष्य के साथ 17 साल बाद डरबन के किंग्समीड मैदान पर उतरेगी। किंग्समीड मैदान पर वर्ष 2007 में भारत ने एकमात्र टी–20 मैच खेला है। 17 साल पहले खेले गए इस मैच में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 37 रनों से शिकस्त दी थी। इस मुकाबले में रोहित शर्मा ने अर्धशतक लगाया था और आरपी सिंह ने घातक गेंदबाजी करते हुए चार ओवरों में महज 13 रन देकर चार विकेट झटके थे। सीरीज का पहला मैच डरबन के किंग्समीड मैदान पर होगा। इस मैदान की पिच का मिजाज समझना बड़ा ही मुश्किल रहा है। इस मैदान पर 18 टी–20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले हो चुके है। ऐसा देखा गया है कि यह एक हाई–स्कोरिंग मैदान रहा है, इस मैदान में पहली पारी में औसत स्कोर 153 रन और दूसरी पारी में औसत स्कोर 135 रन पर आ जाता है।

## किरण जॉर्ज कोरिया मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में

इक्सान (दक्षिण कोरिया), 07 नवंबर। भारतीय शटलर किरण जॉर्ज ने गुरुवार को पुरुष एकल मुकाबले में चीनी ताईपे के ची यू जेन को हराकर कोरिया मास्टर्स टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली हैं। आज यहां खेले गये 16 राउंड मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में 41वें स्थान पर मौजूद किरण ने एक घंटा और 15 मिनट तक चले बेहद ही रोमांचक मैच में चीनी ताइपे के 31वीं रैंक वाले ची यू जेन को 21–17, 19–21, 21–17 से हराया।

## दबंग दिल्ली ने बंगाल वारियर्स को 33-30 से हराया

हैदराबाद, 07 नवंबर। आशू मलिक (10), विनय (8) और आशीष (6) के बेहतरीन खेल की बदौलत दबंग दिल्ली केसी ने गाचीबोवली के जीएमसीबी इंडोर स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 39वें मैच में बंगाल वारियर्स को 33–30 से हरा दिया। चार मैचों के बाद दिल्ली को जीत मिली जबकि बंगाल को चार मैचों के बार हार मिली।

// पीसीबी ने बीसीसीआई से की डिमांड //

# लिखित में जवाब मांगा है कि टीम इंडिया पाकिस्तान जाएगी या नहीं।

नई दिल्ली, 07 नवम्बर। पाकिस्तान में अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होने वाला है। आईसीसी आमतौर पर तीन महीने शेड्यूल का ऐलान कर देता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 10 से 12 नवंबर के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का शेड्यूल का भी ऐलान हो जाएगा। ऐलान से पहले पाकिस्तानी मीडिया ने बड़ा दावा किया है। वहां छपी रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड भारतीय क्रिकेट बोर्ड से लिखित में जवाब मांगा है कि टीम इंडिया पाकिस्तान जाएगी या नहीं।पीसीबी चाहता है कि भारत लिखित में हां या न में जवाब दे। पीसीबी के सीओओ सलमान नसीर दुबई में हैं और आईसीसी अधिकारियों से बात



कर रहे हैं। नसीर से पहले पीसीबी चैयरमैन ने शेड्यूल तय होने से पहले आईसीसी अधिकारियों से बात की थी।

पाकिस्तान को लंबे समय बाद किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी मिली है। हालांकि, भारत का इ टूर्नामेंट में हिस्सा लेना अभी तय नहीं है। भारतीय सरकार ने इससे पहले कभी टीम को पाकिस्तान भेजने के लिए कोई आधिकारिक पत्र नहीं दिया है और रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बार भी ऐसा नहीं करेंगे।

पीसीबी का कहना है कि बीसीसीआई भारतीय सरकार की अनुमति लेकर लिखित में जवाब दे। अगर ऐसा नहीं होता है तो आईसीसी जो शेड्यूल जारी करेगा उसमें भारत के मैच पाकिस्तान में ही होंगे। अगर भारत हिस्सा लेने से इनकार करता है तो आईसीसी ने बैकअप प्लान तैयार किया हुआ है। वह बजट को रिवाइज करेगा लेकिन इस बारे में और जानकारी नहीं दी गई है।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कुछ समय चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा कि, फिलहाल किसी तरह का स्टैंड नहीं लिया गया है। लेकिन जब आएगा तो तय कर लिया जाएगा। भारतीय टीम 2008 के बाद से पाकिस्तान नहीं गई है। भारतीय टीम एशिया कप के लिए भी पाकिस्तान नहीं गई थी। उसने अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे, पिछली बार एशिया कप का आयोजन हाइब्रिड मॉडल के तहत हुआ था।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में कौन होगा रोहित का रिप्लेसमेंट?



नई दिल्ली, 07 नवम्बर। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी 2025 के तहत पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। कप्तान रोहित शर्मा निजी कारणों से इस टेस्ट से बाहर रह सकते हैं। ऐसे में पर्थ में उनके स्थान पर कौन ओपनिंग करेगा? ये सबसे बड़ा सवाल है। क्या अभिमन्यु ईश्वरन का डेब्यू होगा या केएल राहुल ओपनिंग करेंगे। फिलहाल, ये विकल्प नजर आ रहे। शायद इसी कारण से केएल राहुल को बाकी स्क्वॉड से पहले ऑस्ट्रेलिया भेजा गया और वो ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट में ओपनिंग के लिए भी उतरे। लेकिन 4 रन ही उनका खेल खत्म हो गया।ऐसे में भारतीय टीम मैनेजमेंट के सामने फिर नई पहेली खड़ी हो गई। राहुल के साथ ही रिजर्व ओपनर ईश्वरन भी फ्लॉप रहे। वो तो खाता तक नहीं खोल पाए। मेलबर्न के ग्रीन टॉप विकेट पर वो मैच की तीसरी ही गेंद पर आउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहले अनऑफिशियल टेस्ट में भी अभिमन्यु नाकाम रहे थे। उन्होंने दोनों पारी मिलाकर 19 रन बनाए थे। ऐसे में भारतीय टीम मैनेजमेंट की सलामी का संकट सुलझाने के बजाए उलझता दिख रहा।

केएल राहुल ने इससे पहले भी विदेशी दौरों पर ओपनिंग की है। वो ऑस्ट्रेलिया में भी ओपनिंग कर चुके हैं और उन्होंने पारी की शुरुआत करते हुए शतक भी ठोका है। ऐसे में सिर्फ उनका पिछला रिकॉर्ड ऐसा है, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में प्लेइंग–11 में उन्हें जगह दिला सकता है। राहुल ने ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट खेले हैं इसमें उन्होंने 187 रन बनाए हैं। उन्होंने 2015 में सिडनी में 110 रन की पारी खेली थी। इस एक शतक के अलावा राहुल ऑस्ट्रेलिया में कुछ खास नहीं कर पाए हैं। उन्होंने 7 पारियों में 61 रन बनाए हैं। इसमें 44 टॉप स्कोर है।

## जुरेल चमके पर नहीं चले राहुल, उछाल लेती पिच पर भारत ए रहा नाकाम



नई दिल्ली, 07 नवम्बर। विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने अपनी शानदार तकनीक और संयम के साथ खेलने के कौशल का अच्छा नमूना पेश किया लेकिन भारत ए के अन्य बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे चार दिवसीय क्रिकेट मैच के पहले दिन गुरुवार को यहां उछाल लेती पिच पर संघर्ष करते नजर आए। भारत ए की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 57.1 ओवर में 161 रन पर आउट हो गई। इनमें लगभग आधे रन तीसरे ओवर में बल्लेबाजी करने आए जुरेल (186 गेंदों पर 80 रन) ने बनाए। उनके अलावा 20 रन का आंकड़ा पार करने वाले अन्य बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल (26) थे। जुरेल की तरह इस मैच में खेलने के लिए विशेष रूप से यहां पहुंचे केएल राहुल फिर से असफल रहे और केवल चार रन बनाकर स्कॉट बोलैंड की गेंद पर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया के बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से एक माइकल नेसर ने 27 रन देकर चार विकेट लिए। उन्होंने पहले ओवर में ही भारत को करारा झटका दिया जिससे भारतीय टीम आखिर तक नहीं उबर पाई। स्टंप्स के समय ऑस्ट्रेलिया ए ने जवाब में दो विकेट पर 53 रन बना लिए थे। भारतीय गेंदबाजों में मुकेश कुमार फिर से सर्वश्रेष्ठ नजर आए। पहले दिन का आकर्षण जुरेल की पारी रही। उन्होंने उछाल लेती पिच पर न सिर्फ धैर्य से बल्लेबाजी की बल्कि लेंथ का भी सही आकलन किया।बोलैंड पर लगाया गया उनका छक्का दर्शनीय था। भारतीय टीम में ऋषभ पंत पहली पसंद के विकेटकीपर बल्लेबाज हैं, लेकिन जुरेल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में अपना दावा ठोक दिया है। उन्हें सरफराज खान की जगह अंतिम एकादश में लिया जा सकता है। राहुल भले ही नहीं चल पाए लेकिन अगर रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाते हैं तो टीम प्रबंधन सलामी बल्लेबाज के रूप में उन पर भरोसा दिखा सकता है क्योंकि इस स्थान के एक अन्य दावेदार अभिमन्यु ईश्वरन यहां की परिस्थितियों में फिर से असफल रहे और खाता खोले बिना पवेलियन लौटे।

## वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को 8 विकेट से हराया और सीरीज भी जीती



बारबडोस, 07 नवंबर। गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद ब्रैंडन किंग (102) और केसी कार्टी (नाबाद 128) रनों की शानदार शतकीय पारियों के दम पर वेस्टइंडीज ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को 42गेंदें शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की सीरीज 2–1 से अपने नाम कर ली। ब्रैंडन किंग को उनकी 102 रनों की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। वहीं मैथ्यू फोर्ड मैन ऑफ द सीरीज रहे।

इंग्लैंड के 263 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की ब्रैंडन किंग और एविन लुइस की सलामी जोड़ी ने संभल कर खेलते हुए पहले विकेट के लिये 42 रन जोड़े। सातवें ओवर में जेमी ओवर्टन ने एविन लुइस (19) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये केसी कार्टी ने ब्रैंडन किंग के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिये 209 रन जोड़े और अपनी टीम को जीत की ओर अग्रसर कर दिया। 41वें ओवर में रीस टॉप्ली ने ब्रैंडन किंग (102) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा लेकिन तब तक ब्रैंडन अपना काम कर चुके थे। उन्होंने 117 गेंदों का सामना करते हुए 102 रनों की पारी में 13 चौके और एक छक्का लगाया। केसी कार्टी ने 114 गेंदों में 15 चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 128) रनों की पारी खेली। कप्तान शे होप पांच रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज ने 43 ओवर में दो विकेट पर 267 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया।

## जयपुर की युवा गोल्फर ओजस्विनी सारस्वत ने पुणे में जीता राष्ट्रीय खिताब

जयपुर, 7 नवंबर।जयपुर की युवा गोल्फ खिलाड़ी ओजस्विनी सारस्वत ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए पुणे के ऑक्सफोर्ड गोल्फ रिसॉर्ट्स में आयोजित अपने चौथे राष्ट्रीय टूर्नामेंट आईजीयू महाराष्ट्र महिला एवं जूनियर गर्ल्स गोल्फ चैम्पियनशिप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की है। ओजस्विनी ने 73, 69 और 75 के राउंड के साथ दो स्ट्रोक से राष्ट्रीय खिताब जीत लिया, यह इस वर्ष में उनकी तीसरी जीत है।

टूर्नामेंट के पहले दिन दो स्ट्रोक से पीछे रहने के बावजूद, ओजस्विनी ने असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए एक स्ट्रोक की बढ़त बनाई। अंतिम दिन, उन्होंने विवादास्पद दो–स्ट्रोक पेनल्टी का सामना करने के बावजूद खिताब अपने नाम कर लिया।

ओजस्विनी ने अपनी इस जीत के लिए अपने कोच, श्री लॉरेंस ब्रदरिज और अपने परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। पिछले महीने, उन्होंने डेंगू से ठीक होने के बाद अपने तीसरे राष्ट्रीय इवेंट में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। गौरतलब है कि इस वर्ष खेले गए चार राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में से उन्होंने तीन खिताब जीते हैं। उल्लेखनीय



है कि वे जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में अपने कौशल को निखारने के लिए कड़ी मेहनत से प्रशिक्षण लेती हैं और नियमित अभ्यास करती हैं।

// राजस्थान - हैदराबाद रणजी मैच //

## राजस्थान के अजय सिंह कुकना, महिपाल चमके

जयपुर, 07 नवम्बर। बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट सत्र 2024 –25 की राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी के जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम पर राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में खेले जा रहे राजस्थान – हैदराबाद रणजी मैच के दूसरे दिन राजस्थान के गेंदबाज अजय सिंह कुकना की शानदार गेंदबाजी व बल्लेबाज महिपाल की नाबाद अर्धशतकीय पारी।

राजस्थान – हैदराबाद रणजी मैच ( दूसरे दिन का स्कोर ) : हैदराबाद पहली पारी 410 आल आउट, पहले बल्लेबाजी राहुल रदेश 100 की शतकीय पारी व राहुल सिंह ने 66 रनो की पारी खेली। राजस्थान के लिए अजय सिंह कुकना ने लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए हैदराबाद के खिलाफ जबरदस्त गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट प्राप्त किये। टीम के गेंदबाज़ अजय सिंह कुकना 139 / 5 , दीपक चाहर 60 / 2 , दीपक हुड्डा



28 / 1 , अराफात खान 43 / 1 व अनिकेत चौधरी 68 / 1 विकेट प्राप्त किये।

**राजस्थान – झारखण्ड कूच बिहार ट्रॉफी मैच, राजस्थान को पहली पारी में बढ़त :** धनबाद में राजस्थान – झारखण्ड टीमों के मध्य खेले जा रहे अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन राजस्थान ने झारखण्ड के विरुद पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। राजस्थान पहली पारी 172 आल आउट, झारखण्ड पहली पारी 162 आल आउट, राजस्थान के गेंदबाजों ने नियमित अंतराल में झारखण्ड के विकेट प्राप्त करे हुए टीम को पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई। टीम के लिए धुर्व 34 /2, नर्मल बिश्नोई 39 /2 , सचिन शर्मा , नावेद , यश व जतिन प्रत्येक ने 1 – 1 विकेट प्राप्त किये। राजस्थान दूसरी पारी 61 / 0, दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक राजस्थान ने सचिन शर्मा व पार्थ यादव की नाबाद अर्धशतकीय रनो के साझेदारी की सहायता से बिना किसी नुकसान के 61 रन बना लिए थे। टीम के लिए सचिन शर्मा नाबाद 27 व पार्थ यादव 29 रन।

**राजस्थान की हैप्पी कुमारी का बीसीसीआई के सेंट्रल ऑफ एक्सीलेंस , बेंगलोर अंडर 19 शिविर में चयन :** बीसीसीआई के आल इंडिया



वीमेन चयन कमेटी ने बीसीसीआई के राष्ट्रिय अंडर 19 वीमेन क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाली राजस्थान ( झुंझनू ) की प्रतिभावान अंडर 19 वीमेन खिलाडी हैप्पी कुमारी का चयन बीसीसीआई के , बेंगलोर में आयोजित होने वाले विशेष प्रशिक्षण शिविर के लिए किया है। हैप्पी कुमारी का चयन बीसीसीआई के , बेंगलोर में आगामी 14 – 23 नवम्बर 2024 के दौरान आयोजित होने वाले विशेष प्रशिक्षण शिविर में किया गया है।

सातवीं सीनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न

## जयपुर बना पुरुष वर्ग में विजेता, महिला वर्ग में प्राप्त किया तृतीय स्थान

जयपुर, 07 नवंबर। राजस्थान राज्य बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव शौकत अली मंसूरी के अनुसार जयपुर जिला बॉल बैडमिटन संघ द्वारा 05 से 07 नवम्बर तक आयोजित आयोजित तीन दिवसीय सातवीं सीनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन आज जयपुर के चौगान स्टेडियम में किया गया । प्रतियोगिता में 32 जिलों की महिला एवं पुरुष की लगभग 60 टीमों ने भाग लिया।

आज महिला वर्ग का फाइनल मैच बीकानेर एवं चूरू के बीच खेला गया । बीकानेर ने तीन सेटों के कड़े संघर्ष में चूरू को हराकर लगाकर तीसरे वर्ष ख़िताब पर कब्ज़ा किया । महिला वर्ग में तृतीय स्थान जयपुर की टीम ने प्राप्त किया !

वही पुरुष वर्ग का फाइनल मैच जयपुर एवं बीकानेर के बीच खेला गया । जयपुर ने बीकानेर को सीधे सेटों में हराकर पुनः



ख़िताब पर कब्ज़ा किया । प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाडी पुरुष वर्ग में जयपुर टीम के कप्तान ताहिर खान एवं महिला वर्ग में बीकानेर की राज नंदिनी रहीं । इमर्जिंग खिलाडी का पुरस्कार चूरू की विभा एवं बीकानेर के अजय रहें।

आयोजन सचिव लक्ष्मीकांत शर्मा के अनुसार प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथियों, संघ के अध्यक्ष डॉक्टर राजपाल शर्मा, चंद्र मनोहर बटवाड़ा, राघवेंद्र सिंह, विजयेंद्र सोनी ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## हॉकी इंडिया ने भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे होने पर जश्न की घोषणा की

नई दिल्ली, 07 नवंबर। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को भारतीय हॉकी की 100 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में साल भर चलने वाले एक भव्य जश्न की शुरुआत की घोषणा की।

आज के ही दिन सात नवंबर 1925 में ग्वालियर शहर में हॉकी के लिए एक राष्ट्रीय निकाय की आधिकारिक तौर पर स्थापना की गई थी। इस निर्णायक क्षण ने विजय और गौरव की एक यात्रा की जोत जलाई, जिसने भारत को खेल में एक शक्तिशाली देश के रूप में मजबूती से स्थापित किया। पिछले 99 वर्षों में भारतीय हॉकी आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक, एक रजत और चार कांस्य पदक और एक हॉकी विश्व कप ट्रॉफी जीती है।

52 साल के इंतजार के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम का लगातार दो ओलंपिक पदक जीतना और टोक्यो ओलंपिक में महिला हॉकी टीम का प्रभावशाली चौथा स्थान हासिल करना, साथ ही उनकी एफआईएच नेशंस कप जीत, इस पुनरुद्धार के प्रमाण हैं। हॉकी इंडिया लीग की वापसी, जो इस स्मारकीय वर्षगांठ के साथ मेल खाती है, हॉकी इंडिया की हमारे शानदार अतीत को संरक्षित करने और आगे के रोमांचक भविष्य को अपनाने की प्रतिबद्धता का एक जीवंत प्रमाण है। भारत ने कई प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की सफलतापूर्वक मेजबानी की है और देश भर में अत्याधुनिक कृत्रिम टर्फ के साथ विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का विकासित किया है। हॉकी इंडिया ने सदस्य इकाई पोर्टल और ऑनलाइन खिलाड़ी पंजीकरण प्रणाली जैसी डिजिटल पहलों के साथ नवाचार को अपनाया है। अधिकारियों ने हमारा कोचिंग शिक्षा मार्ग भी अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया है।

हॉकी इंडिया ने हमेशा खेलों में लैंगिक समानता का समर्थन किया है। वे टूर्नामेंट जीतने वाली पुरुष और महिला टीमों के लिए समान पुरस्कार राशि और सभी लिंगों के लिए मानकीकृत मैच जीतने वाली फीस का गर्व से समर्थन करते हैं। हॉकी देश का एकमात्र टीम खेल है जिसमें पूर्ण वेतन समानता है।

## अल्जारी जोसेफ कप्तान से भिड़े, गुस्से में छोड़ा मैदान

नई दिल्ली, 07 नवंबर। वेस्टइंडीज और इंग्लैंड तीसरे वनडे के दौरान कुछ ऐसा हुआ जिसकी शायद ही किसी को उम्मीद नहीं थी। दरअसल, वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ की कप्तान शे होप से बीच मैदान में तू तू मैं मैं हो गई। जोसेफ कप्तान से इतना गुस्सा हो गए थे कि वह बीच मैच में मैदान छोड़कर बाहर चले गए। ये नजारा देख कर हर कोई हैरान था।अल्जारी जोसेफ कप्तान शे होफ द्वारा सेट की गई फील्डिंग से नाखुश थे, जब उन्होंने कप्तान से इसे बदलने की बात कही तो उन्होंने इनकार कर दिया जिससे वह गुस्सा हो गए। ये घटना इंग्लैंड के पारी के चौथे ओवर की है। जोसेफ फील्डिंग पोजिशन से नाखुश थे, वह स्लिप के फील्डर को कुछ इशारा करते हुए नजर आए। कुछ देर तक ये ड्रामा चला, लेकिन शायद अल्जारी जोसेफ की बात नहीं सुनी गई। इसके बाद उन्होंने गुस्से में गेंदबाजी करना शुरू की। ओवर की चौथी गेंद उन्होंने बाउंसर डाली जिस पर इंग्लिश बल्लेबाज जॉर्डन कॉक्स आउट हो गए। जोसेफ का गुस्सा विकेट मिलने पर भी शांत नहीं हुआ। ना तो उन्होंने विकेट मिलने का जश्न मनाया और ना ही टीम के साथ इसकी खुशी मनाई।

// अंडर-15 एवं अंडर-17 नेशनल रैंकिंग बैडमिन्टन //

## अदविका और सुदीप की जोड़ी मुख्य ड्रॉ में

जयपुर, 07 नवम्बर। राजस्थान की अदविका शर्मा और सुदीप चाहर की जोड़ी ने गुलाबीनगर में चल रही अंडर–15 एवं अंडर–17 नेशनल रैंकिंग बैडमिन्टन प्रतियोगिता के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश कर लिया। अंडर–15 आयु वर्ग के मिश्रित युगल मुकाबले में भीलवाड़ा की अदविका शर्मा और सुदीप चाहर ने तीन गेमों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत हासिल की। क्वालिफाइंग राउण्ड के दूसरे दौर में अदविका और सुदीप की जोड़ी ने हरियाणा की जोड़ी आर्यन मक्कर और भावना चाहल को 15–13, 8–15, 16–14 से शिकस्त दी। राजस्थान के ही मनन शर्मा और लक्षिता भारद्वाज ने हरियाणा के पृथ्वीराव और रिषिका यादव को 15–8, 15–4 से, सहज साहरण और याषिका साहरण ने हरियाणा के युग दाहिया और आराध्या जाखड़ को 14–16, 15–10, 16–14 से हराकर मुख्य दौर में खेलने की योग्यता हासिल कर ली। एक अन्य मुकाबले में गुरतेज सिंह वसीर और काव्या स्वामी की दूसरी वरियता प्राप्त जोड़ी ने यश देमबरे और मानस्वी चौहान को 15–8, 15–12 से शिकस्त देकर मुख्य ड्रॉ में खेलने की योग्यता हासिल कर ली।



राजस्थान के हर्ष कन्डपाल ने अंडर–15 आयु वर्ग के एकल में उत्तर प्रदेश के आदित्य सिंह को 10–15, 15–4, 15–12 से, अंडर–17 आयु वर्ग की लड़कियों के वर्ग में शैरिल चौधरी ने हरियाणा की छवि यादव को 11–15, 15–9, 15–7 से, देशना जैन ने कर्नाटक की रूठी को 20–18, 15–12 से शिकस्त दी। अंडर–15 आयु वर्ग के लड़कों के वर्ग में वयम लाम्बा ने महाराष्ट्र के सोहम ताम्बे को 15–11, 15–10 से हराया। अंडर–17 लड़कियों के आयु वर्ग में नेहल सिसोदिया ने श्रुति को 15–5, 15–9 से, जोशिक प्रजापति ने कर्नाटक की योहाना को 15–10, 15–8 से परास्त किया। अंडर–15 आयु वर्ग के लड़कों के मुकाबले में हर्ष स्वामी ने दिल्ली के अयान चावला को 15–5, 15–3 से, मानस परवाल ने तेलंगाना के विनय को 15–7, 15–13 से तथा लड़कियों अंडर–17 आयु वर्ग में प्रियांशी सैनी ने आन्ध्र प्रदेश की गगना श्रीचौधरी को 16–14, 18–20, 18–16 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। अन्डर–15 आयु वर्ग के लड़को के तीसरे दौर में दिव्यांश तोमर ने केवल्या शुद को 15–11, 15–7 से, अंडर–17 लड़कियां के मुकाबले में अन्वी राठौड़ ने उत्तराखण्ड की रिदा को 15–7, 15–3 से, अंडर–15 लड़को के वर्ग में रूद्राक्ष मिढ्ढा ने तेलंगाना के कृषव को 15–12, 9–15, 15–12 से, अंडर–17 लड़कों के वर्ग में वेदान्त जोशी ने महाराष्ट्र के तनय जोशी ने 15–8, 9–15, 16–14 से, संयम कोठारी ने जयकृष्णा को 15–13, 15–7 से पराजित किया। अन्य मुकाबलों में रूद्राक्ष काषनिया ने चंडीगढ़ के वैभव गिरी को 15–10, 15–13 से, नेहिल सिंह मेहरा ने आन्ध्रप्रदेश के चण्डवीक को 15–17, 15–7, 15–13 से, यश सोनी ने हरियाणा के युग दाहिया को 15–13, 15–8 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

# मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र का चुनावी दौरा किया

## आतंकी समर्थकों के मंसूबे से महाराष्ट्र को बचाना जरूरी-भजनलाल शर्मा



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महाराष्ट्र के सोलापुर में चुनाव प्रचार के दौरान राजस्थानी समाज के सम्मेलन में भाग लिया और प्रवासी राजस्थानियों से भाजपा को जिताने की अपील की।*

- **मुख्यमंत्री ने सोलापुर में राजस्थानी समाज सम्मेलन में बड़ी संख्या में भाग ले रहे प्रवासी राजस्थानियों को संबोधित किया।**
- **उन्होंने कहा, प्रवासी राजस्थानी कर्मभूमि से जन्मभूमि तक जुड़े रहते हैं। राष्ट्र निर्माण में मारवाड़ियों का अहम योगदान है।**

सोलापुर, 7 नवंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के तहत सोलापुर उत्तर से भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार देशमुख के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने सोलापुर में राजस्थानी समाज सम्मेलन में बड़ी संख्या में आये प्रवासी राजस्थानियों से भाजपा प्रत्याशी को समर्थन व वोट देकर विधानसभा चुनाव में विजयी बनाने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद आये परिवर्तन को सभी ने देखा है। गरीब कल्याण की योजनाएं, सीमाओं की सुरक्षा, आतंकवाद और नक्सलवाद का खात्मा और दुनिया में बढ़ता हुआ भारत का गौरव इसका प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी राजस्थानी कर्मभूमि से जन्मभूमि तक जुड़े रहते हैं। देश व विदेश में अपनी कड़ी मेहनत से मारवाड़ियों ने विशेष स्थान बनाया है। मारवाड़ी देश की संस्कृति, विचार और निर्माण से जुड़ा हुआ है। राष्ट्र निर्माण में मारवाड़ियों का अहम् योगदान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जाति और पंथ के नाम पर वोट मांगा है। हमेशा विभाजन करने का काम किया है। ये लोग बालासाहब की विरासत का उपहास करने वाले हैं। महाविनाश ठगबंधन शिवाजी महाराज की इस पवित्र धरा के निवासियों का प्रतिनिधि बनने लायक नहीं है।

भजनलाल शर्मा ने कहा कि महाविनाश ठगबंधन के लोग राष्ट्र हित के सभी मुद्दों का विरोध करते हैं। इन्होंने धारा 370 एवं सी.ए.ए. का विरोध किया और बुलाने पर भी राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा सम्मेलन में नहीं आए। आतंकी समर्थकों के इन खतरनाक मंसूबों से महाराष्ट्र को बचाना जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में हमारी सरकार बने 10 महीने से ज्यादा का समय हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान में डबल इंजन की सरकार ने पानी की समस्या को दूर करने के लिए ई.आर.सी.पी. और यमुना जल समझौता किया है। बिजली के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व काम हुआ है। प्रदेश में कनेक्टविटी बेहतर बनाने के लिए 9 ग्रीनफील्ड हाइवे बनाने का काम हमारी सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि कृष्ण गमनपथ बनाया जा रहा है, खाटूश्याम मंदिर के लिए 100 करोड़ रुपये दिये गए हैं। सम्मेलन में वरिष्ठ नेता किशोर देशपाण्ड़े, बाबू भाई मेहता, श्रीनिवास दायमा, चन्द्रकांत तापड़िया सहित बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डैमोक्रेटिक पार्टी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मीडिया के प्रति अविश्वास को और बढ़ाना था और अधिकांश मतदाता पहले से ही मुख्यधारा के मीडिया को संदेह की नज़र से देखते हैं। इन संस्थानों को अपने प्रति पक्षपाती बता कर उन्होंने एक अपने समर्थकों मीडिया पर संदेह करने के लिए तथा खुद (ट्रम्प) को "सच बोलने वाले नेता" के रूप में देखने को प्रोत्साहित किया, अब भले ही वह सच तथ्यों पर खरा ना हो।

कुछ क्षेत्रों में तो डैमोक्रेटिक पार्टी का प्रचार करने वालों की आलोचना की गई कि वे अपराध, सीमा सुरक्षा व इम्मिग्रेशन पर कुछ नहीं बोल रहे हैं। ट्रम्प ने लगातार ये मुद्दे उठाए और अपराध पर कड़ी कार्यवाही करने की बात कही। आर्थिक समानता को बेहतर बनाने वाली नीतियों को प्रोत्साहन देने के बाद भी डैमोक्रेटिक पार्टी को यह समझाने में भारी मशक्कत करनी पड़ी कि इन नीतियों से मतदाता के जीवन स्तर में किस प्रकार सुधार आएगा।

ट्रम्प का आर्थिक नीति पर मैसेज रोजगार में वृद्धि और टैक्स में कटौती का था जिसका मतदाता पर तुरंत असर हुआ, भले ही इसके नतीजे जटिल क्यों ना हों।

## राजस्थान की ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जिला स्तरीय पर्यावरण प्राधिकरण से पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त खनन लाइसेंस धारकों को 7 नवंबर तक राज्य पर्यावरणीय प्राधिकरण से भी पर्यावरणीय मंजूरी के पुनः मूल्यांकन की आवश्यकता बताई गई है।

अपील में कहा कि राज्य सरकार को एम.ओ.ई.एफ. की ओर से दिए गए पुनः परीक्षण के विस्तार व निर्देशों की पालना के लिए 12 महीने के समय की जरूरत है। ऐसे में राज्य की खानों के तत्काल बंद होने से केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी, बल्कि लाखों लोगों की नौकरियां भी प्रभावित होंगी। खानें बंद होने से न प्रदेश में निर्माण गतिविधियां रुकेंगी और निर्माण सामग्री की कीमतों में भी बढ़ोतरी होगी। इसलिए एनजीटी के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगाई जाए।

# आर्टिकल 370 पर विधानसभा में विधायकों के बीच मारपीट

## शेख खुर्शीद द्वारा आर्टिकल 370 का बैनर दिखाने से भाजपा विधायक भड़के

- **भाजपा नेता रविन्द्र रैना ने कहा कि कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेन्स सरकार देशद्रोही एजेण्डे पर काम कर रही है। चोरी छिपे विवादास्पद प्रस्ताव पेश कर, बिना चर्चा पास कराना इस एजेण्डे का भाग है।**

श्रीनगर, 07 नवंबर। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सदन की कार्यवाही के दौरान गुरुवार को भी आर्टिकल 370 को लेकर जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान विधायकों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान पोस्टर भी फाड़े गए। भारी बवाल के बाद विधानसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित हो गई है।

बताया जा रहा है कि विधायक इंजीनियर राशिद के भाई खुर्शीद अहमद शेख ने सदन में आर्टिकल 370 का बैनर दिखाया, जिसमें इसकी बहाली की मांग की गई थी। बैनर दिखाए जाने का विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने विरोध किया। इस पोस्टर को देखकर बीजेपी के विधायक भड़क गए। उन्होंने उनके हाथ से बैनर छीन लिया। इसके बाद पक्ष और विपक्ष के विधायकों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। बीजेपी विधायकों ने शेख खुर्शीद के हाथ से बैनर लेकर फाड़ दिया।

बीजेपी नेता रविंद्र रैना ने कहा, कांग्रेस पार्टी और नेशनल कॉन्फ्रेंस मिलकर जम्मू कश्मीर में सरकार बनाई है, सरकार बनाते ही उन्होंने देशद्रोही एजेंडे पर काम करना शुरू किया है। दोनों पार्टियों ने जिस प्रकार विवादास्पद प्रस्ताव को चोरी-छिपे विधानसभा में पेश किया और तुरंत बिना किसी चर्चा के पास करके विधानसभा की कार्यवाही समाप्त कर दी। ये दिखाता है कि कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की सरकार जम्मू-कश्मीर के अंदर पाकिस्तान के एजेंडे को आगे बढ़ाने की साजिश कर रही है। भाजपा किसी सूरत में देशद्रोही एजेंडे को लागू नहीं होने देगी।"

## सुप्रीम कोर्ट ने जेट ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अरब अमीरात स्थित उद्यमी मुरारी लाल जालान के एक संघ को हस्तान्तरित करने की मंजूरी दी थी। इसके अलावा चीफ जस्टिस डी.वाय. चंद्रचूड़, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा ने नैशनल कम्पनी लॉ ट्रिब्यूनल को निर्देश दिया है कि लिक्विडेटर की नियुक्ति के लिए कदम उठाए जाएं।

सर्वोच्च न्यायालय ने उन अपीलों, जिनमें से एक अपील ऋणदाताओं की भी थी, पर अपना निर्णय सुना दिया, जो "नैशनल कम्पनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल" के उस आदेश के खिलाफ दायर की गई थी, जिसमें जे.के.सी. द्वारा जैट एयरवेज़ के अधिग्रहण का अनुमोदन कर दिया गया था।

इसके आलवा, मुख्य न्यायाधीश डी.वाय. चन्द्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा मनोज मिश्रा की बैंच ने नैशनल कम्पनी लॉ ट्रिब्यूनल (एन.सी.एल.टी.) मुम्बई को निर्देश दिये कि वह लिक्विडेटर की नियुक्ति की दिशा में कदम उठायें। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व में ऋणदाताओं ने दलील दी है कि कंसोर्शियम एयरलाइन के अधिग्रहण की शर्तें पूरा करने में असफल रहा है तथा वह अब यरलाइन को फिर से शुरू करने की स्थिति में नहीं है।

न्यायमूर्ति पादरीवाला ने कहा कि इस एयरलाइन को घेरने वाला यह मुकदमा "आँखे खोल देने वाला" है तथा इसमें भारत के "इन्सॉल्वेन्सी एंड बैंक्रप्सी कोड (आई.बी.सी.) के लिये बहुत से सबक निहित हैं।

शीर्ष अदालत को यह निर्णय लेना था कि वह जैट एयरवेज़ के अधिग्रहण का अनुमोदन करें तथा इसे भारत में किसी एयरलाइन के बैंक्रप्सी रिसॉल्यूशन की अब तक की पहली सफल पूर्णता मान ले या फिर एयरलाइन को लिक्विडेट करें, जैसी कि ऋणदाताओं ने प्रार्थना की है।

## सी.एम. का...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

प्रकरण में न्यायालय को आवश्यकता होने पर वे उपस्थित होते रहेंगे। आरोपी की ओर से अनुपस्थिति की परिस्थिति में हाजिरी माफी पेश की जा सकती है। वर्तमान में ऐसी कोई परिस्थिति नहीं है कि वे अदालत में हाजिर होने में असमर्थ हों। अदालत की ओर से तलब करने पर ही उन्हें उपस्थित होना है और जरूरत पड़ने पर उनके अधिवक्ता हाजिरी माफी पेश कर सकते हैं। ऐसे में उनकी ओर से पेश स्थाई हाजिरी माफी का प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। प्रार्थना पत्र में भजनलाल शर्मा की ओर से कहा गया कि मामले में वर्ष 2013 में पेश आरोप पत्र में उनके खिलाफ आई.पी.सी. की धारा 353 सपठित धारा 34 का ही आरोप है। मामला करीब 11 साल से लंबित है। प्रार्थी वर्तमान में प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर है और उसे अक्सर राजकार्य के चलते जयपुर से बाहर और विदेश भी जाना होता है। ऐसे में उसका प्रार्थना पत्र स्वीकार कर स्थाई हाजिरी माफी प्रदान की जाए, जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है।

## सलमान ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

दिया। एडवोकेट उद्यम मुखर्जी और स्वपिनल पटनायक ने याचिकाकर्ता की तरफ से तथा वरिष्ठ स्टैंडिंग काउंसल अनुराग ओझा ने एडवोकेट शुभम कुमार केन्द्र सरकार के स्टैंडिंग काउन्सल रवि प्रकाश और एडवोकेट ताहा यासीन एवं यशार्थ के साथ मिलकर सरकार का पक्ष रखा।

## 'फड़नवीस को सोच समझ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

चाहिए कि इसमें भारत के सबसे प्रतिष्ठित कानूनविदों में से एक के.के. वेणुगोपाल द्वारा लिखी गई प्रस्तावना है। के.के. वेणुगोपाल 2017-2022 के दौरान भारत के अटॉर्नी जनरल थे। इससे पहले नॉन बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री और स्वघोषित चाणक्य को भी यह लाल किताब दी गई थी।

उन्होंने कहा, जहां तक शहरी नक्सल का सवाल है केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने 9 फरवरी 2022 और 11 मार्च 2020 को संसद में बताया था कि भारत सरकार इस शब्द का इस्तेमाल नहीं करती है। गृह मंत्रालय के मुखिया कोई और नहीं अमित शाह हैं। फड़नवीस का सोच समझ कर बोलना चाहिए।

## पहली अमृत...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

इस ट्रेन में 18 से 22 कोच होंगे। ये सभी कोच गैर-वातानुकूलित तथा जनरल क्लास के होंगे। इस ट्रेन की अधिकतम गति 130 किमी. प्रति घंटा होगी तथा इसमें सी. सी. टी. वी. कैमरा तथा "टॉक बैक" जैसी उन्नत टैक्नॉलॉजी होंगी। "टॉक बैक" तकनीक के फलस्वरूप, यात्री लोको पायलट तथा ट्रेन मैनेजर से सीधे बात कर सकेंगे। प्रत्येक कोच में वैक्यूम बायो टॉयलेट तथा अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

## राहुल गाँधी के ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कहा कि भाजपा अपने गढ़ के पास नागपुर में राहुल के कार्यक्रम से घबरा गई है। घबराहट में फड़नवीस राहुल गांधी को बदनाम करने के लिए गलत आरोप लगा रहे हैं। हिंदू धर्म में लाल रंग को शुभ माना जाता है, पिर भी भाजपा को यह अपवित्र लगता है। जो लोग संविधान का विरोध करते हैं उन्हें यह निर्णय लेने का कोई अधिकार नहीं है कि, संविधान की प्रति लाल होनी चाहिए या पीली या काली। क्या भाजपा और फड़नवीस, संविधान की रक्षा की तुलना शहरी नकसलवाद में करते हैं।"






मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 35214/79, जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908